रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

संसेक्स 81,698.11 +611.90
डॉलर 83.866 +0.052
रांची सर्राफा
10 ग्राम 72,080 | 01 किलो 93,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



भाद्रपद कृष्ण पक्ष 08, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 27 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 205, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-08 राजनीति में नहीं जाना, ओलंपिक...


## वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो की बलिदानी भूमि संताल परगना की लाखों बहनों को

# खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

27 अगस्त, 2024 | पूर्वाह्न 11:30 बजे से
पंदन पहाड़ी मैदान, जामा, दुमका

संताल परगना (गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

- 48 लाख से अधिक निबंधन
- अब तक 43 लाख से अधिक बहनों का आवेदन स्वीकृत
- 31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)
- सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

## हर बहना को हर साल ₹12 हजार



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 333750 (Women, Child Development & Social Security) 2024-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

# ‘हिमंता बताएं, क्यों केंद्र ने सड़कों पर लगवायी थी कील’

## हिमंता को कहना चाहिए कि हम झामुमो और हेमंत का मुकाबला नहीं कर सकते : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेएमएम महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को प्रेसवार्ता में कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा बिना जानकारी के झारखंड में कानून सिखाने आ गये हैं। उन्हें बताना चाहिए कि किसान आंदोलन क्या पाकिस्तान में हो रहा था। ये वहीं हिमंता हैं जिनकी पार्टी ने किसान आंदोलनकारियों को रोकने के लिए सड़कों पर कीलें लगा दीं। कटीले तार और कंक्रीट के बैरियर लगा दिये। हिमंता बिस्वा सरमा तब कहां थे। उन्हें याद दिला दूं कि किसान आंदोलन के समय दिल्ली में 42 केस दर्ज किये गये। वहीं, हरियाणा में 138 केस दर्ज किये गये। कुल मिलाकर एक आंदोलन में 180 एफआईआर दर्ज किये गये। नामजद और लाखों अज्ञात के नाम पर केस दर्ज किये गये। दरअसल हिमंता को ये कहना चाहिये था कि हम डरे हुए हैं। हम जेएमएम का मुकाबला नहीं कर सकते। हम हेमंत सोरेन का मुकाबला नहीं कर सकते।

**इनकी बौखलाहट साफ दिख रही है :** जेएमएम नेता ने कहा, दरअसल ये इनकी बौखलाहट है। इनकी बौखलाहट रविवार को असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा के बयान में भी नजर आया। बीजेपी अब राजनीतिक तौर पर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। सुप्रियो ने कहा कि कल हिमंता एक प्रेस वार्ता में घंटों मिला कि नहीं मिला कि नहीं.. करते रहे। ये राजनीतिक लडाई है। साथ ही कहा कि आप उन्होंने पुलिस की ओर से दर्ज की गयी प्राथमिकी का जिक्र किया और आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में प्राथमिकी दर्ज कराने के पीछे जेएमएम का हाथ है। उनका कहना था कि जेएमएम प्राथमिकी दर्ज कराकर बीजेपी की आवाज को दबाना चाहती है। सुप्रीयो ने कहा कि बीजेपी की सरकारें विरोध करने पर बिना एफआईआर दर्ज कराये घरों को ढ़ाह देती है। और यहां ये लोग एफआईआर से डर गये।

### भाजपा डरी हुई है



सुप्रियो ने कहा कि इस साल चार राज्यों में चुनाव होने हैं। इसमें एक झारखंड भी है। पहले जम्मू-कश्मीर को विभाजित किया गया। लोकतंत्र को चोट पहुंचायी गयी। अब सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में आने पर वहां चुनाव कराये जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में चुनावों की तिथियों की घोषणा कर दी है। इन दोनों राज्यों में आचार संहिता भी लागू हो गयी है। इस बीच हरियाणा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने आयोग से हरियाणा में एक तारीख को होने वाले चुनाव की तिथि बदलने की मांग की है। कहा कि देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब केंद्र में काबिज सत्तारूढ़ दल का नेता ही चुनाव की तिथि बदलने की मांग कर रहा है। इसका कारण ये है कि बीजेपी डरी हुआ है। बीजेपी आज आतंकित है। बीजेपी लोगों के सामने आने से डर रही है। इसलिए चुनाव को स्थगित या टालना चाहती है। कहा कि इसका असर झारखंड में भी दिखाई पड़ा है। यहां 23 तारीख को इन्होंने एक रैली की। इस रैली में बीजेपी से संबंध रखने वाले तमाम उपद्रवी शामिल थे। इन्होंने राज्य के सुरक्षा कर्मी और पुलिस प्रशासन पर जानलेवा हमला किया। ऐसे लोगों को आंसू गैस के गोले छोड़कर नियंत्रित किया गया। ये लोग दस्ताने पहनकर आये थे और कटर अपने साथ लेकर आये थे। इन उपद्रवियों की ओर से पत्थर फेंके गये। पुलिस कर्मियों की हत्या करने की नीयत से पत्थर फेंके गये। कहा कि इसका वीडियो सभी के पास है।

## असम के सीएम की हलचल मात्र से ही झामुमो की नींद हराम : प्रदीप वर्मा

- *आंदोलन की उपज बताने वाली पार्टी और नेता आज लोकतांत्रिक आंदोलन का मजाक उड़ा रहे हैं*
- *बांग्लादेशी घुसपैठियों से बदलती डेमोग्राफी पर झामुमो चिंता नहीं करती*
- *अस्पताल में दवा और साधन के अभाव में मरते गरीब नही दिखते*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जबसे असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का झारखंड में सांगठनिक प्रवास तेज हुआ है, झामुमो की नींद हराम हो गयी है। उन्होंने कहा कि आंदोलन की उपज बताने वाली पार्टी और नेता आज लोकतांत्रिक आंदोलन का मजाक उड़ा रहे हैं। झामुमो निर्लज्जता की सीमा लांघ रहा। आज भी वे युवाओं को नौकरी देने, किसानों के ऋण माफ कर देने और महिलाओं को सम्मान देने की झूठी बातें प्रेसवार्ता में कर रहे। यदि यह सब ठगबंधन सरकार ने कर दिया होता तो लोग क्यों सड़कों पर उतरते। आज उनके वादे ही उनके लिए कांटे बन गए हैं। जब-जब बीजेपी उनके वादों की याद दिलाती है तो उन्हें दर्द होने लगता है। वे अपनी नाकामियों पर पर्दा डालना चाहते हैं। इसके लिए प्रशासनिक तंत्र का खुल्लम-खुल्ला दुरुपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि आज झामुमो को गरीबों के अनाज की लूट नहीं दिखती, अस्पताल में दवा और साधन के अभाव में मरते गरीब नही दिखते, बिना विद्यालय के शिक्षक नही दिखाई देते, बांग्लादेशी घुसपैठियों से बदलती डेमोग्राफी चिंतित नहीं करती, घुसपैठियों द्वारा आदिवासी बहन बेटियों से शादी कर जमीन हड़पना, आदिवासियों की जमीन लूटना नही दिखता।

झामुमो को सब भाईचारा दिखता है क्योंकि वोट बैंक और तुष्टिकरण उनके रग-रग में है। झामुमो जितनी ताकत बीजेपी पर लगा रही उतनी ताकत बांग्लादेशी घुसपैठियों से गाय बथान के आदिवासी की जमीन वापस करने में लगाती तो कुछ भला होता। आज गोपीनाथ पुर के लोग गांव छोड़कर भाग रहे। झामुमो सत्ता की रोटी सेंकने में लगा है। चुनाव आयोग की टीम के दौरे मात्र से झामुमो को दौरा चढ़ जाता है। लेकिन कुर्सी का अंत तो आना है। कुर्सी जनता ने दी है। अब जनता हटाने को तैयार है।

## राज्य में कल तक भारी बारिश का येलो अलर्ट

**रांची।** राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से में 28 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना है। इसके लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। केंद्र के अनुसार साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर राज्य में देखा जायेगा। मुख्य रूप से दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहेबगंज, धनबाद, बोकारो हजारीबाग, कोडरमा में भारी बारिश होगी। इसके अलावा 27 से 28 अगस्त के बीच रांची, रामगढ़, खूंटी, सरायकेला खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, गुमला, सिमडेगा में मध्यम से हल्के दर्जे की बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। वहीं, 26 अगस्त को दोपहर बाद मौसम में बदलाव की जानकारी दी गयी है। केंद्र के अनुसार इस दिन दोपहर बाद हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क और सावधान रहने के लिए कहा है। साथ ही कहा है कि यदि मौसम बिगड़ जाए, तो सुरक्षित जगहों पर चले जाएं। बिजली के खंभे से दूर रहें। बारिश से बचने के लिए किसी भी सूरत में पेड़ के नीचे न जाएं। यह खतरनाक हो सकता है।

## एक नजर

### भाजपा ने गीता के साथ नियुक्त किए चार नए प्रवक्ता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने चार नए प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है। चाईबासा की पूर्व सांसद गीता कोड़ा, रांची के प्रदीप सिन्हा, चाईबासा से अजय शाह, जमुआ से विजय चौरसिया को तत्काल प्रभाव से प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर महामंत्री व राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने संगठनात्मक नियुक्ति पत्र जारी किया है।

### पवन माईकल कुजूर बने झामुमो कोडरमा जिला सचिव

**रांची।** झामुमो की ओर से सोमवार को कार्यालय आदेश जारी कर पवन माईकल कुजूर को जिला उपाध्यक्ष पद से मुक्त करते हुए कोडरमा के जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। झामुमो महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय ने उम्मीद जताई है कि कुजूर संगठनात्मक कर्मठता का परिचय देते हुए पार्टी संगठन को सुदृढ़ बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

### 11वें दिन भी अवर वन सेवा संघ का धरना जारी

**रांची।** झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के बैनर तले वनकर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 11वें दिन सोमवार को भी जारी रही। डोरंडा के वन भवन प्रांगण में चल रही इस हड़ताल को लेकर संघ के महामंत्री मनोरंजन कुमार ने कहा कि 11 दिन बाद भी न तो विभाग और न ही सरकार द्वारा वनरक्षियों के हित में किसी प्रकार से पहल नहीं की जा रही है।

### 11 सदस्यीय मोमिन कॉन्फ्रेंस की कोर कमेटी गठित

**रांची।** ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस की 11 सदस्यीय कोर कमेटी सोमवार को गठित की गई। इससे जुड़ा आदेश राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने जारी किया है। मंजूर अहमद अंसारी के नेतृत्व में कोर कमेटी में प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इदरीस अंसारी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, आबिद अंसारी, शमशाद अंसारी, प्रधान महासचिव अब्दुल करीम अंसारी, प्रदेश महासचिव जैनुल अंसारी, गुलरेज अंसारी एवं यूथ मोमिन कॉन्फ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष शाहिद इकबाल को शामिल किया गया है।

## सत्ताधारियों और विपक्षी के लिए पुलिस का व्यवहार अलग : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रांची पुलिस की ट्वीट पर तीखी प्रतिक्रिया दी। कहा कि रांची पुलिस की प्रतिक्रिया पढ़ी। प्रतिक्रिया पढ़ कर हतप्रभ हूं। रांची पुलिस ने लिखा है कि मुख्यमंत्री का पद एक उच्च स्तरीय संवैधानिक पद है, जिसकी सुरक्षा के सभी पहलू संवेदनशील होते हैं और इसके संधारण हेतु सभी को दृढ़ होना पड़ता है। मरांडी ने कहा एसएसपी महोदय मोराबादी मैदान से सीएम आवास दो किलोमीटर की दूरी पर है। जगह-जगह बैरेकेडिंग पार कर भाजपा कार्यकर्ता सीएम हाउस ही तरफ नहीं बढ़े थे। सिर्फ मोरहाबादी मैदान के बगल में लगी कंटीली बैरेकेडिंग के पास सांकेतिक प्रदर्शन हुआ। लेकिन पुलिस ने जहरीली गैस आमजनों पर छोड़ी।

कहा आपकी जिम्मेदारी तब कहां थी जब सीएम का सुरक्षा घेरा तोड़ लोग सीएम हाउस के पहाड़ तक आ गए थे। सड़क जाम कर दी गई थी। तारीख याद ना हो तो 20 जनवरी का धारा 144 का आदेश और उसके उल्लंघन की तस्वीरें देख लीजिए। ये बस एक तारीख मैने बताई है। दो किलोमीटर की दूरी पर भाजपा के कार्यकर्ता आपको सीएम की सुरक्षा खतरे में डालने वाले लग रहे हैं। जबकि धारा 144 के बावजूद सीएम हाउस के गेट पर पहुंच कर सड़क जाम करने वाले पुलिस के कौन लगते हैं? ये रिश्ता क्या कहलाता है? स्पष्ट है कि पुलिस का व्यवहार सत्ताधारी दलों के कार्यकर्ता के लिये कुछ और एवं दूसरे लोगों के लिये कुछ और है।दूसरी बात आपने पूरी जिम्मेदारी से पुलिसिया कार्रवाई को उचित बताया है। फिर क्यों नहीं एक दो दिनों में नामजद 52 लोगों समेत उन 12000 लोगों पर चार्जशीट दायर कर देते हैं, जिन्हें आपने एफआइआर में अभियुक्त बनाया है?

## हेमंत व चंपाई सोरेन को भाजपा में शामिल होना चाहिए : हिमंता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होना चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, चंपई सोरेन भाजपा में शामिल होकर हमें मजबूती प्रदान करें, वह एक बड़े नेता हैं, इसलिए उनके बारे में टिप्पणी करना उचित नहीं है। इसके साथ-साथ मैं चाहता हूं कि हेमंत सोरेन भी भाजपा में शामिल हो जाएं। भाजपा का मतलब देशभक्ति है।

हमें झारखंड को बचाना है, झारखंड में बाहरी घुसपैठियों को रोकने के लिए हम हेमंत सोरेन से बात करने के लिए तैयार हैं। झारखंड के सामने सबसे बड़ी समस्या घुसपैठिए हैं। हमारी पार्टी का एकमात्र उद्देश्य है कि आप चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादों को पूरा करें और



*चंपाई भाजपा में शामिल होकर हमें मजबूती प्रदान करें, वह एक बड़े नेता हैं, इसलिए उनके बारे में टिप्पणी करना उचित नहीं है*

झारखंड को ऐसे घुसपैठियों से मुक्त करें। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी से किसी को नेता बनने का इरादा नहीं है। अगर हेमंत सोरेन कह दें कि झारखंड को घुसपैठियों से मुक्त करूंगा, तो हमें और कुछ नहीं चाहिए।

यह आदिवासी समाज की सबसे बड़ी समस्या है। अगर वे मुहर्रम के दौरान हिंदुओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार के खिलाफ खड़े होते हैं, तो हम उनके साथ हैं। जेएमएम को हमारा समर्थन करना चाहिए, हम भी जेएमएम का समर्थन करते हैं। हमें घुसपैठियों को झारखंड से बाहर निकालना होगा। वहीं, चंपई सोरेन को लेकर सवाल किए जाने पर उन्होंने कहा, उनके पास तीन विकल्प हैं।

वह अभी दिल्ली में हैं, उनके साथ बातचीत का रास्ता खुला है। देखते हैं भविष्य में क्या होता है। कर्नाटक में जाति जनगणना के आंकड़े जारी नहीं किए जाने पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, भाजपा ने बिहार में जाति जनगणना कराई। आपने (कांग्रेस) भी कर्नाटक में जाति जनगणना कराई, आपको इसका डाटा जारी करना चाहिए। जनता दल ने कहा है कि जाति जनगणना पर बैठक में कांग्रेस अनुपस्थित रही। भाजपा ने बिहार में जाति जनगणना का समर्थन किया, भाजपा के लिए जाति जनगणना का विरोध कोई मुद्दा नहीं है।

## राज्यपाल से मिला कोल्हान विवि के लिए चयनित शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में सोमवार को कोल्हान विश्वविद्यालय के लिए जेपीएससी परीक्षा द्वारा चयनित 17 इतिहास विषय के शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की। चयनित प्राध्यापकों में विनोद कुमार लोहरा, हेमा लकड़ा, मुक्तारानी ओडेया, मैरी नीला हांसदा, कविता कुमारी, अरविंद कुमार साहू, विकास नंदन, साकेत बिहारी, प्रदीप झा शामिल हैं। कोल्हान विश्वविद्यालय के लिए वर्ष 2018 में विज्ञापन द्वारा इतिहास विषय के 17 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हुई थी। 31 अक्टूबर, 2023 को जेपीएससी द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए उम्मीदवारों के नामों की अनुशंसा की। कोल्हान विश्वविद्यालय के सिंडिकेट द्वारा भी दो फरवरी को नियुक्ति की अनुशंसा की जा चुकी है लेकिन विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति के नहीं होने के कारण अनुमोदन की संचिका कुलाधिपति कार्यालय में लंबित है। राज्यपाल ने इस संबंध में चयनित सहायक प्राध्यापकों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने का भरोसा दिलाया।

### टाटानगर-हटिया और हटिया-खड़गपुर ट्रेनों का परिचालन 31 तक प्रभावित

**रांची।** राज्य से चलने वाली कुछ ट्रेनें 31 अगस्त तक प्रभावित रहेंगी। क्योंकि, दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। रांची रेल मंडल के मुताबिक, ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस 28, 30 और 31 अगस्त को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल, पुरुलिया, कोटशिला, मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल, गुंडा बिहार, मुरी होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 18035 और 18036 खड़गपुर, हटिया, खड़गपुर एक्सप्रेस 29 अगस्त को आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन और आंशिक प्रारम्भ होगा। इन ट्रेनों का आद्रा, हटिया, आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा।

## ‘चुनौतीपूर्ण है संगठन का काम, जो निभायेगा उसे जिम्मेदारी मिलेगी नहीं तो विकल्प खुले’

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने ‘संवाद आपके साथ’ कार्यक्रम के तहत रामगढ़ और हजारीबाग के कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ संवाद किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस में संगठन का काम चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में जिम्मेवारी उसे ही दी जायेगी जो उसे निभायेगा। नहीं, तो दूसरे विकल्पों पर भी विचार किया जायेगा। आने वाले विधानसभा में हमें जोश के साथ होश भी रखना है और नेतृत्व के निर्देशानुसार कांग्रेस के कार्यक्रमों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। सभी पंचायतो की समितियां और बूथ समितियां सक्षम और सबल होनी चाहिए। बूथ पर जो कमेटियां होती है वास्तविक चुनाव उन्ही पर टिकी होती है। मतदाताओं को संगठन और सरकार के कार्यों और नीतियों से अवगत कराना हो या उन्हें जागरूक कर बूथ तक लाकर अपने पक्ष में मतदान कराना। इसमें बूथ कमिटी की अहम भूमिका होती है। इस अवसर को हाथ से न जाने दें और अपने क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूत करने और सरकार के कामों को लोगों तक पहुंचाने का कार्य करें। विपक्ष आपके पीछे झूठे आरोपों का पुलिंदा लेकर खड़ा है। उसका भी मुंहतोड़ जवाब देना है। मजबूत इच्छा शक्ति मजबूत संगठन का निर्माण करती है, हमें पुनः सरकार बनाने के संकल्प के साथ अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करना होगा। कांग्रेस की सोच और विचारधारा ही जनता का विकास और उनके जीवन स्तर को समृद्ध बनाना है। इसके पूर्व सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस भवन में माथा टेककर कांग्रेस नेताओं के दल के साथ रवाना हुए और सर्वप्रथम छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा में पूजा अर्चना की, तत्पश्चात रामगढ़ के बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एवं शहीद निर्मल महतो चौक पर माल्यार्पण किया और रामगढ़ बैंक्विट हॉल एवं हजारीबाग में टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।



### स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा

इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ कहती नहीं करती भी है जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी को साबित करते हुए कांग्रेस में संगठन से इसकी शुरूआत की है और आने वाले चुनाव में सफलता पाना हमारा ध्येय होना चाहिए। स्वास्थ्य,कृषि, शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं जिससे जनता को फायदा मिला और जनता सरकार की योजनाओं से उत्साहित है।

## न्यूज बॉक्स

### गृहमंत्री अमित शाह से आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने की मुलाकात



**रांची।** नई दिल्ली में आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान राज्य के विकास, वर्तमान राजनीतिक हालात और आगामी विधानसभा चुनाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए सरकार इस राज्य की आवश्यकता है। हम एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सुनावाई आज

**रांची।** राज्यभर के विभिन्न मामलों को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा आज मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला, में सुबह नौ बजे से सुनवाई करेगी। 27 अगस्त को आयोग की ओर से रांची में जमीन समेत अन्य मामलों की व 28 अगस्त को झारखंड के विभिन्न जिलों से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की समीक्षा बैठक 29 व 30 अगस्त को रांची में होगी। बैठक में आयोग केअध्यक्ष, तीनों सदस्य व सचिव समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे। 29 अगस्त की सुबह 11 बजे आदिवासी सामाजिक संगठनों के साथ आयोग की बैठक होगी। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे से रांची जिला की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी,जिसमें उपायुक्त,बीडीओ व सीओ समेत जिले के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। 30 अगस्त को आयोग की ओर से झारखंड प्रदेश की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें मुख्य सचिव, डीजीपी, कल्याण विभाग के सचिव समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।



### यशवंत सिन्हा ने बनायी नयी पार्टी



**रांची।** भाजपा के बागी नेता और पूर्व केंद्रीय विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने नई पार्टी का गठन किया है। उन्होंने पार्टी का नाम अटल विचार मंच रखा है। उल्लेखनीय है कि इस बार लोकसभा चुनाव में पूर्व मंत्री यशवंत सिन्हा के पुत्र जयंत सिन्हा को बीजेपी ने टिकट नहीं दिया था। बीजेपी ने जयंत सिन्हा की जगह विधायक मनीष जायसवाल को हजारीबाग सीट से उम्मीदवार बनाया। पार्टी नेतृत्व के इस फैसले से जयंत सिन्हा के समर्थकों में नाराजगी थी। हालांकि भाजपा से नाराज होने के बाद यशवंत सिन्हा तृणमूल कांग्रेस में चले गए थे, लेकिन वहां भी उनकी पूछ नहीं हुई। पुत्र जयंत सिन्हा का टिकट कटने के बाद उनके पिता यशवंत सिन्हा के अगले कदम के बारे में तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे थे। अब सिन्हा ने नयी पार्टी बनाने का एलान कर दिया है। माना जा रहा है कि पार्टी विधानसभा चुनाव में किसी न किसी रूप में अपनी भागीदारी करेगी।

### एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान 3 बाइक जब्त



**रांची।** रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित डिस्टलरी पुल के समीप वरीय अधिकारियों के दिशा निर्देश पर सोमवार को एंटी क्राइम चेकिंग चलाया गया। एंटी क्राइम चेकिंग का नेतृत्व सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार कर रहे थे। चेकिंग के दौरान उन्होंने बताया कि 30 वाहनों की जांच की गई। इसमें तीन वाहनों को पेपर नहीं रहने की वजह से पकड़ा गया। चालक को वाहन का पेपर लेकर आने के लिए कहा गया है। तीन बाइक को जब्त कर थाना ले जाया गया है।

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 81,698.11 +611.90
डॉलर 83.866 +0.052
रांची सर्राफा
10 ग्राम 72,080
01 किलो 93,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 08, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 27 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 205, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-08 राजनीति में नहीं जाना, ओलंपिक...

## झारखंड में अलकायदा मॉड्यूल के संदिग्ध बबलू खान से ईडी की पूछताछ

**रांची।** अलकायदा के संदिग्ध आतंकी डॉक्टर इश्तियाक के करीबी बबलू खान से सोमवार को रांची के हिनू स्थित ईडी ऑफिस में अधिकारियों ने उससे पूछताछ शुरू कर दी है। अलकायदा इन इंडियन सब-कॉन्टिनेंट के मॉडयूल से जुड़े केस में संदिग्ध आतंकी डॉ इश्तियाक अहमद के तार जमीन घोटाले के आरोपितों से जुड़े हैं या नहीं, ईडी इसका पता लगा रही है। ईडी ने जमीन घोटाले में जेल में बंद अफसर खान के भाई और जेल में बंद ताल्हा खान के ससुर बबलू खान को समन किया था। बबलू खान के अस्पताल से इश्तियाक के जुड़े होने की बात सामने आई है। इनकी पारिवारिक रिश्तेदारी भी है। जमीन घोटाले से अर्जित राशि से आतंकी संगठन को फंडिंग हुई या नहीं, ईडी इसकी भी जांच-पड़ताल कर रही है। अफसर अली और ताल्हा जमीन घोटाले में चार्जशीटेड हैं। पिछले दिनों झारखंड एटीएस और दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने अलकायदा इन इंडियन सब-कॉन्टिनेंट के मॉडयूल से जुड़े केस में संदिग्ध डॉ इश्तियाक अहमद को गिरफ्तार किया था। जांच में उसके बबलू खान से करीबी संबंध की जानकारी के बाद उससे पूछताछ के लिए समन किया गया था। बबलू खान कांग्रेस नेता है और लेक-व्यू अस्पताल का संचालक है।

## सीबीआई की टीम ने धनबाद में डॉ. प्रणव को हिरासत में लिया

**धनबाद ।** सीबीआई की टीम ने धनबाद जिला में दबिश दी है। सीबीआई की टीम ने हाउसिंग कॉलोनी स्थित डॉ. प्रणय पुरवे के आवास पर छापा मारा और डॉक्टर को अपने साथ ले गए। इसके साथ ही जांच एंजेसी की टीम ने शहर के ही एक आउटसोर्सिंग संचालक के आवास और कार्यालय पर भी छापेमारी चल रही है। अब तक कुल मिलाकर शहर के चार लोगों के ठिकानों पर सीबीआई की टीम ने दबिश दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ये पूरा मामला उत्तर प्रदेश से जुड़ा हुआ है। यूपी के आईटी सेल के अधिकारी के ठिकाने पर सीबीआई की दबिश के बाद ही धनबाद में सीबीआई की टीम ने दबिश दी है। वहीं इस मामले में किसी प्रकार की जानकारी अब तक सामने नहीं आ पाई है, क्योंकि कई इलाकों में जांच एजेंसी के अधिकारी अभी कार्रवाई कर रहे हैं। वहीं स्थानीय प्रशासन भी इसको लेकर सीबीआई की कार्रवाई के पूरा होने का ही इंतजार कर रही है।

### आज कल






## राष्ट्रपति व पीएम ने दी जन्माष्टमी की बधाई

**नई दिल्ली।** सारे देश में आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम है। दुनियाभर में फैले भगवान कृष्ण के अनुयायी सुबह से उनके जन्मोत्सव की तैयारी में जुटे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर देशवासियों को इस पावन त्योहार की बधाई दी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने लिखा है, 'जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बधाई देती हूं। यह त्योहार हमें भगवान श्री कृष्ण के दिव्य आदर्शों के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित करता है। आइए इस अवसर पर, हम भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाओं को आत्मसात करें। पीएम ने लिखा है, 'आप सभी को जन्माष्टमी की अनंत शुभकामनाएं। जय श्रीकृष्ण!'

### मुख्यमंत्री हेमंत ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की दी बधाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को कहा कि सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करके कहा कि जन्माष्टमी का यह पावन पर्व सभी के जीवन में खुशियां लाए। सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें। यही कामना करता हूं।

# सावधान... राजधानी में चल रहे हैं फर्जी डीएवी नामधारी स्कूल

रजनीश

**रांची।** सावधान..सावधान... सावधान.... आखिर सूबे की राजधानी में रह रहे हैं तो कदम-कदम पर सावधानी जरूरी है। राजधानी में रहने की चुनौतियां कम नहीं है... सड़क पर उच्चकों से सावधान रहें, नगर निगम की व्यवस्था से सावधान रहें, शहर की गड्ढे भरी सड़कों से सावधान रहें, बिजली विभाग की मनमानी से सावधान रहें, अस्पतालों की लूट से सावधान रहें, स्कूलों के फीस-पुस्तक-ड्रेस और विभिन्न फंड के नाम पर वसूली से सावधान रहें..... और हां अब तो फर्जी नामधारी स्कूलों के गोरखधंधे से भी सावधान रहने की बारी है। आप स्कूल के नाम से लगे जिस डीएवी शब्द को देखते ही बच्चे की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार के प्रति आश्वस्त हो जाते हैं वास्तव में यह एक धोखा है। राजधानी में आज कई ऐसे स्कूल चल रहे हैं जिनके नाम के आगे या बीच में डीएवी शब्द प्रमुखता से लगा है। लेकिन आप यह जानकर आश्चर्य में पड़ जाएंगे कि यह राजधानी के शिक्षा जगत में एक व्यापक फर्जीवाडा है। वास्तव में राजधानी में डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के नॉर्मस और मान्यता से चलने वाले स्कूलों की संख्या मात्र सात है। इनके नाम हैं डीएवी गांधीनगर, डीएवी निरजा सहाय-कांके, डीएवी कपिलदेव-कडरु, डीएवी हेहल, डीएवी बरियातू, एसआर डीएवी पुंदाग और डीएवी आनंद स्वामी वेस्ट एंड पार्क है। रांची शहर में आर्य ज्ञान प्रचार समिति की ओर से तीन स्कूल चल रहे हैं, जिसमें डीएवी नंनदराज, डीएवी मॉडर्न और डीएवी बुंडू शामिल हैं। इसके अतिरिक्त राजधानी में डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी से मान्यता प्राप्त एक भी स्कूल नहीं है। उपरोक्त सात डीएवी के अतिरिक्त जितने भी डीएवी नामधारी स्कूल हैं वे फर्जी तौर पर इस शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं।

अपने नाम के साथ डीएवी लगाने वाले कुछ स्कूलों जैसे डीएवी स्वर्णरेखा, डीएवी शिक्षादिप, डीएवी आलोक से जब इस संबंध में पूछा गया तो इन्होंने सभी ने कुछ स्पस्ट नहीं बताया। ये स्कूल डीएवी का नाम तो इस्तेमाल करते हैं, लेकिन डीएवी का ड्रेस कोड, नॉर्मस और कल्चर का पालन नहीं करते। जो स्कूल डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी से नहीं चलते हैं, उन स्कूलों के नाम के साथ फर्जी तरीके से कुछ और नाम भी अलग से जोड़े दिए जाते हैं।

**राजधानी में डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी से मान्यता प्राप्त स्कूल मात्र सात** | **रांची में आर्य ज्ञान प्रचार समिति की ओर से भी तीन स्कूल चलाए जा रहे हैं**

### अभिभावकों में भ्रम की स्थिति

स्कूल के नाम के साथ डीएवी शब्द देखकर अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन स्कूलों में करवा देते हैं, क्योंकि डीएवी का ब्रांड वैल्यू काफी बड़ा है। इसका असर अभिभावकों के मनमस्तिष्क पर काफी गहरा है। वह इस भ्रम में रहते हैं कि बच्चा डीएवी में पढ़ने जा रहा है लेकिन बाद में उन्हें पता चलता है कि उक्त स्कूल डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी का है ही नहीं। एक दो स्कूलों को छोड़कर कोई भी स्कूल अपने बोर्ड में ये नहीं लिखता है कि वे किस संस्थान से संबद्ध है। केवल बोर्ड में सीबीएससी एफिलिएशन की बात लिखी होती है। एसे कई स्कूल है, जो सीबीएससी के नॉर्मस को पूरा भी नहीं करते। कुछ डीएवी नाम रखने वाले स्कूल 5 या 6 डीसमील भूमि पर ही संचालित हो रहे हैं।

### डीएवी से संबंध रखने वाले दो अधिकारियों ने कहा ये गलत है

डीएवी स्कूल के एक पूर्व अधिकारी ने कहा कि ये सभी स्कूल डीएवी के नाम से चला रहे हैं, जो गलत है। डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के ओर से कई बार इन्हें नोटीस भेजा गया है। वर्तमान में मान्यता प्राप्त एक डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि डीएवी के नाम से चलने वाले कई स्कूलों को नोटिस भेजा जा चुका है। इन स्कूलों पर कार्यवाही करने की बात भी चल रही है।

### सशक्त और स्पष्ट कानून बनाने की सख्त जरूरत

विधि विशेषज्ञों ने बताया कि इस तरह के मामले में कार्यवाही करने में कठिनाई होती है, क्योंकि यह मामला किस कानून का उल्लंघन करते हैं इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। महज मिलते-जुलते नाम के आधार पर कार्रवाई का कोई आधार नहीं बनता। हां इससे जन विश्वास को जो ठेस और धोखा पहुंच रहा है इस पर जरूर विचार किया जाना चाहिए। इस पर सशक्त और स्पष्ट कानून बनाए जाने की जरूरत है।




## पूर्व सीएम चंपाई और हिमंता दिल्ली में जमे

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सोमवार सुबह दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। वे जमशेदपुर से कोलकाता होते हुए दिल्ली निकले हैं। वहीं असम के मुख्यमंत्री सह भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा भी दिल्ली पहुंच गए हैं। चंपाई सोरेन की दिल्ली में भाजपा के बड़े नेताओं के साथ बातचीज होने की उममीद है। इसके बाद चंपाई आगे की रणनीति का निर्णय लेंगे। इस बीच उनके पुत्र बबलू सोरेन ने कहा कि मंगलवार तक पूरा मामला साफ हो जायेगा। इधर देर शाम उन्होंने बताया कि अभी उनकी किसी से बात नहीं हुई है लेकिल उन्होंने किसी से बात करने से इन्कार भी नहीं किया।

## चंपाई सीनियर लीडर हैं, अभी कुछ कहना सही नहीं : हिमंता

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री सह भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने चंपाई सोरेन को लेकर बड़े ही तार्किक अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन के सामने तीन रास्ते हैं। वो अभी दिल्ली में हैं। उनके साथ बातचीत का रास्ता खुला है। आगे जाकर क्या होता है, देखते हैं। हिमंत सोमवार को दिल्ली रवाना होने से पहले रांची एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में चम्पाई के साथ मुलाकात हो सकती है। वैसे उनसे बात होती रहती है। वे सीनियर लीडर हैं। उनके बारे में ज्यादा कुछ कहना सही नहीं है। वे अपने तीसरे विकल्प की ओर आगे बढ़ सकते हैं।हिमंत बिस्वा सरमा के इस बयान के राजनीतिक गलियारों में कई मायने भी निकाले जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि चम्पाई सोरेन की हाल के दिनों में यह दूसरी दिल्ली यात्रा है। वे गत रविवार को सड़क मार्ग से कोलकाता और वहां से दिल्ली पहुंचे थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से की बात

**नई दिल्ली।** पीएम ने सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से फोन पर बात की। दोनों नेताओं के बीच कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के हालात और यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा सबसे अहम रही। पीएम ने बातचीत को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "हमारे बीच यूक्रेन समेत कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर गहन बातचीत हुई। मैंने यूक्रेन में शांति और स्थिरता की शीघ्र वापसी के लिए भारत के पूर्ण समर्थन को दोहराया। हमने बांग्लादेश की स्थिति पर भी चर्चा की और सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

शेष पेज 9 पर

## मुख्यमंत्री आज दुमका में देंगे मंईयां सम्मान की राशि

नवीन मेल संवादाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को संताल परगना के लिए दुमका से अपनी सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत करेंगे। इसके साथ ही संताल प्रमंडल की महिलाओं को मंईयां सम्मान राशि एक हजार रुपए प्रति माह मिलने लगेगी।अब तक प्रमंडलवार पलामू, हजारीबाग से इसकी शुरूआत करते हुए पलामू और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की महिलाओं को पहली किश्त दी जा चुकी है। दुमका के बाद 28 अगस्त को कोल्हान प्रमंडल मुख्यालय चाईबासा और 30 अगस्त को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के मुख्यालय रांची में आयोजित कार्यक्रमों में सीएम सोरेन हिस्सा लेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 वर्ष से 50 वर्ष की 46 लाख से अधिक महिलाओं का निबंधन हो चुका है। 96% से अधिक आवेदन को प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके तहत हर महिला को प्रति माह एक हजार रुपए की राशि यानी सालाना 12 हजार रुपए सीधे उनके खाते में देने की योजना है।

## महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाला की जांच सीबीआई करेगी, अधिसूचना जारी

**रायपुर।** कांग्रेस शासन काल में हुए पंद्रह हजार करोड़ रुपये के महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाले की जांच सीबीआई करेगी। यह जानकारी सोमवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस मामले में अब तक ईडी ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है।प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि महादेव घोटाले से संबंधित 70 मामले राज्य के विभिन्न पुलिस थानों में और एक मामला आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा में दर्ज किया गया था। हमने इन सभी मामलों को सीबीआई को सौंपने का फैसला किया है और इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई है।

शेष पेज 9 पर

## बड़ी कामयाबी: 29 लाख के 7 इनामी सहित 25 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

एजेंसी



**बीजापुर /जगदलपुर।** नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नियद नेल्ला नार योजना एवं अंदरूनी इलाकों में लगातार खोले जा रहे कैंपों के बढ़ते दबाव के कारण गांगलूर इलाके में सक्रिय 29 लाख रुपये के 7 इनामी सहित 25 नक्सलियों ने सोमवार को आत्मसमर्पण कर दिया। बीजापुर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया की आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में पीएलजीए प्लाटून नंबर के 3 नक्सली हैं जिनके ऊपर 8-8 लाख के इनामी थे। प्लाटून नंबर 16 का एक नक्सली है जिस पर 3 लाख का इनाम है। साथ ही 2 एलओएस ( लोकल आगेर्नाइजेशन सिक्योर्ड) और सीएनम सदस्य (चेतना नाट्य मंच) पर एक- एक लाख का इनाम है। समर्पण करने वालों में पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी की दो महिला नक्सली भी शामिल हैं। इनमें शामबती मड़कम शामिल है जिसपर 8 लाख का इनाम घोषित था। इसके अलावा ज्योति पूनेम ने भी सरेंडर किया है, जिसपर आठ लाख का इनाम था। नक्सली महेश तेलम पर आठ लाख का इनाम था। आत्मसमर्पण करने वाले 25 नक्सलियों में शामबती मड़कम, ज्योति पूनेम, महेश तेलम, विष्णु करटम ऊर्फ मीनू, जयदेव पोडियाम, गुडडु ककेम, सुदरू पूनेम, सन्नू पोड़ियाम, बासू पोड़ियाम, मोटूराम तेलम, सोमारू तेलम, सोमलू पोटाम, राजू वंजाम, सुखराम तेलम, आयतु तेलम, संतोष तेलम, बिज्जू तेलम, राकेश फरसीक, बुदरू पूनेम, कोया पूनेम, सांतो पूनेम छोटू पूनेम, सुक्कू कुडियम, पाकलू पूनेम, मेश अवलम शामिल हैं।

## इंडिया: एससी-एसटी प्रताड़ना कानून का दुरुपयोग और ब्लैकमेल रोकने की बड़ी पहल







सुप्रीम कोर्ट ने बीते शुक्रवार को फैसला सुनाया कि अनुसूचित जाति (एससी) या अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय से संबंधित किसी व्यक्ति को उसकी जाति, जनजाति या अस्पृश्यता की अवधारणा का हवाला दिए बिना अपमानित करना या नीचा दिखाना एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के कड़े प्रावधानों के तहत अपराध नहीं माना जाता है।एससी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले सीपीएम विधायक पी वी श्रीनिजन को "माफिया डॉन" कहने के कारण स्कारिया पर एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। ट्रायल कोर्ट और केरल हाई कोर्ट दोनों ने पहले उन्हें गिरफ्तारी से पहले जमानत देने से इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा, "एससी/एसटी समुदाय के किसी सदस्य का जानबूझकर अपमान या धमकी देने से जाति-आधारित अपमान की भावना पैदा नहीं होती।" अदालत ने आगे कहा कि ऐसा कोई प्रथम दृष्टया सबूत नहीं है जिससे पता चले कि स्कारिया ने यूट्यूब पर वीडियो प्रकाशित करके एससी/एसटी समुदाय के खिलाफ दुश्मनी, नफरत या दुर्भावना को बढ़ावा देने का इरादा किया था। पीठ ने कहा, "वीडियो का अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्यों से कोई लेना-देना नहीं है। उनका निशाना सिर्फ शिकायतकर्ता (श्रीनिजन) था।" न्यायमूर्ति पारदीवाला द्वारा लिखे गए 70-पृष्ठ के फैसले में, न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि एससी/एसटी अधिनियम का उद्देश्य अस्पृश्यता जैसी प्रथाओं से उत्पन्न अपमान या धमकी को संबोधित करना या जातिगत श्रेष्ठता के ऐतिहासिक रूप से स्थापित विचारों को सुदृढ़ करना है।कोर्ट ने स्पष्ट किया कि, "केवल उन मामलों में जहां जानबूझकर अपमान या धमकी अस्पृश्यता की प्रचलित प्रथा के कारण या ऐतिहासिक रूप से स्थापित विचारों जैसे कि 'उच्च जातियों' की 'निचली जातियों/अछूतों' पर श्रेष्ठता, 'पवित्रता' और 'अपवित्रता' की धारणाओं आदि को सुदृढ़ करने के लिए की जाती है, इसे 1989 के अधिनियम द्वारा परिकल्पित प्रकार का अपमान या धमकी कहा जा सकता है।" पीठ ने स्पष्ट किया कि अपमानित करने के इरादे को व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए, उन्होंने कहा, "यह सामान्य अपमान या धमकी नहीं है जो 'अपमान' के बराबर हो, जिसे 1989 के अधिनियम के तहत दंडनीय बनाने की मांग की गई है।"विशेष रूप से "माफिया डॉन" टिप्पणी का जिक्र करते हुए, पीठ ने सुझाव दिया कि स्कारिया, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 500 के तहत मानहानि के लिए प्रथम दृष्टया उत्तरदायी हो सकते हैं।उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एससी एसटी एक्ट के नाम पर दोतरफा वसूली का मामला सामने आया है। आरोपी ने झूठा केस कर सरकार से भी आर्थिक सहायता ली और दूसरी तरफ पीड़ित को भी धमकाकर वसूली कर ली। सरकारी सहायता पाने के लिए एससीएसटी एक्ट के तहत फर्जी केस दर्ज कराने का भी खेल चल रहा था । यही नहीं पीड़ित को ज्यादा पैसा दिलाने के नाम पर भी जालसाजी हो रही थी । झंगहा पुलिस ने एक ऐसे ही जालसाज को गिरफ्तार किया। इससे पहले फर्जी रेप केस दर्ज कराने वाली एक महिला ने ना सिर्फ चार लाख रुपये की सहायता हासिल की बल्कि पीड़ित से भी वसूली की।दलितों को न्याय मिल सके इसके लिए न सिर्फ उनके द्वारा दर्ज कराए जा रहे केस की अलग कोर्ट में सुनवाई हो रही है बल्कि उन्हें सरकारी सहायता भी दिए जाने का प्रावधान है। यह सहायता पुलिस रिपोर्ट दर्ज होने के साथ शुरू होती है और चार्जशीट लगने तक मिलती है। अब कुछ इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं जिसमें सरकारी सहायता पाने के लिए फर्जी केस तक दर्ज कराए जा रहे हैं।खोराबार थानाक्षेत्र के जंगल चंवरी निवासी महेंद्र बौद्ध को जांच के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया।जांच में पता चला कि महेंद्र गरीब परिवारों को गुमराह करके अधिकारियों के नाम पर पैसा वसूलने के अलावा एससी/एसटी एक्ट के तहत मिलने वाली अहेतुक राशि हड़पने का काम कर रहा था। महेंद्र बौद्ध के विरुद्ध आईपीसी की धारा 419 व 420 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था।रेप का फर्जी मुकदमा दर्ज कर वसूली करने वाली नफीसा गैंग की एक सदस्य सोनी भी यही काम करती थी । सोनी एससी/एसटी एक्ट के साथ रेप का फर्जी केस दर्ज कराकर चार लाख रुपये की सरकारी सहायता हासिल कर चुकी थी । दो क्षेत्राधिकारियों की जांच में यह तथ्य सामने आया था। सोनी ने अपना पता बदल कर तीन थानों में केस दर्ज कराया था । उल्लेखनीय है कि झारखंड में भी ऐसे कई चर्चित मामले हैं जिनके मूल में ब्लैकमेलिंग है।

## जेजेएमपी के तीन नक्सली गिरफ्तार, हथियार बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू।** पलामू पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जन्म मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के तीन सक्रिय सदस्यों को सतबरवा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों किसी घटना को अंजाम देने के लिए निकले थे। उससे पहले ही गुप्त सूचना पर उन्हें वाहन जांच के दौरान धर दबोचा गया। सोमवार को जेल भेज दिया। मेदिनीनगर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने सोमवार को सतबरवा थाना में बताया कि पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के तीन सदस्य रविवार रात्रि में किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से लातेहार जिले के छिपादोहर की ओर से अपाची बाइक पर सवार होकर सतबरवा आ रहे हैं। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार के नेतृत्व में तुंबागड़ा के पास जांच टीम गठित की गई। इसी दौरान तीनों पुलिस को देखकर बाइक छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने तीनों को खदेड़कर पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि जेजेएमपी नक्सलियों के पास एक देसी मेड राइफल, एक देसी लोडेड कट्टा, छह जिंदा कारतूस और तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया। एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली विजय पासवान पलामू के होटाई गांव के रहने वाले जेजेएमपी नक्सली अखिलेश यादव के काफी गरीबी है।

शेष पेज 9 पर

अनेक स्रोतों से प्रदूषित हो रहा कांके डैम

# झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश के बावजूद कांके डैम में घुस रहा अनेक नालियों का गंदा पानी

## निर्देश के बावजूद प्रशासन की नींद अभी भी नहीं खुली है




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शहर की बड़ी आबादी को पीने का पानी कांके डैम से मिलता है। इस डैम से सप्लाई की पानी, पाइप से लोगों के घरों तक पहुंचती है। इस पानी को लोग अपने घरों में पीने के लिए इस्तेमाल करते हैं। लोग शिकायत करते हैं कि पानी पीने योग्य नहीं है, पानी से महक आती है। इस पानी को पीकर जल जनित रोग हो रहे हैं। इसलिए लोग अपने घरों में आरओ या फिल्टर लगा रहे हैं। एक तरफ सरकार करोड़ों रुपए पीने के पानी उपलब्ध कराने के नाम पर खर्च करती है। वहीं दूसरी तरफ समस्या जस की तस बनी रहती है। नदी, तालाब व डैम के प्रदूषण होने से स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याएं उत्पन्न होती है। इसका पता तब चलता है जब कोई बीमारी पूरे क्षेत्र में फैल जाती है। पेयजल के इन प्रमुख स्त्रोतों पर अनेक तरह से गंदगी फैलाई जा रही हैं। झारखंड हाईकोर्ट ने नदी, तालाबों, डैमों में हो रहे प्रदूषण पर चिंता जाहिर करते हुए नगर निगम और सरकार से संज्ञान भी लिया है।

अदालत ने रांची में सभी डैम, तालाब और जल स्त्रोतों के प्रदूषण और अतिक्रमण पर रोक लगाने और इनकी नियमित तौर पर सफाई के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। परंतु



झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद लगता है कि प्रशासन की नींद अभी भी नहीं खुली है। रातू रोड से सरोवर नगर की नालियों और सीवरेज का गंदा पानी, पंडरा नाला, करमा नाला व डिस्पेंसरी और छोटे कल-कारखाने का गंदा पानी कांके डैम में घुस रहा है। इससे कांके डैम का पानी दूषित हो रहा है। हालात यह है कि डैम का पानी सीधे तौर पर बिना वाटर ट्रीटमेंट के पीना असंभव है।

*इस संबंध में सरोवर नगर की रहने वाली **सारो देवी** बताती है कि नालियों और सीवरेज के गंदे पानी की महक से आसपास के क्षेत्र में नारकीय स्थिति बनी हुई है। एक समय ऐसा भी था कि इसी डैम से घड़े में पानी भरकर लाती थी। उस समय पानी पीने योग्य था। मगर जब से नालियों और सीवरेज का पानी डैम में जा रहा है तबसे यह पानी पीने योग्य नहीं है।*

***सुमित थापा** और **अनमोल रंजन** बताते हैं कि डैम किनारे लोग कचड़ा लाकर फेंकते हैं। कभी-कभी एक्सपायरी कुरकुरे, दवाई, चॉकलेट आदि जला देते हैं। उसके राख जाकर डैम में मिलते हैं और पानी दूषित होता है।*

## एक नजर

### भादो प्रदोष व्रत 31 को

रांची। भादो का महीना चल रहा है और पहला प्रदोष व्रत आने वाला है। प्रदोष व्रत भगवान शिव की पूजा के लिए खास है। हर महीने की दोनों त्रयोदशी को प्रदोष होता है। इस तरह साल में 24 प्रदोष व्रत पड़ते हैं। भादों की कृष्णन त्रयोदशी को पहला प्रदोष व्रत रखा जाएगा। प्रदोष व्रत के दिन शिव और पार्वती की विधि-विधान से पूजा की जाती है। मान्यता है कि प्रदोष व्रत रखने से शिव अपने भक्तोंव के दुख और कष्टध दूर करते हैं। पंचांग के अनुसार भादों माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी 31 अगस्त को रात 2. 25 बजे से शुरू होगी और समापन एक सितंबर को रात 3.40 बजे होगा। प्रदोष व्रत की पूजा प्रदोष काल में ही करना उचित है। इसलिए प्रदोष व्रत 31 अगस्त को रखा जाएगा।

### बीआईटी में मनी गोकुलाष्टमी, मटकी फोड़ में टीम गोलू पांडा विजेता

**रांची।** बीआईटी मेसरा के रोटारेक्ट क्लब ने गोकुलाष्टमी का आयोजन 26 अगस्त को किया। कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर एक बजे एनसीसी ग्राउंड में हुई। इसमें 22 टीमों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम छात्र मामलों के एसोसिएट डीन डॉ. योगेंद्र अग्रवाल और क्लब रोटारैक्ट के प्रभारी संकाय डॉ. सुजीत कुमार मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक आशीष रंजन और देबज्योति डे थे। हर टीम को मटकी फोड़ने के लिए 2 अवसर दिए गए। इसमें से कम समय में मटकी फोड़ने वाली टीम को विजेता घोषित की जाती। हर टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और लगभग सभी टीमें मटकी फोड़ने में सफल रहीं। प्रथम स्थान टीम गोलू पांडा ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर टीम एमएस धोनी रही और टीम चॉको ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### योगदा आश्रम में जन्माष्टमी उत्सव का हुआ आयोजन

**रांची।** योगदा आश्रम, चुटिया में सोमवार को श्रद्धाभाव के साथ जन्माष्टमी मनाई गई। आश्रम में सुबह में स्वामी वसुदेवनन्द गिरी द्वारा संचालित विशेष ऑनलाइन सामूहिक ध्यान के साथ महोत्सव आरंभ हुआ। इसमें देशभर से बड़ी संख्या में साधक शामिल हुए। सामूहिक ध्यान के बाद दिन के साढ़े नौ बजे से आयोजित पूजा कार्यक्रम में स्वामी अमरानंद गिरी और ब्रह्मचारी शाम्भवानंद ने भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद प्रसाद का वितरण हुआ। जन्माष्टमी समारोह शाम में तीन घंटे के ध्यान के साथ समाप्त हुआ। स्वामी अमरानंद गिरी ने साधकों को श्रीमद्भागवतम् (भागवत पुराण) से प्रेरक प्रसंग का श्रवण कराया। उन्होंने साधकों को बताया कि किस तरह से श्रीश्री परमहंस योगानंद को भगवान कृष्ण के दर्शन हुए।

## श्री कृष्ण बाल गोपाल की निकली मनमोहक झांकी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रंग बिरंगी ड्रेस, हाथ में बांसुरी, पांव में घुंघरू, हाथों में कड़े, गले में सुंदर माला पहन बाल प्रतियोगिता में शामिल हुए बच्चों ने हजारों दर्शकों का मन मोह लिया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति रांची द्वारा सोमवार की शाम सर्जना चौक के निकट जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण बाल गोपाल झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 100 से अधिक बच्चे-बच्चियों ने भाग लेकर अपने को श्री कृष्ण के बालरूपों में दर्शाया। दो वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में 6 महीने से 6 वर्ष तक की उम्र के 70 नन्हे मुन्नों ने नवजात रूप में अपने दर्शन दिए, जबकि 7 साल से 10 साल तक की उम्र के 40 बच्चों ने अपने को बाल रूप में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने रंग बिरंगे परिधान में बालकृष्ण के रूप में भाग लिया। रंग बिरंगी ड्रेस, हाथों में बांसुरी, पांवों में घुंघरू, हाथों में रंग बिरंगे चमकीले कड़े और गले में मोतियों की सुंदर माला दर्शकों का ध्यान आकृष्ट कर रहीं थी। बाल कृष्ण की एक झलक पाने के लिए लोग आतुर नजर आए। नजरा ऐसा जैसे वृंदावन के कन्हैया स्वयं बाल रूप में माखन खाने रांची पहुंच गए।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की शुरूआत 4 बजे श्री गणेश स्तुति के साथ हुई। उसके बाद दीप प्रज्वलित कर श्री कृष्ण के बाल रूप झांकी सहित द्वारकाधीश के रूप झांकी, कालिया नाग मंथन झांकी, रजरप्पा मंदिर समेत कारगिल युद्ध की झांकी का उद्घाटन महाधिवक्ता राजीव रंजन, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व सांसद महेश पोद्दार, विधायक सीपी सिंह और अध्यक्ष मुकेश काबरा, वरुण साहू के साथ सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने किया। बाल गोपाल प्रतियोगिता के 6 महीने से 6 वर्ष तक ग्रुप ए के बच्चों में रियांश राज प्रथम. वैभव शर्मा द्वितीय और तीसरे स्थान पर रही श्रावणी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वहीं 7 साल से 12 साल के ग्रुप बी के बच्चों में प्रथम अभिराज, द्वितीय वैभवश्री शर्मा निशाद को दिया गया।

### अदाणी पावर के डॉक्टर को आइकॉन ऑफ हेल्थ अवार्ड



**रांची।** रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में अदाणी पावर प्लांट में कार्यरत डॉ. धर्मेन्द्र चौधरी को 'टाइम्स आइकॉन्स ऑफ हेल्थ' अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. चौधरी को यह सम्मान रिम्स के डायरेक्टर और सीईओ प्रो. डॉ. राजकुमार के हाथों दिया गया। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद के अलावा झारखंड के अनेकों नामी डॉक्टर, प्राइवेट अस्पताल व कार्पोरेट घराने के प्रतिनिधिमंडल ने शिरकत की। अदाणी पावर से कॉर्पोरेट अफेयर्स के स्टेट हेड संजीव शेखर और उनकी टीम के सदस्यों रणबीर सिंह और प्रवीण कुमार ने हिस्सा लिया।

## इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा ने जरूरतमंद महिला को मदद की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची ने समाज में मजबूती से खड़े होने के लिए महिला की मदद की। इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची की पास्ट डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन श्वेता सिन्हा के रांची आगमन पर उनके द्वारा सुनीता चौधरी को महिला बुटिक सौंपा गया। यह बुटिक क्लब की सदस्य ने उपहार स्वरूप सुनीता को दिया। तकि, सुनिता अपने पैरों पर खड़े होकर आत्म सम्मान के साथ समाज में खड़े हो सके।

ज्ञात हो कि पिछले दिनों सुनीता के पति का एक्सीडेंट हुआ था। इस अवसर पर अध्यक्ष दीपा चौहान, आइएसओ नीता नारायण, आइपीपीसीजीआर माला श्रीवास्तव, आइएसो शालिनी सिन्हा, सुषमा पाण्डेय, रीता वर्मा एवं पटना इनरव्हील क्लब से नीतू बीरला,निशा विधार्थी, प्रीति वर्णवाल उपस्थित थी।

## श्री श्याम मन्दिर में भक्तिमय वातावरण में आयोजित हुई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव अत्यन्त उत्साह के साथ भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया। रंग बिरंगे बैलूनों की कलामत्तक व विद्युत की रंगीन लड़ियों से रोशनी बिखेर रही थी। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु का मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही मन्दिर में विराजमान हनुमान जी एवं शिव परिवार का भी विशेष श्रृंगार किया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियां भक्तों का मन मोह रही थी । मुख्य आकर्षण था रजत झूले पर मधुर मुस्कान के साथ विराजमान लड्डु गोपाल का दिव्य दर्शन , रजत झूले की कलात्मतक व सजावट को भक्तगण निहारकर धन्य हो रहे थे। श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारम्भ किया गया। भजनों की गंगा में भक्त गोते लगाते रहे। इस अवसर पर लड्डु गोपाल को माखन मिश्री , केसरिया पेड़ा, नारियल बर्फी, पंजीरी, फल, मेवा, चॉकलेट एवं कलाकंद से बना हुआ केक का भोग लगाया गया। रोहिणी नक्षत्र में रात्रि 12 बजते ही मन्दिर परिसर ढोल- नगाड़े, घंटा- घड़ियाल व शंख ध्वनि से गूंज उठा।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर दर्जनों गायों को रोटी-गुड़ खिलाया

**रांची।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर बनो और बनाओ मंच की ओर से सोमवार को कुटियातू मैदान में दर्जनों गायों को रोटी और गुड़ खिलाया गया। मंच के सचिव अखिलेश यादव ने कहा कि गो सेवा करने से भगवान श्रीकृष्ण प्रसन्न होते हैं। वहीं मंच के संस्थापक स्वामी रामाधार सिंह ने कहा कि पुराने समय में घर में गायें पाली जाती थीं अब लोग कुत्ता पाल रहे हैं, जहां शुभ-लाभ लिखा जाता था वहां अब कुत्ते से सावधान लिखा जा रहा है। समाज में कुत्ता कल्चर तेजी से बढ़ा है।

### हरखनाथ शाहदेव दुर्गा पूजा समिति कटहल मोड़ का भूमि पूजन

**रांची।** दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार को कटहल मोड़ के पास हरखनाथ शाहदेव दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने भूमि पूजन किया। भूमि पूजन कार्यक्रम पंडित गोपाल पांडेय शास्त्री द्वारा कराया गया। इसके साथ ही अब विशाल पंडाल का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। मौके पर लाल प्रमोद कुमार सिंह, जयप्रकाश नाथ शाहदेव, रंजन सिंह, नागेन्द्र सिंह, लाल रमेशनाथ शाहदेव, मंगल उरांव, मनीष केशरी, प्रेम गोप, विकास शाहदेव, राजकुमार तिर्की, धर्मेंद्र राय, जीतेंद्र राय, बबलू तिर्की, मुकेश कुमार सिंह, रॉबोट तिर्की, बबलू महतो, कुणाल सिंह, वेद प्रकाश, अविनाश शर्मा, असीम कुमार सिन्हा, सुल्लू राज यादव, राजेश महतो, सूरज गोप, बंटी गुप्ता, दुर्गा कच्छप, रमेश बैठा, पंकज कुमार और गामा आदि मौजूद थे।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन हुआ था विश्व हिंदू परिषद का गठन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर रांची महानगर के बिरसानगर एवं विक्रमादित्य नगर में षष्टिपूर्ति समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री रामलला, श्री कृष्ण एवं भारत माता का पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। विक्रमादित्य नगर में विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद पांडे एवं बिरसानगर में प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने संबोधन में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना, उद्देश्य एवं उपलब्धियां के बारे में विस्तार पूर्वक व्याख्या की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक परम पूज्य माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर जी के चिंतन के फलस्वरूप 1964 में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन मुंबई के चिन्मय आश्रम केंद्र में विभिन्न मत संप्रदाय के संतो एवं विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में विश्व हिंदू परिषद का गठन हुआ। हिंदू समाज का संगठन मानबिंदुओं की रक्षा, धर्म संस्कृति एवं राष्ट्र के संवर्धन का उद्देश्य लेकर 60 वर्षों की यात्रा में सामाजिक समरसता का मंत्र लेकर संगठन द्वारा अनेक कार्य किए गए।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का साइक्लोथॉन संपन्न




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा आयोजित साइक्लोथॉन 4.0 का आयोजन किया गया, जो सफलतापूर्ण सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय स्पोर्ट्स दिवस के अवसर पर साइक्लोथॉन 4.0 का शुभारम्भ शाखा अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर सुबह 06:30 बजे आर्यभट्ट ऑडोटोरियम, मोराबादी किया गया था। इसका उद्देश्य था राइड फॉर हेल्थ, अर्थ एंड एनवायरनमेंट। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि साइकिल चलाने से व्यायाम और प्रकृति की सुरक्षा दोनों होती हैं। साथ ही साइकिल चलाने से कोलेस्ट्रॉल कम हो सकता है। साइक्लोथॉन 4.0 में बच्चों के बीच जूस का वितरण किया गया। इस अवसर शाखा अध्यक्षा विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, पायल जैन, कविता जालान और वेदिका सिंघानिया उपस्थित रहीं।

## न्यूज बॉक्स

### राष्ट्रीय महिला परिषद व ओजस्विनी ने मनाया जन्माष्टमी महोत्सव



**रांची।** राष्ट्रीय महिला परिषद और ओजस्विनी द्वारा लटमा रोड सिंह मोड़ में जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद झारखंड के महामंत्री दिलीप वैद्य और भारतीय जनता पार्टी धुर्वा मंडल के अध्यक्ष उमेश यादव विशिष्ट अतिथि मातृशक्ति प्रमुख दीपा रानी कुंज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुरूआत की गई। महोत्सव में शामिल सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत और सर्टिफिकेट दिए गए। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के महामंत्री दिलीप वैद्य ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म से जुड़े विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की और बाल कृष्ण के नटखट रूप का वर्णन किया। बच्चे अपने को राधा कृष्ण के रुप में देख गोरवान्वित हुए। महोत्सव को सफल बनाने में हटिया नगर ओजस्विनी की अध्यक्ष श्रीमति सलोनी कुमारी, महामंत्री ललिता मिश्रा, राष्ट्रीय महिला परिषद की सुनीता शर्मा निलू देवी, वेवी देवी, तन्द्रा मुखर्जी, नितू शर्मा, सुप्रिया पाठक, कविता गुप्ता एवं चन्दन, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष धुर्वा मंडल का विशेष योगदान रहा।

### ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनायी गयी कृष्ण जन्माष्टमी



**रांची।** रांची की पिठौरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से नव ज्योति भवन में जन्माष्टमी त्यौहार धूम धाम से मनाया गया। मौके पर केंद्र की संचालिका बीके राजमती बहन ने बताया कि भगवान कृष्ण के जन्म को जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है। भगवान कृष्ण के भक्त इस दिन को बहुत भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाते हैं। उन्हें देवत्व, प्रेम और धार्मिकता के प्रतीत के रूप में देखा जाता है। उनका जीवन और शिक्षाएं भक्तों को धर्म,कर्म और भक्ति के आधार पर जीवन जीने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। साथ ही सभी भक्तों को भोग का भी वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से राजकुमार पोद्दार, विजया कुमारी,सोनी , प्रिंस कुमार, अशोक उरांव ,ज्योति कुमारी, कुसुम देवी , लीला देवी, उर्मिला देवी, कविता सेन, किरण देवी,परमिला देवी, अदिति कुमार,ज्योति कुमारी सहित कई भक्त उपस्थित थे।

### प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों को एमएसीपी देने की मांग

**रांची।** झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक सोमवार को बीआरसी भवन में प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सुमन की अध्यक्षता में हुई। इसमें एमएसीपी बहाली के लिए शिक्षक संगठनों की ओर से किए जा रहे प्रयास का समर्थन किया गया। शैलेन्द्र सुमन ने कहा कि घटे हुए वेतनमान पर प्रारंभिक शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। कहा, राज्य के अन्य कर्मियों की तरह प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षकों को एमएसीपी मिले। बैठक में महासचिव प्रेम प्रसाद राणा, उपाध्यक्ष मुमताज अहमद, भोला नाथ दीक्षित, मनीलाल दास, शर्तुक प्रधान, लीलावती मिंज, सोशन मिंज, हेमेंद्र मंडल, सत्यनारायण यादव थे।

### आईएचएम में दही हांडी प्रतियोगिता लक्ष्मीबाई टीम जीती

**रांची।** होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम), रांची में कृष्ण जन्माष्टमी पर सोमवार को दही हांडी तोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों की बाहुबली टीम और छात्राओं की लक्ष्मीबाई टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता में लक्ष्मीबाई टीम ने छात्रों की बाहुबली टीम से कम समय में हांडी फोड़कर पछाड़ते हुए प्रतियोगिता को जीता। साथ ही उपहार नकद पुरस्कार अपने नाम किया। इस दौरान संस्थान परिसर जय कन्हैया लाल की, कृष्ण गोपाल की..., नारे से गूंजता रहा। प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने सभी को कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।

### महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक मनाई जन्माष्टमी कोलकाता कांड की भर्त्सना की



**रांची।** सृजन समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में महिलाओं ने पंडरा में सम्मेलन आयोजित कर कोलकाता कांड की भर्त्सना की और भगवान श्रीकृष्ण से शिक्षा लेने की बात कही ।



भगवान कृष्ण का वेश धारण कर आह्लादित एक बालक



## एक नजर

### वज्रपात से किसान की मौत

**तमाड़।** तमाड़ थाना क्षेत्र के जोजोडीह गांव के पास बज्रपात की चपेट में आने से 50 वर्षीय विरगांव निवासी भरत मुंडा की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मृतक भरत मुंडा अन्य दो लोगों के साथ खेत में मेड़ बना रहे थे। इसी दौरान बिजली चमकने के साथ हल्की हल्की बारिश होने लगी।वज्रपात होने की आशंका से तीनों खेत से निकलकर घर की तरफ जा रहे थे इसी क्रम में भरत महतो वज्रपात की चपेट में आ गए ।तत्क्षण परिजन उसे तमाड़ अस्पताल ले गए लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी । अस्पताल के डॉक्टर सुनील कुमार ने बताया कि बिरगांव निवासी भरत महतो को उसके परिजन अस्पताल लेकर आये पर अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी।

### संस्कृति महोत्सव में सरस्वती शिशु मंदिर बीजुपाड़ा की टीम ने बाजी मारी

**रांची।** मोरहाबादी शिशु विद्या मंदिर रांची में आयोजित संस्कृति महोत्सव में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीजूपाड़ा की टीम ने लोक नृत्य और आचार्य वाचन एवं विज्ञान वाचन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य नीरज तिवारी ने यह जानकारी दी है। इस महोत्सव में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बीजुपाड़ा की टीम की जीत पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य नीरज तिवारी ने कहा कि यह जीत हमारे छात्रों की मेहनत और प्रतिभा का परिणाम है। हमें गर्व है कि हमारे छात्रों ने इस महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

### दो दुर्घटनाओं में दो बाइक सवार घायल

**मांडर।** मांडर के निकट दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार घायल हो गये। दोनों को रिम्स रेफर किया गया। पहली घटना बुढ़मू रोड स्थित दुमदुमिया टोंगरी में हुए सड़क हादसा हुआ। इसमें करगे निवासी सुनील उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनील अपने किसी निजी काम से मांडर गया हुआ था और वहां से लौटने के दौरान उक्त स्थान के निकट एक बाइक सवार ने इसे अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में सुनील मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो ने फौरन उसे रेफरल हॉस्पिटल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने बताया सुनील की पैर की हड्डी टूट गई है। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु उसे रिम्स रेफर कर दिया गया है। वहीं बाइक सवार अपने बाइक लेकर मौका देख वहां से फरार हो गया। दूसरी घटना मांडर बेड़ो मुख्य पथ पर स्थित बूढाखुखरा के विशाही मोड़, के निकट सोमवार शाम पांच बजे की है, जहां उचरी निवासी 16 वर्षीय अनीश उरांव अपनी बाइक से किसी काम से मांडर जा रहा था।

**बेड़ो में देर रात मना श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव**

## डांडिया नृत्य, दही-हांडी और मटका फोड़ प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड में भगवान कृष्ण के जन्म जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बेड़ो के श्री राधाकृष्ण मंदिर में मंदिर के संस्थापक दिवंगत भवानी बडाईक के वंशजों राम बडाईक सहित सैकड़ो लोगों ने विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान कृष्ण के जन्म के बाद उन्हें पूरी भक्ति एवं श्रद्धा के साथ झुला झुलाया। श्री राधा रानी यूथ क्लब के तत्वावधान में दही मटका फोड़, डांडिया नृत्य, महा भोग का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भजन और कीर्तन के साथ भगवान कृष्ण के जयकारे से पूरा महादानी मंदिर सहित श्री राधाकृष्ण मंदिर गुंजायमान हो उठा। आचार्य अशोक पंडा एवं सोनू पंडा के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ श्री राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की। कार्यक्रम का शुभारंभ गौरी गणेश पूजन से किया गया। तत्पश्चात कलश स्थापना की गई। पुजारियों के नेतृत्व में राधा कृष्ण की पूजन के बाद भगवान कृष्ण की लीला एवं उनकी कथा का वाचन किया गया। रात्रि 12:00 बजे श्री कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान हजारों श्रद्धालु पूरी भक्ति और श्रद्धा के सागर में खूब गोता लगाया। कृष्ण जन्मोत्सव के बाद परंपरा के अनुसार भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप में उन्हें झूला झूलाया गया। भगवान श्री कृष्ण की महाआरती की गई और श्रद्धालुओं के बीच खीर के महाप्रसाद का भंडारा आयोजित किया गया। महाप्रसाद प्राप्त कर श्रद्धालुओं ने खुद को धन्य महसूस किया। इसके पूर्व बजरंगी बाबा की उपस्थिति में श्री राधा रानी यूथ क्लब के अध्यक्ष राहुल कुमार, आर्यन कुमार साहु, आलोक कुमार, उज्जवल कुमार ने डांडिया नृत्य दही हांडी मटका फोड़ कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अवैध बीयर के साथ एक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
रेलवे सुरक्षा बल मुरी और उड़न दस्ता टीम ऑपरेशन सतर्क के तहत रविवार के दिन औचक निरीक्षण के दौरान एक व्यक्ति को 45 बोतल अवैध बियर के साथ पकड़ा। अवैध बीयर की कुल कीमत 6300 रुपया है। गिरफ्तार व्यक्ति मनोहर कुमार, उम्र 26 वर्ष, पिता मनोज कुमार, ग्राम पहाड़पुर जिला भोजपुर बिहार निवासी हैं। वह मुरी से पहाड़पुर हटिया इस्लामपुर एक्सप्रेस ट्रेन से अवैध बियर को ले जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पकड़ा। पुलिस के द्वारा अवैध बीयर से संबंधित वैध कागजात पुलिस को वह व्यक्ति उपलब्ध नहीं कर पाया। तत्पश्चात जप्त किए गए अवैध बियर को झारखंड सरकार के मध निषेध एवं उत्पाद विभाग को अग्रतर कार्रवाई हेतु सौप दिया गया। निरीक्षण टीम में अवर निरीक्षक कौशिक गुहा, पवन कुमार एवं उड़नदस्ता टीम में प्रदीप और मीना शामिल थे।

### कर्मा पूर्व संध्या समारोह का आयोजन 11 को

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में करमा पूजा की पूर्व संध्या समारोह के आयोजन को लेकर सोमवार को सापुकेरा पंचायत भवन में आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक धनिया मुंडा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान 11 सितंबर को कर्मा पूर्व संध्या समारोह धुमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के आयोजन की सफलता के लिए कर्मा पूर्व संध्या समारोह आयोजन समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से धनिया मुंडा को अध्यक्ष, गांगी उरांव को उपाध्यक्ष, संजय उरांव को कोषाध्यक्ष, सुखु लोहरा को सचिव तथा गंदुर उरांव एवं विनोद टोप्पो को सचिव चुन लिया गया।

### नेहरू हॉकी कप : राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया को मिला दूसरा स्थान

**लापुंग।** राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी कप प्रतियोगिता 2024 -25 के अंडर 15 वर्ग फाइनल मैच में लापुंग प्रखंड की राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया की टीम दूसरे स्थान पर रही। रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में ककरिया के राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय की टीम और सिमडेगा के सेंट मेरी हाई स्कूल सेमटोली की टीम के साथ फाइनल मुकाबला खेला गया। राज्य संपोषित प्लस टू उच्च ककरिया की टीम के खिलाड़ी सुमित उरांव को प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच का पुरस्कार दिया गया। अंडर 15 बालक वर्ग के पहले फाइनल मैच में राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया एवं सेंट मेरी हाई स्कूल सैमटोली सिमडेगा के बीच खेला गया। जिसमें ककरिया की टीम पराजित हो गई हालांकि ककरिया टीम के खिलाड़ी सुमित उरांव को उसके शानदार खेल प्रदर्शन पर प्लेयर ऑफ द फाइनल अवार्ड दिया गया। बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम, झारखंड शिक्षा परियोजना धीरसेन सोरेंग भोला नाथ सिंह मनोहर टोप्पो सुमराई टेटे ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

**आजसू पार्टी का जनजागरण यात्रा उलीहातु से किया शुरू**

# सरकार ने जनता से किए वादों को पूरा नहीं किया : सिंगराय

**नवीन मेल संवाददाता। अड़की**
सोमवार को आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार जन जागरण पदयात्रा की शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलीहातु से शुरू किया गया। आजसू पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने उलिहातु पहुंच कर बिरसा ओड़ा में बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर धरती आबा के वंशज सुखराम मुंडा की पूजा अर्चना के बाद पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद जन जागरण पदयात्रा की शुरूआत की। गौरतलब है कि आजसू पार्टी के द्वारा पूरे झारखंड प्रदेश में जन जागरण पदयात्रा द्वारा जनसंपर्क कर याद कराने प्रयास किया जा रहा है कि वर्तमान सरकार के द्वारा चुनाव के पूर्व किया गया वादा पांच वर्ष के बाद भी अधुरी है। जन संपर्क कार्यक्रम के दौरान



आजसू पार्टी के वरीय सदस्य सह पूर्व अभियंता प्रमुख सिंगराय टूटी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वादा खिलाफी सरकार है जो चुनाव से पूर्व राज्य के जनता से जो वादा किया था, जैसे प्रत्येक वर्ष पांच लाख लोगों को नौकरी, आंगनवाड़ी सेविका, होमगार्ड, पारा शिक्षक, सहयोगी स्वास्थ्य कर्मी, कर्मचारी, बीएलडब्ल्यू, ओपरेटर एवं राज्य के अन्य कर्मी को समान काम के बदले समान वेतन देने का वादा किया था। जरूरतमंद लोगों को 3 लाख की आवास योजना देने की बात कही थी। जल जमीन जंगल की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहने का वादा किए थे सभी वादे अधूरे रह गए। उपस्थित परमेश्वरी शांडिल ने कहा झारखंड की धरती और अपनी माटी की सरकार होने के बावजूद हेमंत सोरेन की सरकार के कार्यकाल में गांव की विकास नाम मात्र का नहीं हुआ है।

### झारखंड इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

**रांची।** झारखंड इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक के बाद सत्र 2024-25 के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। अध्यक्ष संजय जौहर और सचिव दीपक मुरारका चुने गए। अजय अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। चुनाव में कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन हुआ। इनमे पंकज श्रीवास्तव, प्रवीण मोदी, विकास अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, मधुकर सिंघानिया, केदार मित्रा, हरजीत सिंह सेनी, प्रकाश बागला, शुभम्‍ सिंघानिया, अंकुर अग्रवाल, कुशल मक्कडऔर आनंद गुप्ता शामिल हैं। मुख्य चुनाव पदाधिकारी वेद प्रकाश बागला और सह चुनाव पदाधिकारी विजय मक्कड़ ने नई टीम के सदस्यों की लघोषणा की। बैठक और चुनाव कराने में संस्था के पूर्व अध्यक्ष राज कुमार मारू, वेद प्रकाश बागला, मनोहर गुप्ता, विजय मक्कड़, प्रमोद सिंघानिया, आनंद प्रकाश, जुगल केडिया और पंकज चौधरी ने अहम भूमिका निभाई।

**भव्यता और भक्ति भाव से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी**

## श्री श्याम मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



नवीन मेल संवाददाता। रांची श्री श्याम मित्र मंडल रांची द्वारा संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज भगवान श्री कृष्ण के 5249 वें जन्मोत्सव के अवसर पर दर्शन-पूजन- वंदन में भक्तों का सैलाब उमर पड़ा। प्रातः 5:00 बजे मंदिर खुलते ही भक्त उमड़ पड़े। प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती एवं भोग के बाद मंदिर कपाट थोड़े समय के लिए बंद करके प्रातः कालीन विशेष श्रृंगार कर श्रृंगार आरती एवं भोग लगाया गया। श्रृंगार के फूल कोलकाता से मंगाए गए जिनमें रजनीगंधा मोती मुरगन एवं तुलसीदल से भगवान का श्रृंगार किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि श्री श्याम मंदिर में इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आठवां कार्यक्रम है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मुख्य समारोह रात्रि 7:00 बजे से प्रारंभ हुए ।ठाकुर जी को ग्वाल भोग अर्पित कर ग्वाल आरती की गई। रात्रि 8:00 बजे रात्रि भोग लगाया गया। उसके बाद परंपरा अनुसार गर्भ गृह का पर्दा लगाकर जन्मोत्सव की तैयारी मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा एवं गौरव अग्रवाल तथा मंदिर के आचार्यों के नेतृत्व में की गई। ठाकुर जी को पंचामृत से महा स्नान करा कर मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं एवं गुरुजनों को नवीन पोशाक धारण करवाया गया।

### प्रिंस पांडे गोली कांड में पुलिस के हाथ खाली

**बेड़ो।** प्रिंस पांडे गोली कांड में फिलहाल पुलिस के हाथ खाली हैं। हालांकि बेड़ो पुलिस की प्रारंभिक जांच में कई बातें छनकर सामने आई हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार तीन दोस्तों क्रमशः निशांत मिश्रा, विनोद साहु और विश्वा यादव गोली कांड के पहले ही अपने घर वापस लौट गए थे। पुलिस ने उन्हें नहीं बल्कि शराब दुकान में हंगामा कर रहे दूसरे लोगों को खदेड़ा था। सूत्रों के अनुसार जिन युवकों के नाम सामने आए हैं सभी संभ्रांत परिवार के हैं और उन्हें शराब पीने की आदत भी नहीं है। तीनों युवक अपने घर गोली कांड से पहले ही लौट चुके थे। उन्हें इस बात की जानकारी भी नहीं थी कि बेड़ो में गोली चली थी। लेकिन अभी तक पुलिसिया जांच में यह सामने नहीं आ पाया है कि गोली किसने चलाई थी। बेड़ो थाना में की गई लिखित शिकायत में गोली कांड में घायल प्रिंस पांडेय के पिता ओम प्रकाश पांडेय ने दो अज्ञात बाइक सवार पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस की जांच के दौरान सीसीटीवी में घटनास्थल के आसपास कहीं भी बाइक सवार आते और जाते नहीं दिख रहे हैं।

## टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत : देवानंद महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के चितरपुर प्रखंड का कमेटी विस्तार कुरमी धर्मशाला में जिला अध्यक्ष देवानंद कुमार की अध्यक्षता तथा संचालन केंद्रीय महासचिव सुधीर कुमार अकेला द्वारा सोमवार को हुई बैठक में किया गया । इस बैठक में कमेटी विस्तार करते हुए अध्यक्ष पद हेतु शंकर मुंडा ,वरीय उपाध्यक्ष पुनेश्वर महतो, राजु महतो, नीलकंठ महतो, उपाध्यक्ष दीपक वर्मा, प्रीतम कुमार, ऋषि कुमार, चंद्रशेखर रजक, टेकलाल महतो, भूपेंद्र कुमार, शेखर महतो, सचिव राजू मुंडा, सहसचिव पवन कुमार महतो, तपेश्वर सोनी, खगेश्वर महतो, असलम अंसारी, संगठन सचिव आशीष सोनी, अनूप कुमार ,बृजेश कुमार, कोषाध्यक्ष सुदर्शन महतो, मीडिया प्रभारी सुजीत कुमार महतो को सर्वसम्मति से बनाया गया सभी ने अपना दायित्व ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने की बात कही । जिला अध्यक्ष देवानंद कुमार महतो ने कहा की कार्यकर्ता पार्टी के रीढ होते हैं और 2024 निश्चित तौर पर एक बदलाव का संकेत है। जिस उद्देश्य के साथ झारखंड बना आज वह बिल्कुल अछूता रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### उमरा हज के लिए मक्का रवाना हुए हाजी



**मुरी।** मुरी, कुटाम, तेतलो, जयपुर से हाजियों का जत्था हज उमरा के लिए मुरी रेलवे स्टेशन से हटिया नई दिल्ली झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस सेदिल्ली के लिए रवाना हुए। सभी हाजियों का अगुवाई मौलाना गुलाम हैदर साहब कर रहे थे। 28 अगस्त को सभी हाजी इंदिरा गांधी एयरपोर्ट दिल्ली से सऊदी अरब (जद्दा) के लिए रवाना होंगे। हाजियों को छोड़ने के लिए बहुत से लोग फूल माला लेकर मुरी रेलवे स्टेशन पहुचे और हाजियों को फूल माला पहनाकर रुखसत किया। जाने से पहले सभी ने अपने मुल्क हिंदुस्तान और अपने परिवार के अमन चैन के लिए दुआ किए हज में जाने वाले लोग मास्टर यूनुस, मौलाना रफीक, मोहम्मद अनीस, काजी सौकान, बीबी शेख रब्बानी, शेख आलम, गुलाम रब्बानी, मोहम्मद बदरुद्दीन आदि शामिल थे।

### 5 दिवासीय फुटबाल टूर्नामेंट के उद्घाटन में शामिल हुए डॉ. परमेश्वर भगत



**बेडो।** सोमवार को पूर्व उप विकास आयुक्त डॉ. परमेश्वर भगत ने बेडो प्रखंड के तुतलो नवाटांड़ फुटबॉल मैदान पर आयोजित एक महत्वपूर्ण फुटबॉल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेल के प्रति समर्पण और टीम भावना की अहमियत के बारे में संबोधित किया। खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ीयों को गांव से जिला, जिला से राज्य और राज्य से राष्ट्र एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रमाण पत्र सहित मेडल प्राप्त होता है जो की एक खिलाड़ी को जिंदगी में सुनहरा अवसर प्रदान करने में अहम भूमिका निभाती है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्र लेवल के कई नौकरियां में प्राथमिकता मिलती साथ ही उच्च शिक्षा ग्रहण करने में अहम भूमिका निभाती है।

### सुबोधकांत राधारमण महोत्सव में हुए शामिल




**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय एवं यशस्विनी सहाय भक्ति वेदांत गुरुकुल कुटाम में राधारमण महोत्सव में शामिल हुए। वहां उन्होंने पूजा अर्चना भी की। रांची लौटने के क्रम में सिल्ली में उन्होंने कहा कि हम लोग सभी दल इंपैक्ट हैं और हमारा नॉन ट्राइबल सीट का 48 का आंकड़ा को हम लोग बरकरार रखने का प्रयास करेंगे। अभी भी इंडिया गठबंधन के पास एसटी सीट 28 में 26 हमारे पास हैं वह भी इंपैक्ट रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक समाज के लोग चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। अंत में रांची लोकसभा सीट की पूर्व प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने लोकसभा में मतदान देने के लिए मतदाताओं का आभार जताया।

### आईएचएम में दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन



**मांडर।** होटल प्रबंधन संस्थान में कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सोमवार को दही हांडी तोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संस्थान के लड़कों के बाहुबली टीम एवं लड़कियों की लक्ष्मीबाई टीम ने भाग लिया। आयोजित दही हांडी प्रतियोगिता में लकड़ियों की लक्ष्मीबाई टीम ने लड़कों के टीम को कम समय में हांडी फोड़ कर पछाड़ते हुए इस प्रतियोगिता को जीता एवं उपहार कैश पुरस्कार अपने नाम किया। आयोजित इस प्रतियोगिता का उपस्थितगणों ने काफी लुफ़्त उठाया साथ ही जय कन्हैया लाल की कृष्ण गोपाल की नारे से पूरा संस्थान परिसर कृष्णमय हो गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने सभी कृष्णजन्माष्टमी की बधाई और विजेता टीम को बधाई देते हुए गोपालीनों के जीत पर बताया कि वर्तमान समय में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है।

## प्लांट लवर्स ने किया पौधरोपण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जन्माष्टमी के मौके पर प्लांट लवर्स ऑफ रांची के सदस्यों की ओर से बरियातू स्थित वन बंधु भवन परिसर में आम, जामुन, अमरूद, नीम, चंपा, सागवान, महोगनी आदि के पौधे लगाए गए। ग्रुप की ओर से एक कल्पतरू का पौधा भी लगाया गया। ग्रुप शहरी क्षेत्र में लोगों को छोटे-बड़े जिस रूप में जहां तक संभव हो बागवानी के लिए प्रेरित किया जाता है। मौके पर ग्रुप की संचालिका अनामिका सिंह, अभिलाष सिन्हा, अमित रॉय, खेम थापा सहित कई सहयोगी मौजूद थे।

### डॉ. परमेश्वर भगत ने पुल का किया निरीक्षण

**मांडर।** मांडर प्रखंड के बिरगोडा नदी पर पुराना पुल को तोड़कर नया पुल का निर्माण किया जा रहा था परंतु ठेकेदार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के लापरवाही के वजह से पुल नहीं बन पाया जो कि ग्रामीणों को दैनिक समस्याओं का कारण बन चुका है। जिससे वह अपने रोजी रोजगार हेतु एक दूसरे गांव जाने में भी असमर्थ है। हालांकि ग्रामीणों के सहयोग से बांस का पुल बनाया गया है।

## प्रदूषण नियंत्रण समिति ने किया खलारी का दौरा

### सोनाडुबी नदी को प्रदूषित होने से बचाएं : समीर मोहंती

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
झारखंड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति ने खलारी कोयलांचल का दौरा किया। सोमवार को शाम पांच बजे समिति खलारी के सीसीएल एनके एरिया वीआईपी गेस्ट हाउस पहुंची। यहां समिति के सभापति समीर मोहंती, सदस्य समरीलाल, झारखंड विधानसभा के अवर सचिव रविशंकर प्रसाद ने अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बष्ट, बीडीओ संतोष कुमार, कोल परियोजनाओं के परियोजना पदाधिकारी, मोनेट डेनियल कोल वासरी के महाप्रबंधक से क्षेत्र के पर्यावरण व प्रदूषण को लेकर पूछताछ किया। इसके बाद समिति व साथ आए राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी सीधे मोनेट डेनियल कोल वासरी पहुंचे। वहां उन्होंने वासरी परिसर में प्रवेश करती



सोनाडुबी नदी, वासरी के अंदर नदी का हाल तथा वासरी से बाहर निकलती नदी का हाल देखा। वासरी मुख्य द्वार के निकट पुल पर पसरे कीचड़ को देखकर समीर मोहंती विफर पड़े। उन्होंने केडीएच पीओ को तत्काल इसे दुरूस्त करने कहा ताकि आने जाने वाले ग्रामीणों को परेशानी न हो। कहा कि वासरी के कारण कोयले का काला पानी नदी में घुल रहा है। आगे जाकर दूसरी नदी को भी प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि खलारी कोयलांचल के हाल से संबंधित रिपोर्ट विधानसभा को सौंपेंगे। विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति इसके बाद वापस लौटने के क्रम में खलारी सीमेंट कारखाना का हाल देखने पहुंची। परंतु वहां कारखाना गेट से ही वापस लौट गई। उन्होंने समीर मोहंती व समरीलाल ने कहा कि क्षेत्र के उद्योग सुनिश्चित करें कि वायु व जल प्रदूषण से किसी भी नागरिक या खेती को नुकसान न हो। ऐसा पाया गया तो सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

### अल्पसंख्यक सम्मेलन का आयोजन

**मांडर।** मांडर प्रखण्ड के मिशन नवाटांड में सोमवार को एतेहादुल मोमीन कमिटी द्वारा अल्पसंख्यक सम्मेलन आयोजित की गई। मौके पर उपस्थित पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि सहिष्णुता, सद्भावना एवं एकजुटता ही हम सभी का मूल मंत्र है और इसके लिये यह बहुत जरूरी है कि बांटनेवाली शक्तियों के साथ ही उसके पीछे खड़ी भाजपा और उसके नेता के मंसूबों को ध्वस्त किया जाये। आगे उन्होंने कहा कि शांति, सद्भावना, दूरदृष्टि और आपसी एकता ही हमारी पहचान है और इसी के लिये यह पूरा जीवन समर्पित है। सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिये लोगों को बांटना न केवल समाज या झारखण्ड बल्कि लोगों के लिये भी घातक है. उन्होंने कहा कि नफरत के माहौल से सारा जीवन ठहर जाता है पर झारखण्ड में महागठबंधन की सरकार समाज विरोधी और देशद्रोही तत्वों के सपनों को कभी भी पूरा नहीं होने देगी।

### राज्य की तीन जेलों का होगा कायाकल्प

**रांची।** राज्य की तीन जेलों में आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा, जिनमें रांची, खूंटी और सराइकेला जिला के जेल शामिल हैं। इन तीनों जेलों में 1.18 करोड़ रुपये की लागत से हॉस्पिटल और बाउंड्रीवॉल मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इसके लिए झारखंड गृह विभाग ने राशि आवंटित कर दिया है। यह कार्य झारखंड पुलिस हाउसिंग के जरिए कराया जायेगा। तीनों जेलों के जेल अधीक्षकों को आदेश दिया गया है कि गुणवत्ता पूर्ण कार्य को कराना सुनिश्चित करेंगे। यदि ऐसा नहीं होता है तो उनकी जवाबदेही तय की जाएगी।

### एमटेक के लिए एनआईएएमटी में 30 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**रांची।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी, एनआईएएमटी रांची में एमटेक (सेल्फ फिनांस) कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार नामांकन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित है। इसमें चार डिर्पाटमेंट के पांच विषयों के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसमें फाउंड्री-फोर्ज टेक्नोलॉजी, मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग, इंडस्ट्रीयल मेटेलर्जी, इंवायरमेंटल इंजीनियरिंग, मेटेरियल इंजीनियरिंग (नैनो टेक्नोलॉजी) शामिल है। इसके लिए आवेदन शुल्क 500 रुपए निर्धारित है।

### लतरातु पंचायत का नावाटोली पहुंचा जंगली हाथी, एक गरीब के घर को किया ध्वस्त

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के लतरातु पंचायत के नवाटोली गांव में बीती रात जंगली हाथी ने उत्पात मचाते हुए बुड़की उराईन पति स्वर्गीय भिखारी उरांव के घर को दो ओर से दिवारों को ध्वस्त कर दिया । ग्रामीणों ने बताया कि लगभग साढ़े आठ बजे जंगली हाथी पहुंच गया और मिट्टी के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के वक्त घर में केवल तीन छोटे छोटे बच्चे थे।

## एक नजर

### जिले भर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की रही धूम



**रामगढ़।** शहर सहित जिलाभर में सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शहर सहित जिलाभर के विभिन्न मंदिरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया। जिससे मंदिर भव्य प्रतीत हो रहे थे। वहीं, बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण के बालरूप का वेष धारण कर लोगों का मन मोह लिया। इधर, श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर विभिन्न स्थानो पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन कर विजय प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### बड़वार में धूम धाम से मनाया गया श्री कृष्णा जन्माष्टमी

**दारू।** दारू प्रखंड के अंतर्गत बड़वार गांव में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में पूरे आस्था व उल्लास के साथ सोमवार के रात्रि में जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जगया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराधिका रानी का ध्यानकर आरती किए और अपने जीवन को श्रीकृष्ण और श्रीराधे के जैसा पुनित गुण धारण करने की प्रतिज्ञा की। मंगलवार को सुबह में बहुत ही आकर्षक मटका फोड़ का कार्यक्रम हुआ।महाप्रसाद का वितरण कर पूजा समापन किया गया। पूजा को सफल बनाने में अध्यक्ष बिनय यादव, सचिव राजू यादव, कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव एंव सक्रिय सदस्य संतोष यादव, सूरज यादव,रिंकू यादव,शुभम यादव, सिकंदर यादव,नवरत्न यादव, सचिन यादव,पंकज यादव, सुरेश यादव,बीरेंद्र यादव, अप्पू यादव एंव समस्त बड़वार निवासी शामिल थे।

### जमीन विवाद में कुल्हाड़ी से काटक सगे भाई की बाप बेटे ने की हत्या

**कोडरमा।** झारखंड के सतगावां प्रखंड में जमीनी विवाद के चलते शुरू हुई कहासुनी का खूनी अंत हुआ। नशे में चूर दो भाइयों ने पहले जमकर बहस की। इसके बाद छोटे भाई ने अपने बेटे के साथ मिलकर वृद्ध भाई को मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि यह घटना रविवार रात करीब 11 बजे की है। मरने वाले की उम्र 60 वर्ष के करीब बताई जा रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर हॉस्पिटल कोडरमा भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक रात घर में ब्रह्मदेव महतो और महावीर महतो शराब के नशे में धुत्त थे। जहां आपस में दोनों भाइयों के बीच जमकर कहा-सुनी हुई। बात बढ़ते-बढ़ते मारपीट पर आ गई। इसके बाद दोनों भाई एक-दूसरे को मारने पर उतारू हो गए। महावीर महतो और उसके पुत्र लाल बहादुर ने मिलकर रॉड और कुल्हाड़ी से काट-पीट कर वृद्ध ब्रह्मदेव महतो की हत्या कर दी।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर अखंड हरिकीर्तन का आयोजन

# भगवान श्रीकृष्ण के बताए मार्ग पर चलने से सभी का कल्याण संभव : मनोज कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूजा समिति काली मंदिर दिगवार द्वारा काली मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया. अखंड हरिकीर्तन को लेकर सोमवार को मंदिर परिसर से कलश यात्रा का आयोजन किया गया. कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो शामिल हुए. श्री महतो ने कलश यात्रा का विधिवत शुभारंभ फीता काटकर किया. इसके बाद कलश यात्रा में शामिल हुए. कलश यात्रा टूटी झरना पहुंची. जहां श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरा. इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने काली मंदिर परिसर पहुंचकर विधि पूर्वक कलशों को स्थापित किया. मौके पर मुख्य अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है. क्योंकि आज के दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था. कहा की भगवान श्री कृष्ण ने अत्याचारियों का अंत कर लोगों को उनके अत्याचार से मुक्ति दिलायी थी. कहा की भगवान श्री कृष्ण ने मानव जाती को जो सिख दी है यदि लोग उसका अनुसरण करें तो सभी तरह के संकट दूर हो सकते हैं. कहा की लोगों को भगवान श्री कृष्ण के बताए मार्ग का अनुसरण करने की जरूरत है.इसी से मानव जाती का कल्याण संभव है. कलाश यात्रा में पंडित भूपनारायण पांडेय, यजमान महेश प्रसाद, अनु प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद सपत्नीक सहित 251 श्रद्धालु कलशों के साथ शामिल हुए. मौके पर अध्यक्ष बिनोद कुमार कुशवाहा, राजेंद्र महतो, वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा, वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, खेमलाल महतो, प्रताप कुशवाहा, मनोज गिरी, रोहन लाल, कुलदीप अमीन, नारायण यादव, बासुदेव महतो, दिलेश्वर कुशवाहा, सीताराम, कैलाश प्रसाद, विनोद कुशवाहा, उमेश प्रसाद, प्रदीप कुशवाहा, अरुण कुमार, विजय ठाकुर, सुखदेव प्रसाद, प्रीतम कुमार, अमित कुमार, राजेश प्रसाद, प्रेमचंद मुंडा, प्रेम कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.

## बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति ने किया काठ पूजा संपन्न

### काठ पूजा हमारी परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है : प्रमोद यादव



हजारीबाग। श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के साथ मां दुर्गे की पूजा अर्चना की तैयारी भव्य रूप से प्रारंभ हो जाती है। मां दुर्गे की पूजा अर्चना की तैयारी को लेकर शहर के बड़ा बाजार दुर्गा पुजा महासमिति के द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर एक नंबर थाना स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में काठ पूजा का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। पूजा का आयोजन परंपरागत रीति रिवाजों के साथ किया गया। महासमिति के पदाधिकारी सदस्य एवं स्थानीय लोग बढ़ चढ़कर भाग लिए। पूजा अर्चना पुजारी अरूप कुमार भट्टाचार्जी के द्वारा पूरी विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया। काठ पूजा, जो दुर्गा पूजा की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हर साल श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन संपन्न होती है। इस पूजा के द्वारा दुर्गा प्रतिमा के निर्माण हेतु आवश्यक लकड़ी को शुद्ध और पवित्र किया जाता है। महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव ने बताया कि काठ पूजा हमारी परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। हमारे इतिहास और आस्था से जोड़ती है। साथ ही कहा की इसी काठ मे विराजमान होगी मां दुर्गे जिनका पूजा अर्चना शहरवासी पुरी भक्त भाव से करेंगे। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा अर्चना भव्य रूप से संपन्न किया जाएगा।

## डीएवी में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित

### भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों को आत्मसात करने की है जरूरत : प्राचार्य



**बरही।** जन्माष्टमी उत्सव के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में राधा कृष्ण सज्जा, नृत्य-संगीत, दही हांडी व भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमे एलकेजी से द्वितीय कक्षा के विद्यार्थियों ने स्वयं को राधा कृष्ण के छवि के रूप में आकर्षक वेश भूषा में प्रस्तुत कर उपस्थित लोगो का मन मोह लिया. श्रीकृष्ण के बांसुरी वादन और राधा का नृत्य प्रस्तुत कर लोगो को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया. वही कक्षा तृतीय से सप्तम के विद्यार्थियों की कर्णप्रिय भजन प्रस्तुति से सभी मंत्रमुग्ध हो गए. जिसमे सप्तम सी के प्रियम राज प्रथम, सप्तम अ की सृष्टि रानी द्वितीय तथा श्रेया व अभिपासा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने भगवान श्रीकृष्ण के गीता का उपदेश की चर्चा करते हुए कहा कि जब भी धर्म की हानि हुआ है भगवान को अवतार लेना पड़ा है. धर्म थोड़ा परेशान हो सकता है पर पराजय नही. हम सबों को धर्म के मार्ग पर चलते हुए हमेशा सच का साथ देना चाहिए. उन्होंने श्रीकृष्ण के विभिन्न स्वरूपों की चर्चा करते हुए पूतना वध, श्रीकृष्ण सुदामा की दोस्ती, कंश वध सहित महाभारत की संक्षिप्त इतिहास भी बताए. अंत में सबों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों को आत्मसात करने की बात कही.

### पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका में राधा कृष्ण रूप सजा प्रतियोगिता का आयोजन




**बरकट्ठा।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर बरकट्ठा के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका में राधा कृष्ण विषय पर आधारित रूप सजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से लेकर पांचवी तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कृष्णा और राधा के रूप में सज धज कर उनका सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया। वहीं विद्यालय प्रांगण दिव्य वातावरण में परिणत हो गया। इस मौके पर शिक्षक शुभम कुमार मिश्रा द्वारा विधिवत पूजन कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। वहीं नृत्य शिक्षक मुकेश कुमार राणा की देखरेख में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद, प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र प्रसाद, प्राचार्य दिनेश कुमार भारती एवं सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी।

## न्यूज बॉक्स


### आईलेक्स की विभिन्न शाखाओं में राधा कृष्ण प्रतियोगिता आयोजित

### भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को याद दिलाता है जो हम सबों के लिए है अनुकरणीय : निदेशक



**बरही ।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर आईलेक्स के विभिन्न शाखाओं में राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का। आयोजन किया गया. नन्हे मुन्हें विद्यार्थियों ने राधा रानी और कृष्ण के बाल लीलाओं को विभिन्न छवि के माध्यम से प्रस्तुत कर उपस्थित लोगो का मन मोह लिया. इस अवसर पर राधा रानी के नृत्य, कान्हा के माखन चोरी, रास लीला आदि स्वरूपों के अनोखे अंदाज देखने को मिले. जिससे पूरा विद्यालय राधेमय हो गया. इस अवसर पर कुछ शाखाओं में हांडी फोड़ प्रतियोगिता भी आयोजित किए गए. जिसमे विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थियों ने खूब मजा किया. मुख्य शाखा में विद्यालय के निदेशक डॉ शैलेश कुमार ने बताया कि जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को याद दिलाता है. यह श्री कृष्ण सुदामा की दोस्ती, कंश वध, महाभारत की गाथा, भगवान श्रीकृष्ण का गीता उपदेश जैसे कई महत्पूर्ण घटनाओं को स्मरण करने का दिन है. जिसमे कई आदर्श और सिद्धांत मिलते है. धर्म और अधर्म की लड़ाई, वंशवाद की लड़ाई और नीति के अनुसरण करने की सिख देता है. जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के साहस, नीति, सिद्धांत, कर्म, उपदेश आदि तथ्यों को समझने और उसका अनुसरण करने को बताता है. इस अवसर पर विद्यार्थियों को कृष्ण जन्म पर आधारित विडियो भी दिखाए गए.

### मुन्ना सिंह ने किया नए प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत



**हजारीबाग।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने नवनियुक्त झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी उपस्थित थे।समारोह में झारखंडी संस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे। जिन्होंने नए प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में अपना उत्साह दिखाया। यह समारोह पार्टी की एकता और नए नेतृत्व के प्रति समर्थन का प्रतीक बन गया। मुन्ना सिंह ने इस अवसर पर कहा कि आज का दिन झारखंड कांग्रेस के लिए एक नई शुरूआत का प्रतीक है। केशव महतो के नेतृत्व में हम राज्य की जनता की आवाज बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी परंपराओं और संस्कृति को संजोते हुए, हम झारखंड के विकास और प्रगति के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

### पंचायत भवन बरकट्ठा उत्तरी में मुखिया संघ की बैठक संपन्न, अनिश्चितकालीन धरना देंगे मुखिया



**बरकट्ठा।** प्रदेश मुखिया संघ के निदेर्शानुसार प्रखंड के सभी मुखिया 27 अगस्त से रांची में अनिश्चितकालीन धरना देंगे। इस निमित्त बरकट्ठा उतरी पंचायत भवन में प्रखंड मुखिया संघ की बैठक मुखिया संघ के अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कि गई। पत्रकारों से बातचीत में प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा राज्य वित आयोग कि राशि पंचायतों को नहीं दिया जा रहा है। साथ ही विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश मुखिया संघ के निदेर्शानुसार प्रखंड के सभी मुखिया जाकिर हुसैन पार्क (राजभवन) के पास अनिश्चितकालीन धरना देंगे। मांगे पूरी नहीं होने तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार जिस प्रकार पंचायतों को फंड आवंटित कर रही थी उस तरह इस सरकार में नहीं हो रहा है। जिसके कारण पंचायत में विकास कार्य आपेक्षित है। बैठक में बरकट्ठा उतरी मुखिया प्रमीला देवी, श्यामा साव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### सतगावां में भारी मात्रा में बीयर बरामद, एक गिरफ्तार

**कोडरमा / सतगावां ।** सतगावां पुलिस ने रविवार की शाम करीब चार बजे ढाब चेकपोस्ट के पास चार पहिया वाहन में लदा अवैध केन बीयर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वाहन से 500 एमएल 168 पीस बीयर बरामद किया गया। पुलिस ने वाहन चालक पटना के सुल्तानगंज के दरगाह रोड निवासी 37 वर्षीय चंदन कुमार, पिता- स्व कृष्ण प्रसाद को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सोमवार को जानकारी देते हुए एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार मिली थी कि चार पहिया वाहन से भारी मात्रा अंग्रेजी शराब लेकर गावां, गिरिडीह तरफ से आ रहा है।

## राधा-कृष्ण मंदिर में धूम-धाम से मना जन्माष्टमी का त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

बॉडम बाजार ग्वाल टोली मथुरा नगर स्थित राधा-कृष्ण शिव परिवार पंचमुखी हनुमान मंदिर में सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था से परिपूर्ण होकर जन्माष्टमी का त्योहार मनाया गया। मंदिर कमिटी द्वारा मंदिर को आकर्षक रूप में सजाया गया। उसके बाद लड्डू गोपाल को मनमोहक श्रृंगार कर उन्हें विधि-विधान से झूले में अधिष्ठापित किया गया। जिसके बाद महंत अजय पांडे द्वारा विधि विधान से मंत्रोचरण के साथ पूजा संपन्न कराया गया। पूजा में जजमान के रूप में मनीष कुमार मुन्ना, कैलाश यादव, विराट यदुवंशी, शीला देवी, रीना कुमारी, शनाया कुमारी, कुणाल यादव, सुमन वर्मा शामिल हुए।

## एंजेल्स हाई स्कूल में मना जन्माष्टमी का त्योहार

### मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

बड़कागांव रोड अवस्थित एंजेल्स हाई स्कूल परिसर में भक्ति और आस्था से परिपूर्ण होकर जन्माष्टमी का त्योहार मनाया गया। मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल विशेषरुप से उपस्थित हुए और अपनी मां विद्या जायसवाल, धर्मपत्नी निशा जायसवाल, पुत्र करण जायसवाल, पुत्र बधू अवंतिका जायसवाल और पौता- पौती सहित अपने परिवार एवं स्कूल परिवार के सदस्यों के साथ कन्हैया का मनमोहक श्रृंगार कर उन्हें विधि- विधान से झूले में अधिष्ठापित किया। लड्डू- गोपाल को भक्ति गीतों संग झूमते- गाते सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य सभी लोगों ने झूला झुलाया और भोग लगाया। यहां स्कूल के चारों हाउस के बीच मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के चार हाउस अर्थ, फायर, वॉटर और एयर हाउस के बच्चों ने दम दिखाया।



मटका फोड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग के विजेता अर्थ हाउस और विजेता फायर हाउस बना वहीं बालिका वर्ग में विजेता वॉटर हाउस और विजेता एयर हाउस रहा। स्कूली बच्चों ने कृष्ण जन्माष्टमी के त्यौहार को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया और हाथी घोड़ा पालकी- जय कन्हैया लाल की, जय श्री कृष्ण के नारे खूब लगाए। यहां स्कूल बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप के नटखटपन को सामुहिक नृत्य के माध्यम से जीवंत कर सबका मन मोह लिया ।मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की लोगों में भक्ति, श्रद्धा और आस्था के प्रति लोगों की चाहत बढ़ी है। उन्होंने कहा की भगवान श्रीकृष्ण हमारे आदर्श हैं और सदियों से उन्हीं के आदर्शों को आत्मसात कर हिंदू समाज के लोग आदर्श कार्य कर रहे हैं लेकिन वर्तमान कलयुग में भगवान श्री कृष्ण के आदर्शों को विशेष आत्मसात करने की आवश्यकता है ।

## मुआवजा राशि हड़पने के लिए हुई हत्या

# संजय बेदिया की धर्मेन्द्र बेदिया ने हत्या करवाई थी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

23 अगस्त की रात्रि लगभग 07-08 बजे के बीच ग्राम-तिलैया निवासी संजय बेदिया, पिता-शिवनन्दन बेदिया को ग्राम तिलैया, कुज्जू ओपी के पास अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस संदर्भ में माण्डू (कुज्जू) थाना काण्ड सं0-197/2024, धारा-103 (1)/3(5) बीएनएस एवं धारा-27 आर्म्स एक्ट अंतर्गत दर्ज कर काण्ड का अनुसंधान प्रारंभ किया गया। मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता के मद्देनजर काण्ड के त्वरित उद्भेदन एवं अज्ञात अपराधकर्मियों के विरूद्ध सघन छापामारी/गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अजय कुमार रामगढ़ द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। यह जानकारी सोमवार को प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया की पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को इस काण्ड में मिली गुप्त सूचना के आधार पर की इस घटना को गांव के लोगों द्वारा भाड़े के अपराधकर्मियों के साथ मिलकर अंजाम दिया गया है।

### रेलवे कर्मचारी यूनियन ने एडीआरएम का किया स्वागत, रखी कई समस्या

**झुमरी तिलैया।** स्टेशन के इंस्पेक्शन के लिए एडीआरएम विनीत कुमार मंडल सोमवार को कोडरमा स्टेशन पहुंचे। उनके साथ वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार, वरीय मंडल अभियंता सूरज कुमार शामिल थे। इसमें से मुख्य रूप से एडीआरएम ने गुरुप स्थित बैंकर सेट का शौचालय, विद्युत व मरम्मत कार्य का निर्देश कार्य निरीक्षक व इलेक्ट्रिकल सुपरवाइजर को दिया। साथ ही साथ कोडरमा में बना रहे रेलवे आवास के कार्य में काफी धीमी गति व बंद हो जाने का विरोध यूनियन ने किया। इस पर एडीआरएम ने मंडल प्रबंधक से बात कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश वरीय मंडल अभियंता को दिया ताकि क्वार्टर की कमी को कोडरमा में दूर किया जाए।

## केरेडारी और बड़कागांव के कई गांवों में कीर्तन में शामिल हुए सांसद, कहा

# एनटीपीसी से वार्ता कर जनहित में ऐसे पथों को अवरुद्ध होने से बचाएंगे

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी और बड़कागांव प्रखण्ड क्षेत्र में भगवत भक्ति की बहार बही। श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के साथ क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में 24 घंटे का अखंड श्री हरि कीर्तन का आयोजन जगह-जगह पर हुआ। सोमवार को इस अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी और बड़कागांव प्रखंड के कई गांव का सघन दौरा किया और ग्रामीणों के



साथ हरे कृष्णा हरे राम संकीर्तन में शामिल होकर उनका उत्साहवर्धन किया। सांसद मनीष जायसवाल ने इसकी शुरूआत केरेडारी प्रखंड स्थित ग्राम गर्रीकला के महुवा चौक स्थित शिव मंदिर से किया। जिसके बाद ग्राम जमीरा के जमीरा मंदिर, पेटो पंचायत के भदईखाप के सती चौरा अवस्थित सतबहनी माता स्थान में आयोजित अखण्ड श्री हरि कीर्तन में शामिल हुए। स्थानीय लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही संबंधित मदर कंपनी एनटीपीसी के अधिकारियों से वार्ता करेंगे और जनहित में ऐसे पथों को अवरुद्ध होने से बचाएंगे।

### बिहार के गन्ना उद्योग मंत्री ने सिद्धि दात्री आहार प्र.लिमिटेड का किया अवलोकन

**हजारीबाग।** बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णा नन्द पासवान रांची से लौटने के क्रम में हजारीबाग डेमोटांड स्थित सिद्धी दात्री आहार प्र०लिमिटेड का सोमवार को अवलोकन किया। वहीं अवलोकन करने के पश्चात कृष्णा नंद पासवान ने कहा कि सचमुच में सिद्धी दात्री आहार प्र० लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत सुनील सिन्हा ने हजारीबाग ही नही बल्कि पूरे झारखंड एवं देश के लिए उद्योग के क्षेत्र में युवा उद्यमी के रूप में एक उभरता हुआ चेहरा है।श्री पासवान ने कहा कि बहुत ही कम समय मे इन्होंने जटिल परिस्थिति में एक मुकाम हासिल की है।इनके सफल प्रयास का लाभ नए युवा उद्यमियो को जरूर मिलेगा।

## एक नजर

### नाबालिग युवती से दुष्कर्म, तीन आरोपी गिरफ्तार

**सिमडेगा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र में नाबालिग नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को युवकों ने दिया अंजाम जिसमें पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है।प्रेस नोट जारी करते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध कोलेबिरा थाना कांड संख्या 52/24 दर्ज करते हुए धारा 137(2)/96/70 (2) बीएनएस एवं4/6/8/10 पोक्सो एक्ट दर्ज किया गया है।आरोपियों में कोलेबिरा निवासी अंकित राजपूत, रवि उर्फ रविन्द्र गोप एवं जितेंद्र महतो शामिल हैं।जिन्हें सोमवार को जेल भेज दिया गया।

### बटकुरी गांव में बिजली करंट से दो बैलों की मौत एक लड़की झुलसी

भरनो। भरनो प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत बटकुरी गांव में सोमवार को बिजली करंट के चपेट में आने से दो बैलों की मौत हो गई जबकि बैलों को बचाने के क्रम में सलमी कुमारी(16) गंभीर रूप से झुलस गई है।मिली जानकारी के अनुसार बटकूरी गांव में बिजली का एलटी तार टूट कर जमीन में गिरा हुआ था,वहीं पास में भांगा मुंडा का दो बैल एक ही रस्सी में बांधा हुआ बिजली तार की तरफ घास चरते पहुंच गया,और जमीन में गिरे बिजली तार के चपेट में आ गया,बैलों को करेंट लगते देख भांगा मुंडा की पुत्री सलमी दौड़कर गई और बैलों में बंधे रस्सी को काटने का प्रयास कर रही थी तभी वह भी बिजली करेंट की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई।घटना की सूचना करंज थाना प्रभारी आशीष केशरी और मुखिया दसरत भगत को दी गई,तब जाकर बिजली कटवाया गया।घटना के घटना स्थल पर ही दोनो बैलों की मौत हो गई,जबकि सलमी गंभीर रूप से झुलस गई।

### बॉक्साइट ट्रक ने पेड़ को मारी टक्कर, एक की मौत

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत बिशुनपुर थाना क्षेत्र स्थित टुटुआ मोड में अनियंत्रित बॉक्साइट लोड ट्रक ने सड़क किनारे स्थित एक पेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही ट्रक चालक , डूमरपाट निवासी अनमोल ठीठिओ की मौत हो गई, जबकि उक्त ट्रक चालक के बगल में बैठा, डूमर पाट निवासी 28 वर्षीय हेमंत ठीठियो गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की जानकारी बिशुनपुर थाना को दी। वही 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच कर अनमोल को मृत घोषित कर दिया। वहीं हेमंत का प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया ।जानकारी देते हुए पिता पिता पीटर ठीठिओ ने बताया दोनों चचेरे भाई हैं। अनमोल बॉक्साइट ट्रक चलाता है। रविवार को दोनों गुरदरी से बॉक्साइट लोड कर लोहरदगा गए थे। बॉक्साइट खाली कर दोनों गुरदरी जा रहे थे। तभी टुटुआ मोड में ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे सखुआ के पेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बीरू गांव में भव्य कलश यात्रा का हुआ आयोजन

## 24 घंटे तक चलेगा हरि कीर्तन का कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े हर्षोउल्लास के साथ धूमधाम से श्री जगन्नाथ मंदिर बीरू में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर 24 घंटे का श्री अखंड हरी कीर्तन किया जा रहा है। भाजपा नेता सह समिति के संरक्षक तुलसी कुमार साहू ने बताया कि सोमवार को 26 अगस्त 2024 दिन सोमवार को सुबह 6:00 पूरे बीरू ग्राम के ग्रामीणों माताओं बहनों श्रद्धालुओं के साथ भव्य तरीके से पूरे विधि विधान से कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा के उपरांत शाम 5:00 पूरे विधि विधान के साथ अधिवास पूजन किया गया उसके उपरांत आज 27 अगस्त 2024 दिन मंगलवार सुबह 8:00 बजे श्री हरि कीर्तन प्रारंभ होगा यह कीर्तन लगातार 24 घंटे तक चलेगा फिर 27 अगस्त 2024 दिन बुधवार को सुबह 8:00 बजे श्री हरि कीर्तन समापन होगा उसके उपरांत उसी दिन 9:00 बजे से बीरू ग्राम में नगर कीर्तन एवं दधिभंजन किया जाएगा एवं उसके बाद 11:00 बजे से पूरे विधि विधान के साथ पूजा प्रारंभ होगा 1:00 पूणाहुती एवं महाआरती होगा उसके पश्चात 1:30 बजे से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस अखंड हरी कीर्तन में पुरोहित के रूप में प्रदीप मिश्रा यजमान के रूप में दुर्ग विजय सिंह देव और पंडित के रूप में मंटू मिश्रा रहेंगे। इस श्री हरि कीर्तन में बीरू के अलावे अगल-बगल के कई कीर्तन मंडली को आमंत्रित किया गया है। कई कीर्तन मंडली शामिल होंगे। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए श्री कृष्ण जन्माष्टमी प्रबंधन समिति बीरू एवं मां काली मंदिर निर्माण समिति बीरू पूरे श्रद्धा के साथ लगे हुए हैं।

## जोराम घाटी में अनियंत्रित होकर ट्रेलर पलटा, इलाज के क्रम में चालक की हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोराम घाटी में सोमवार को दोपहर में अनियंत्रित होकर मालवाहक ट्रेलर नियंत्रित होते हुए पलट गई। पलटने की वजह से चालक मौके पर ही दब गया। मौके पर राहगीर एवं स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ी और इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने पर तुरंत थाना प्रभारी सच्चिदानंद गुप्ता दलबल के साथ पहुंचे और हाइड्रा क्रेन मंगाई और काफी मशक्कत के बाद दबे हुए चालक को निकालकर एंबुलेंस के माध्यम से उसे रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर भेजा। जहां पर उसकी स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया ।इधर अस्पताल सिमडेगा लाने की साथ ही इलाज के क्रम में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि चालक के घण्टो दबे रहने की वजह से उसका दाहिना पैर पूरी तरह से कुचल गया था और अत्यधिक रक्तस्राव होने की वजह से उसकी मौत हो गई ।इधर चालक की पहचान विजय राय के रूप में हुई है।थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रक मालिक बिहार के वैशाली जिला निवासी है। जिसको घटना की सूचना दे दी गई है साथ ही शव को सदर अस्पताल सिमडेगा स्थित शवकक्ष में रखा गया है। इधर परिजनों के आने के साथ ही शव का पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। इधर प्रत्यक्ष दर्शी के अनुसार वाहन तीव्र गति में था इस वजह से अनियंत्रित होकर पलट गया।

माताओं की संरक्षिका संत मोनिका का पर्व मना

## आदर्श मां थी संत मोनिका, प्रेरणा लें माताएं : आईरिन एक्का



**केरसई।** केरसई के नोनगढ़ा में माताओं की संरक्षिका संत मोनिका का पर्व धुमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में झापा युवा नेत्री आईरिन एक्का उपस्थित थे। मौके पर टैंसेर पल्ली के पल्ली पुरोहित फा जेम्स लकड़ा की अगुवाई में मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। मौके पर आईरिन एक्का ने संत मोनिका को आदर्श मां बताते हुए कहा कि संत मोनिका का जीवन कठिन चुनौतियों से भरा हुआ था। फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। आदर्श जीवन व्यतीत करते हुए उन्होंने खीस्तीय जीवन को अपनाया। हमारी माताओं को भी संत मोनिका की तरह ही काम करना चाहिए। उन्होंने लोगों को गरीबों एवं दिन दुखियों की सेवा करने की अपील करते हुए कहा कि दिन दुखियों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा होती है। उन्होंने कहा कि लाचार एवं गरीबों में ईश्वर का वास होता है। ऐसे लोगों की मदद करने से मन को परम सुख, शांति की अनुभूति होती है। साथ ही घर में भी खुशहाली और समृद्धि बनी रहती है। सभी माताएं संत मोनिका के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का पालन करें। आईरिन एक्का ने कहा कि समाज में महिलाओं को पुरा सम्मान मिलना चाहिए। लेकिन आज भी महिलाएं अपने हक और अधिकार से वंचित है।

कई लोगों ने थामा झारखंड पार्टी का दामन

## नगर परिषद की हर समस्या को किया जाएगा दूर : एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सुना है समुद्र को गुमान आया है, उधर ही ले चलो कश्ती जहां तूफान आया है। मुश्किलों से हम घबराते नहीं है हमारे आगे मुश्किल भी शर्मिंदा नजर आती है। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का नगर परिषद के कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। बैठक में एनोस एक्का ने कहा कि शहर की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। व्यापारियों को व्यापार के लिए भय मुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण किया जाएगा। फुटपाथ दुकानदारों को दुकान के लिए जगह उपलब्ध कराया जाएगा, शहर के एक-एक लोगों की समस्या को दूर करते हुए सभी के चेहरे पर मुस्कान लाया जाएगा। उन्होंने धर्म के नाम पर गंदी राजनीति करते हुए समाज को तोड़ने का प्रयास करने वाले और नफरत फैलाने वाले लोगों की पहचान कर उन्हें विधानसभा चुनाव में अपने वोट की ताकत से जवाब देने की बात कही। मौके पर कई लोगों ने झारखंड पार्टी पर विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की सभी लोगों को पार्टी का दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर आईरीन एक्का, ओलिवर लकड़ा, मुन्ना शर्मा, अनूप श्रीवास्तव, अभय विश्वकर्मा, जिया ठाकुर, मिथिलेश प्रसाद, पिंकू चौधरी, मो इनामुल, मो इकबाल, मो छोटू, बिलाल अली, सुरजीत दत्ता, अरुण सिंह, दीपक बिद्धू, राजू सिंह, राजू केशरी, एमलेम कोंगड़ी, नीलू किंडो, मुसरफ, चिराग तिर्की, रीतू नायक शहीद कई लोग उपस्थित थे।

डॉल्फिनों रिसॉर्ट में धूमधाम से मनाया गया दही हंडी प्रतियोगिता

## दही-हांडी समृद्ध परंपराओं की सार है जो सभी समुदायों को एक साथ लाती है : हर्ष अजमेरा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शहर के ओकनी स्थित डॉल्फिनों रिसॉर्ट में कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर क, दही हंडी प्रतियोगिता, राधा कृष्ण बाल रूप सजा प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, विशिष्ट अतिथि विजय शंखनाद के संस्थापक अमरदीप यादव, पर्व रामनवमी महासमिति अध्यक्ष कुणाल यादव उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल प्रभारी पंकज मेहता हजारीबाग हाइवा एशोशियेषण के अध्यक्ष बसंत यादव साथ ही साथ कार्यक्रम प्रमुख मनदीप यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रमुख मनदीप यादव ने संचालन करते हुए कहा की कृष्ण का धरती पर अवतरण एक क्रांतिकारी घटना थी। उन्होंने जन्म से ही लीलाएं की थीं।उनमें से एक थी दही हांडी। आपने कान्हा के माखन चोरी की कहानियां तो सुनी ही होंगी। भगवान कृष्ण को माखन बहुत प्रिय था। इसके लिए वह अपने दोस्तों के साथ पड़ोस के घरों में चोरी चुपके माखन चुराते और अपने मित्रों को भी खिलाते थे। कृष्ण की इन हरकतों की वजह से गोकुल की महिलाओं ने दही-माखन को ऊंचे स्थान पर लटकाना शुरू कर दिया लेकिन तब भी कृष्ण अपने सखाओं को साथ माखन की मटकी तक पहुंच जाते थे। बताया जाता है तभी से दही हांडी के उत्सव की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि हर्ष अजमेरा ने कहा कि दही हांडी महाराष्ट्र की समृद्ध परंपराओं की सार है जो सभी समुदायों को एक साथ लाती है और नागरिकों में सांस्कृतिक भावना का विकास करती है। विशिष्ट अतिथि विशिष्ट अतिथि अमरदीप यादव ने कहा कि हमें एक ऐसे आयोजन का समर्थन करने पर गर्व है जो न केवल राज्य की गहरी सांस्कृतिक जड़ों को पोषित करता है बल्कि खेल भावना को भी बढ़ावा देता है। मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रुप से रितेश यादव, अनीश सिंह, मुन्ना यादव, झूमा झा, साक्षी सिन्हा, अंजली यादव, खुशबू रानी, मानसी गुप्ता उपस्थित थे।

## युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने का प्रयास कर रहे हैं विधायक : जोसिमा खाखा



**सिमडेगा।** शहर के घोचोटोली में युथ क्लब घोंचोटोली के तत्वावधान में खेले जा रहे फुटबॉल प्रतियोगिता का फाईनल मैच खेला गया। फाईनल मैच घोचोटोली ए ने आदिवासी बालक छात्रावास सिमडेगा को 2-0 से हराया। प्रतियोगिता में तीसरा स्थान काटुकोना की टीम को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। उन्होंने विजेता टीम को सम्मानित किया। वहीं रेभ पीटर खाखा ने दूसरे स्थान आने वाली टीम को एवं सुशील बाड़ा ने तीसरे स्थान प्रप्त करने वाली टीम को पुरस्कृत किया। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा और राज्य सरकार का मानना है कि जिले में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है। लेकिन अवसरों की कमी के कारण होनहार खिलाड़ी अपनी प्रतिभा निखार नहीं पाते थे। लेकिन अब तमाम होनहार खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का अवसर दिया जा रहा है। प्रतियोगिता के माध्यम से युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने का प्रयास किया जा रहा है। इतना नहीं हमारी सरकार खिलाड़ियों को सीधी नौकरी देकर युवाओं में खेल के प्रति रुची बढ़ाने का काम कर रही है। खेल एवं खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। खेल के विकास के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में रोजगार के आपास संभावना है।

विधायक ने प्रदेशवासियों को कृष्ण जन्माष्टमी की दी बधाई

## अपने आवासीय कार्यालय में प्रसाद का किया वितरण



**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव ने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्रवासियों एवं समस्त प्रदेशवासियों को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने सभी के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। विधायक ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि भगवान श्री कृष्ण हमें जीवन जीने का सही राह बताते हैं। उनके उपदेश जीवन की हर परिस्थिति के लिए प्रासंगिक है। वहीं विधायक ने अपने आवासीय कार्यालय बरकट्ठा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर अखंड कृष्णायन पाठ के पश्चात प्रातः 10:00 बजे हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया । उन्होंने सभी सम्मानित भक्त जनों से आग्रह कर प्रसाद ग्रहण करने एवं आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु सादर आमंत्रित किया। वहीं श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर दिव्य कल्याण आश्रम में जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के अमन चैन की कामना की तथा प्रसाद का वितरण किया।

### शिक्षित बेरोजगार युवकों का बायोडाटा संकलन किया गया

**रामगढ़।** आजसू पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार युवा आजसू रामगढ़ जिला प्रभारी राजेश महतो के नेतृत्व में रामगढ़ नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नं 26 कैथा और छावनी परिषद अंतर्गत वार्ड नं 8 में शिक्षित बेरोजगार युवकों का बायोडाटा संकलन किया गया। मोकड़ पर युवा आजसू के रामगढ़ जिला के प्रभारी राजेश महतो ने कहा कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के निर्देश पर रामगढ़ जिला के शिक्षित बेरोजगार युवकों का बायोडाटा संकलित किया जाएगा। संकलित बायोडाटा को प्रखंड विकास पदाधिकारी और झारखंड के मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा।

माले की विधानसभा स्तरीय जीबी महासम्मेलन संपन्न

## नौ सितंबर को धनबाद में आयोजित एकता रैली में भारी संख्या में जुटने की अपील



**नवीन मेल संवाददाता। गांवा (गिरिडीह)**
मासस के भाकपा माले में विलय को लेकर गांवा प्रखंड के माल्डा उच्च विद्यालय मैदान में सोमवार को भाकपा माले की विधानसभा स्तरीय जीबी महासम्मेलन आयोजित की गयी। कार्यकर्ताओं के इस महासम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोगों का जुटान हुआ। बैठक में मुख्य रूप से धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव और बगोदर के विधायक विनोद सिंह उपस्थित थे। बैठक के दौरान आगामी 9 सितंबर को धनबाद में आयोजित एकता रैली को सफल बनाने और विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोगों के भाग लेने पर बल दिया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने अपने विधायक काल की उपलब्धियों को गिनाया। साथ ही हेमंत सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए भाजपा पर जमकर बरसे,उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता पाने के लिए तमाम तरह के हथकंडे अपना रही है। भाजपा लूट और झूठ की पार्टी है, झूठ बोलकर ही वह सत्ता में आई थी। भाजपा ने हर एक व्यक्ति के खाते में 15 लाख रुपए देने,सलाना 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था लेकिन नौकरी देने की बजाए कोरोना काल में 50 लाख लोगों की नौकरी छिन ली। इतना ही नहीं अपना हक मांगने गए पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया, जलसहिया आदि पर रघुवर दास की सरकार ने जमकर लाठियाँ बरसाई थी।

## न्यूज बॉक्स

### तस्करी के लिए रखे गए आठ पशुओं को कोलेबिरा थाना की पुलिस ने किया जब्त



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना पुलिस ने तस्करी के लिए ले जाये जा रहे आठ पशुओं को किया जब्त।मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि कोलेबिरा-बरवाडीह पथ स्थित मरियम टोंगरी के समीप पशु तस्करों द्वारा आठ पशुओं को तस्करी के लिए रखा गया है।तस्करों द्वारा पशुओं को ले जाने के लिए एक पिकअप वैन (ओडी-23डी-0823) को मंगाया गया था।किंतु वह पिकअप कीचड़ में फंस गया। इस बीच ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी।इसकी भनक तस्करों को लग गयी और तस्करों ने पिकअप वैन को किसी तरह कीचड़ से निकाला और पशुओं को वहीं पर छोड़ कर फरार हो गये। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर पशुओं को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी।

### नाबालिग अपहरण मामले में आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बानो।** बानो पुलिस ने ग्राम जराकेल निवासी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार एक नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में लड़की के परिजनों द्वारा लिखित आवेदन देने पर कि उनकी नाबालिग बेटी को शादी के नियत से अपहरण के आरोप में प्राथमिकी अभियुक्त दे० कुमार तिर्की कांड संख्या31/24 के तहत गिरफ्तार सोमवार को जेल भेज दिया।साथ ही नाबालिग पीड़िता को बानो पुलिस ने बरामद कर लिया है।।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म मामले में पुलिस ने तीन आरोपी सोमवार को गिरफ्तार किया । तीनों आरोपी अंकित राजपूत उर्फ अंकित कुमार सिंह उम्र लगभग 22 वर्ष रवि उर्फ रविन्द्र गोप उम्र करीब 20 वर्ष जितेन्द्र महतो उम्र 19 वर्ष की गिरफ़्तारी की गई। साथ ही घटना में प्रयुक्त सामग्री टीवीएस स्कूटी,04 मोबाइल फोन , पल्सर बाइक जप्ति गई। तीनो आरोपी को कांड संख्या 52/24 धारा 137(2) 96/70 (2) बी एन एस एवं 4/6/8/10 पोक्सो एक्ट 03 नामजद अभियुक्त के विरुद्ध अंकित किया गया तीनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर इन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पुलिस ने बताया कि नाबालिक किशोरी अपने घर जाने के लिए सड़क किनारे खड़ी थी इसी दौरान आरोपी युवकों ने लिफ्ट देने के नाम पर उसे अपने मोटरसाइकिल पर बिठाया और सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। मौके पर छापेमारी दल में थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह, एस आई बनबिहारी कुमार, एसआई अरविंद कुमार, एएसआई इंदरजीत समद,एएसआई कौशल किशोर एवं दल बल के साथ पुलिस मौजूद रहे।

### पागल कुत्ते का आतंक, पांच लोगों को काट कर किया जख्मी



**ठेठईटांगर।** प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को एक आवारा पागल कुत्ते ने पांच लोगों को काटकर घायल कर दिया जिसमें दो वर्षीय बच्चे सहित ठेठईटांगर थाना के एएसआई भी शामिल है। सभी घायलों का उपचार रेफरल अस्पताल मे किया गया एवं उन्हें एंटी रेबीज का इंजेक्शन दिया गया। बताया गया 2 वर्षीय मासूम बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था तभी अचानक पागल कुत्ते ने आकर काट लिया।बाकी राहगीरों अपने काम के सिलसिले में मुख्यालय चौक आए हुए थे तभी चलते-फिरते राहगीरों को कुत्ते ने काट कर घायल कर दिया। घायलों में थाना में कार्यरत अशोक कुमार झा, अतीप आलम 2 वर्ष, निरूपा डुंगडुंग 8 वर्ष ,सूरजना तुरी 10 वर्ष राईबहार, मंगल तुरी 12 वर्ष बांसपहार तुरी टोली शामिल है।

### कुरडेग में शादी का झांसा दे युवती संग यौन शोषण, मुकदमा दर्ज



**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा दोस्ती बना शादी का झांसा देकर लगभग चार बर्षो तक युवती के साथ यौन शोषण करता रहा। इसी बीच युवती कइ बार गर्भवती भी हो गई जिसे आरोपित युवक द्वारा गर्भपात कराया गया फिर शादी से इंकार कर दिया ।पीड़ीता ने कुरडेग थाने में आरोपित के खिलाफ नामजद शिकायत की है पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।मामले के संबन्ध में थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि कुरडेग थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने महताब आलम पिता खुरशीद आलम निवासी झिरकामुण्डा नामक युवक के खिलाफ शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म का आरोप लगा। शिकायत पर कुरडेग थाना काण्ड संख्या 35/2024 दिनांक 25-08-24 धारा 376 ,313 भा० द० वि० एवं 69 बी एन एस 2023 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाई की जा रही है ।आरोप है कि आरोपित युवक पीड़ीता को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करता रहा जब वह शादी का दबाव बनाती तो उसे टाल देता और अब शादी से इंकार कर रहा है ।

### पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार

**रामगढ़।** विगत 25 अगस्त को समय लगभग 23:00 बजे रात्रि में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को सूचना मिली कि पतरातू थाना क्षेत्र अन्तर्गत पोस्ट ऑफिस चौक के पास अर्न्तजिला मोटरसाईकिल चोर का गिरोह संदिग्ध हालत मे घूम रहे हैं। जो किसी घटना को अंजाम देने की फिराक मे है। उक्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी पतरातू थाना एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल के साथ उक्त स्थान के आसापास छापामारी अभियान चलाया गया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सामवार को प्रेस वार्ता में दी। बताया की छापामारी अभियान के दौरान एक बाईक सवार दो युवक पुलिस गाड़ी को देखकर भागने लगे।

"अपनी भूल अपने ही हाथों से सुधर जाए, तो यह उससे कहीं अच्छा है कि कोई दूसरा उसे सुधारे। - मुंशी प्रेमचंद



संपादकीय

## एमपॉक्स महामारी न बने सावधानी रहे

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संक्रमण के बढ़ते मामलों और इसके आगे फैलने की आशंका के बाद एमपॉक्स को अंतरराष्ट्रीय चिंता की दृष्टि से सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया है। इससे इसके प्रति समन्वित अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया तथा इस संक्रामक रोग के प्रसार की रोकथाम के लिए टीके और जांच जैसे उपायों की आवश्यकता उत्पन्न हो गई है। लेकिन डब्ल्यूएचओ ने एमपॉक्स को महामारी घोषित नहीं किया है, बल्कि उसने ये कदम इसे महामारी बनने से रोकने के लिए उठाए हैं। एमपॉक्स, जिसे मंकी पॉक्स के नाम से जाना जाता है, चेचक से मिलता-जुलता एक वायरल संक्रमण है। शुरूआती लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, लिम्फ नोड्स की सूजन और मांसपेशियों में दर्द शामिल हैं। इसके बाद चेहरे, हाथों और पैरों पर एक खास तरह के दाने निकल आते हैं। कुछ अफ्रीकी देशों में एमपॉक्स के फैलने के कारण अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्रों ने हाल ही में एमपॉक्स को महाद्वीपीय सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया। वर्ष 2017 में अपनी स्थापना के बाद से पहली बार इस संगठन ने ऐसी चेतावनी जारी की है। मध्य अफ्रीका के कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थिति एक वर्ष से अधिक समय से चिंताजनक बनी हुई है। एमपॉक्स के दो प्रकार या क्लेड हैं। पश्चिमी अफ्रीका में उत्पन्न होने वाला क्लेड कम गंभीर है। इसकी मृत्यु दर एक फीसदी तक है यानी इससे लगभग 100 में से एक व्यक्ति की मृत्यु की आशंका है। लेकिन मध्य अफ्रीका में उत्पन्न क्लेड की मृत्यु दर 10 फीसदी तक है। इसकी तुलना सार्स-कोव-2 के ओमिक्रॉन वैरिएंट के 0.7 फीसदी मृत्यु दर से की जा सकती है, जो कोविड का कारण बनने वाला वायरस है। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में अधिक घातक क्लेड कएमपॉक्स का भारी संक्रमण देखा जा रहा है। एमपॉक्स मध्य और पश्चिमी अफ्रीका के कुछ हिस्सों में अक्सर फैलता है, जहां यह वायरस जानवरों में पाया जाता है और मनुष्यों में फैल सकता है। वर्ष 2017 से इसका प्रकोप बढ़ रहा है, और यह मनुष्य से मनुष्य में फैल रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि एमपॉक्स वायरस के प्रति प्रतिरोधक क्षमता बहुत कम है, जो चेचक के वायरस से संबंधित है। चेचक के खिलाफ बड़े पैमाने पर टीकाकरण 40 साल से भी पहले वैश्विक स्तर पर बंद हो गया था, जिसके चलते आज लोगों में एमपॉक्स के प्रति प्रतिरोधक क्षमता बहुत कम है। इस सप्ताह डब्ल्यूएचओ ने जो घोषणा की है, वह क्लेड से संबंधित है। न केवल इसकी मृत्यु दर अधिक है, बल्कि इसमें नए म्यूटेशन (उत्परिवर्तन) भी होते हैं, जो लोगों के बीच प्रसार को बढ़ाता हैं। ये बदलाव, और एमपॉक्स के प्रति वैश्विक प्रतिरक्षा की कमी लोगों को वायरस के प्रति संवेदनशील बनाती है।

एमपॉक्स, जिसे मंकी पॉक्स के नाम से जाना जाता है, चेचक से मिलता-जुलता एक वायरल संक्रमण है। शुरूआती लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, लिम्फ नोड्स की सूजन और मांसपेशियों में दर्द शामिल हैं।

# भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश हर युग में प्रासंगिक और प्रेरणादायी



भगवान श्रीकृष्ण का जीवन दर्शन धर्म, जाति, व्यक्ति एवं लिंग से बहुत ऊपर है। लोक मान्यता है कि गुणातीत देवकीनंदन श्रीकृष्ण का अवतरण जन्माष्टमी के दिन हुआ। यह पावन संयोग है कि विष्णु जी के अष्टम अवतार श्रीकृष्ण माता देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में अष्टमी तिथि को अवतरित हुए। जन्माष्टमी के पावन अवसर की प्रतीक्षा कर रहे भारत सहित दुनिया के कई देशों में बसे कृष्ण भक्तों में आनन्द और हर्षोल्लास है। द्वापर युग में आसुरी शक्तियों के अधर्म, अन्याय, पापाचार, अनाचार का प्रभाव चरम पर था। धर्म की रक्षा और अधर्मियों का नाश करने स्वयं भगवान को श्रीकृष्ण स्वरूप में पृथ्वी पर आना पड़ा। उन्होंने समस्त संसार को पाप, अधर्म, अत्याचार से मुक्त कर धर्म की संस्थापना की। नन्हें कान्हा से योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण बनने की जीवन यात्रा में घनश्याम श्रीकृष्ण ने मनुष्य की भांति जीवन की अनेक बाधाएं, संघर्ष, दुःख, कष्ट, अपमान तथा पीडाओं को सह कर संसार को यह शिक्षा दी कि मनुष्य फल की इच्छा छोड़कर केवल अच्छे कर्म कर स्वयं पर विश्वास करें। योगेश्वर बनने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान उनके गुरु सांदीपनि जी का है, जिन्होंने प्रिय शिष्य कृष्ण को धर्म, भक्ति, ज्ञान, योग, वेद, शास्त्र, संगीत, शस्त्र, पुराणों, गुरु सेवा एवं गुरु दक्षिणा आदि विषयों की दुर्लभ शिक्षाएं प्रदान की।

गुरु दक्षिणा में भगवान श्रीकृष्ण ने महर्षि सांदीपनि जी एवं गुरूमाता को उनका खोया हुआ पुत्र पुण्डरक वापस लाकर दिया। हम सब परम सौभाग्यशाली हैं कि भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा-दीक्षा के साथ उनके योगेश्वर बनने की गाथा मध्यप्रदेश में लिखी गई।

कंस वध के बाद भगवान श्रीकृष्ण अपने बड़े भ्राता बलराम के साथ मथुरा से शिक्षा प्राप्ति के लिए महर्षि सांदीपनि की शरण में उज्जैन आये थे। नारायण (उज्जैन) में उनकी मित्रता सुदामा से हुई। श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता की मिसाल युग-युगांतर से है। भगवान श्रीकृष्ण से मित्रता की संसार को जो शिक्षा मिली, वह अनुकरणीय है। भगवान श्रीकृष्ण ने जिस जगह शिक्षा प्राप्त की थी, उनके गुरु सांदीपनि जी का आश्रम आज भी उज्जैन में विद्यमान है, जो भगवान श्रीकृष्ण के योगेश्वर बनने का साक्षात प्रमाण है। भगवान श्रीकृष्ण, सांदीपनि जी के गुरुकुल में 64 दिन रहे। इन 64 दिनों में 64 विद्या और 16 कलाओं का ज्ञान प्राप्त किया। चार दिन में 4 वेद, 18 दिन में 18 पुराण, 6 दिन में 6 शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त किया।

अपनी विनम्रमा और श्रद्धा के कारण गुरु कृपा से भगवान श्रीकृष्ण को इन्दौर के समीप जानापाव में परशुराम जी से सुदर्शन चक्र रूपी अमोघ शस्त्र की प्राप्ति हुई। धार के पास अमझेरा में वीरता के बल पर रूक्मणी हरण में रूक्मी को हराया। बदनावर का ग्राम कोद वे पवित्र स्थान हैं, जो भगवान श्रीकृष्ण की पौराणिक जागृत लीलास्थली हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मध्यप्रदेश सरकार ने राम वन-पथ-गमन की तरह अब 'श्रीकृष्ण पाथेय' निर्माण का संकल्प लिया है। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेश में जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े थे, उन्हें तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे पूरी दुनिया को यह पता चलेगा कि भगवान श्रीकृष्ण का अटूट सम्बंध गोकुल, मथुरा, नंदगांव, वृंदावन और द्वारिका से ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश से भी है। विश्व के लोग यहां आकर इन तीर्थों का दर्शन कर पुण्य लाभ ले सकेंगे।

श्रीकृष्ण ने नारी सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। जनश्रुति है श्रीकृष्ण ने दैत्य नरकासुर का वध कर बन्दी बनाई गईं 16 हजार स्त्रियों को मुक्त कराया था। साथ ही कुटिल कौरवों के चीरहरण से द्रौपदी की रक्षा भी की। गोपाल श्रीकृष्ण गौ-माता को बहुत मानते थे। गौ-वंश उन्हें प्राणों से प्रिय रहा। गायों की रक्षा के प्रति हमारी सरकार भी प्रतिबद्ध है। इस दिशा में गौ-शालाओं के विकास के लिये विशेष प्रयास भी किये जा रहे हैं। श्रीकृष्ण का आदर्श जीवन हर युग मे प्रासंगिक तथा प्रेरणादायी है। प्राणी उनके द्वारा बताए गए मार्ग का अनुकरण कर महान बन सकता है। वर्तमान पीढ़ी को चाहिए कि वह भौतिकता की चमक-दमक में अपने पौराणिक इतिहास को विस्मृत न होने दें। जय श्री कृष्ण।

**(लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)**

आज की बात



डॉ. मोहन यादव

आपकी बात

## जिनको भेजते हैं हम अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए



राजीव थेपड़ा
रांची, झारखंड

जिनको भेजते हैं हम अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए। क्या उनको भेजते समय हम इस बात के लिए सजग रहते भी हैं कि हम किन को अपना प्रतिदिन प्रतिनिधित्व करने के लिए भेज रहे हैं वहां। और क्या इस बात के लिए भी सजग रहते हैं कि हम अपनी संकीर्ण सोच या किसी भय या किसी लाभ या किसी लालच के वजह से या किन्हीं खांचो में किन्हीं खानों में बंटकर कर, हम जिन्हें अपना प्रतिनिधि बनकर सांसद और विधानसभा में भेज रहे हैं, क्या वे हमारी इन ओछी मानसिकताओं के कारण वे स्वयं भी उसी प्रकार के लंपट नहीं हो जाएंगे? जितने लंपट हम खुद हैं। जो अपनी छोटी-छोटी आकांक्षाओं और छोटे-छोटे स्वार्थों को पूरा करने के लिए एक पूरे समाज के व्यापक हितों की बलि चढ़ा कर उन्हें भी सांसद और विधायक बना डालते हैं जो कतई भी इस लायक नहीं हैं। ऐसा बहुत जगह पर देखा जाता है और तब हमारे सामने बगले झांकने के सिवाय कोई और चारा भी नहीं बचता। लेकिन कठिनाई तो इस बात की है कि हम इस प्रक्रिया में फिर से उन्हें बदलते हुए दोबारा, तिबारा, चौबारा भी वही वही वही कुछ करते चले जाते हैं और इस प्रकार हमें यह भी नहीं पता चला कि हम किस तरह एक लोकतंत्र के रूप में और एक देश के रूप में किस प्रकार कमजोर पड़ते चले जाते हैं! क्योंकि हमारे तुच्छ स्वार्थों ने हमारे व्यक्तिगत अहंकार की असीमित आकांक्षाओं ने हमें एक सजग मतदाता भी नहीं रहने दिया है कि हम कम से कम अपने एक वोट को, उसे अमूल्य वोट को, जो हमारे लिए एक सजग और जागरूक प्रतिनिधि चुने, ऐसे व्यक्ति को प्रदान कर सकें, जो सचमुच एक व्यक्ति के तौर पर, एक चरित्र के तौर पर बहुत ही मजबूत और समष्टि का हिताकांक्षी हो और जो बिना किसी भय के, बिना किसी स्वार्थ के, बिना किसी लाभ के और बिना किसी लाग लपेट के जनता के सभी प्रकार के हितों की रक्षा करते हुए संसद में उनका सच्चा प्रतिनिधित्व कर सके कर पाने में सक्षम हो। उसके बाद जब देश की संसद में उल्टी-पुल्टी बातों पर उल्टे-पुल्टे हंगामे होते हैं, तब फिर हम विलाप करते हैं कि हाय यह क्या हो गया है। हाय यह क्या हो गया? लेकिन या तो हम यह तो जानते ही नहीं या इस बात के लिए मासूम बनते हैं कि हमने जो बोया था, वही हम काट रहे हैं। तो चाहे कितना भी मतभेद क्यों न हो विचारों में, लेकिन देश के सबसे बड़े मंदिर यानी कि हमारी संसद में इस तरह के शोर-शराबे को देखकर मन अत्यंत व्यथित होता रहता है और ऐसे ऐसे पढ़े लिखे, बे-पढ़ो किन्तु अनपढ़ों की तरह बात करने वाले और बिल्कुल असभ्य आचरण करने वाले सांसदों को देखकर दिल इतना कटु हो जाता है कि जी चाहता है कि इसी वक्त वहां जा पहुंचूं और उनके एक-एक वक्तव्य का वहीं-का-वहीं ऐसा जवाब दूँ कि सब सन्न रह जाएं। सबको काठ ही मार जाए। लेकिन दिक्कत यह है कि काठ भी तो उन्हीं को मारता है, जिनमें थोड़ी-बहुत सुबुद्धि होती है और अहंकारी लोगों के पास भला कहां बुद्धि होती है। और जो सांसद बन गया, उसके तो अहंकार का पारावार ही न जाने कहां होता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

## राहुल के बयानों से लेकर जेएनयू तक एक टूलकिट



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

ये विषय देश की आंतरिक सुरक्षा, सद्भाव और परस्पर समरसता से जुड़ा है। अभी लगातार दो तरह की घटनाएं घटती दिख रही हैं, एक तरफ राहुल गांधी स्वयं से नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं तो दूसरी ओर जेएनयू जैसे शिक्षा संस्थान और स्वयंसेवी संस्थाएं हैं जिन्हें टूलकिट के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। उद्देश्य दोनों का समान है, भारत में अराजकता का माहौल पैदा करना। वर्तमान केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास की भावना आम जन में भर देना ताकि किसी भी तरह से देश में दंगे-फसाद कराए जा सकें और फिर किसी तरह से वर्तमान नेतृत्व को सत्ता से बाहर कर सत्ता हथियाई जा सके। वैसे देश की एकता, अखंडता एवं समरसता के लिए पहले भी न्यायालय कई विषयों पर आगे से स्वतः संज्ञान लेकर हस्तक्षेप करता रहा है। इस मुद्दे पर भी माननीय न्यायालय से आग्रह है कि वह आगे आए। देश में घटनाएं कैसे घट रही हैं, आप देखिए; पहले, राहुल गांधी का एक वीडियो सामने आता है, इसे उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में संविधान सम्मान सम्मेलन का बताया जा रहा है। इस सम्मेलन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी मिस इंडिया कॉन्टेस्ट को लेकर यह दावा करते नजर आ रहे हैं कि देश में नब्बे प्रतिशत लोग सिस्टम का हिस्सा नहीं हैं, कह रहे हैं, मैं तो मिस इंडिया की लिस्ट देख रहा था, उसमें कोई दलित-ओबीसी-आदिवासी, अल्पसंख्यक ही नहीं है। उनके पास हर तरह की प्रतिभा मौजूद है, लेकिन फिर भी वे सिस्टम से जुड़े नहीं हैं। यही कारण है कि हम जाति जनगणना की माँग कर रहे हैं। उनका ये बयान सामने आने के बाद मीडिया ने भी इसे तेजी के साथ आगे बढ़ाया। स्वभाविक है, जो आंकड़ों में नहीं जाते, अध्ययन करने पर कम, अपने नेता या वरिष्ठ के कहे पर विश्वास अधिक करते हैं। जो साक्षर हैं किंतु शिक्षित नहीं, वस्तुतः देश में ऐसे करोड़ों लोग हैं। अब ऐसे में राहुल गांधी का दिया ये बयान उन्हें सही नजर आ सकता है! स्वभाविक तौर पर उनके मन में आक्रोश भी पनप सकता है कि बताओ, स्वाधीनता के 77 वर्ष बाद भी देश में अनुसूचित जाति-जनजाति, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार क्यों नहीं दिया गया है, बलकि अभी पर कुछ चुनिंदा अपने में तथाकथित बड़ी जातियों ने कब्जा करके रखा है! किंतु क्या राहुल गांधी यहां जो कह रहे हैं वह सच है? माननीय न्यायालय आप जानते हैं कि राहुल गांधी यहां जूठ बोल रहे हैं। देश में सिर्फ मिस इंडिया ही नहीं अनेक प्रमुख प्रतिष्ठित स्थानों पर अजा, जनजा, अल्पसंख्यक लोग विराजमान रहे हैं और वर्तमान में भी हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

फेसबुक वॉल से





X से




अलग बात

## आंसू बहाते विशाखा दिशा-निर्देश



राकेश दुबे

देश के सर्वोच्च न्यायालय की चिंता और लगभग पूरे देश के रोष के बाद भी राजनीति पश्चिम बंगाल में कुछ लोगों का कवच बनी हुई है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक की यौन हिंसा के बाद हुई हत्या ने एक बार फिर साबित किया है कि समूचे देश में कामकाजी महिलाओं के लिये कार्यस्थल पर परिस्थितियां कितनी असुरक्षित हैं। वह भी इतनी भयावह कि कार्यस्थल पर ही प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ यह सब वीभत्स घट जाता है। निश्चित रूप से कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न मानव अधिकारों का सरासर उल्लंघन ही है। कार्यस्थल पर महिलाओं के लिये सुरक्षा अनुकूल वातावरण बनाने के मद्देनजर विशाखा दिशा-निर्देश जारी करने के सत्ताईस साल बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को डॉक्टरों की सुरक्षा को संस्थागत बनाने के लिये तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरी ओर देश की सर्वोच्च अदालत के निर्देश के अनुपालन हेतु गठित एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स को चिकित्सा पेशवरों की सुरक्षा, महिला चिकित्सकों के लिये अनुकूल कामकाजी परिस्थितियां बनाने तथा उनके हितों की रक्षा के लिये प्रभावी सिफारिशें तैयार करने का काम सौंपा गया है। विश्वास किया जाना चाहिए कि ये सिफारिशें यदि जमीनी स्तर पर भी प्रभावी साबित हुईं तो किसी भी पेशे में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा के लिये असरकारी साबित होंगी। लेकिन यह तभी संभव है जब सभी हितधारक एक स्तर पर एकजुट होकर इस दिशा में काम करेंगे। निस्संदेह, किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना होने के वक्त तमाम तरह के उपक्रम होते हैं, लेकिन कुछ समय बाद सब कुछ ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। और यही वजह है कि नई कार्ययोजना बनाते समय इस बात का आकलन करने की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है कि महिला सुरक्षा को लेकर मौजूदा कानून और दिशा-निर्देश जमीनी स्तर पर बदलाव लाने में कितने सफल रहे हैं। सही मायनों में कानून बनाने और दिशा-निर्देश जारी करने से ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि उनका अनुपालन कितने पारदर्शी व संवेदनशील दृष्टि से किया जाता है। साथ ही विगत के अनुभवों से भी सबक लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

मैं परमपिता से कहता हूँ कि पीड़ा में एक विवशता है, प्रेरणा और प्रेम मानव को स्वर्ग में वापस लाने के श्रेष्ठतर उपाय हैं।

## दु:खों से ऊपर उठना



श्री श्री परमहंस योगानंद

मेरा अपने परमपिता से निरन्तर विवाद रहा है कि मनुष्यों को, जो उनके प्रतिबिंब में बने हैं, उनके ही पास वापस लाने के लिए पीड़ा ही कसौटी क्यों है? मैं परमपिता से कहता हूँ कि पीड़ा में एक विवशता है, प्रेरणा और प्रेम मानव को स्वर्ग में वापस लाने के श्रेष्ठतर उपाय हैं। यद्यपि मैं उत्तर जानता हूँ, तथापि मैंने परमपिता से इन बातों पर सदा झगड़ा किया है, क्योंकि 'वे' मुझे समझते हैं, जैसे एक पिता अपने पुत्र को समझता है। यह संसार कितना दुःखद है! यह अनिश्चितता का स्थान है। परन्तु आपके साथ चाहे कुछ भी हुआ हो, यदि आप स्वयं को परमपिता के चरणों में रख देते हैं, और उनकी दया की याचना करते हैं, तो वे आपको उठा लेंगे तथा आपको दिखा देंगे कि जीवन मात्र एक स्वप्न है। मैं आपको एक छोटी कहानी सुनाऊँगा। एक राजा सो गया और उसने स्वप्न में देखा कि वह निर्धन था। वह अपनी नींद में कुछ भोजन पाने के लिए, मात्र एक पैसे के लिए रो रहा था। अन्ततः, रानी ने उसे जगाया और कहा, आपको क्या हो गया है? आपका खजाना सोने से भरा पड़ा है और फिर भी आप एक पैसे के लिए रो रहे हैं। तब राजा ने कहा, ओह, मैं कितना मूर्ख था। मैंने सोचा कि मैं एक भिखारी था और उस पैसे की कमी के कारण भूखा मर रहा था। ऐसा ही प्रत्येक उस आत्मा का भ्रम भी है जो यह स्वप्न देख रही है कि वह नश्वर है, और रोग, पीड़ा, कष्टों, हृदय वेदनाओं की सभी प्रकार की बुराइयों के दुःस्वप्नों से प्रभावित है। **(क्रमशः)**

प्रकृति की बात

## प्रकृति की चेतावनी को अनसुना करना ठीक नहीं



डॉ. आशीष वशिष्ठ

प्रकृति का अत्यधिक दोहन और छेड़छाड़ के दुष्परिणाम वायनाड, जोशी मठ और केदारघाटी के तौर पर हमारे समक्ष हैं। प्रकृति बार-बार किसी ने किसी घटना या तरीके से पूरी मानव जाति को चेतावनी और संदेश दे रही है, और हम लगातार प्रकृति के संदेशों को अनसुना और अनदेखा कर रहे हैं। 2013 में केदार घाटी में जो सैलाब आया और तबाही हुई अथवा उत्तरकाशी में भूकंप के बाद जो बाढ़ आई, हमने उन्हें ही प्रलय माना। विनाश और बबार्दी का दूसरा नाम प्रलय है। केरल के वायनाड जिले में लगातार तीन भू-स्खलन आए और फिर सैलाब। गांव के गांव दफन हो गए, 400 से अधिक घर देखते ही देखते 'मलबा' हो गए, करीब 387 मौतें हुईं। यह प्रलय नहीं है, तो और क्या है? 'स्थावराणां हिमालयः', इस प्रसंग का उल्लेख श्रीमद्भागवत गीता के दसवें अध्याय के 25 वें श्लोक में हुआ है। इसमें 'श्रीकृष्ण' ने कहा है कि 'मैं स्थिर रहने वालों में हिमालय हूं'। सुखमय जीवन के लिए वेदों में हिमालय की आराधना का उल्लेख भी हुआ है। महाकवि कालिदास ने अपने महाकाव्य 'कुमारसंभव' में हिमालय को 'धरती का मानदंड' तथा 'दुनिया की छत व आश्रय' बताया था। अनादिकाल से पहाड़ आध्यात्मिक चेतना की पुण्यभूमि रहे हैं। प्रकृति के प्रबल उपासक रहे कई ऋषि मुनियों की तपोस्थली, भक्ति व अनुसंधान का केंद्र पर्वतराज हिमालय ही रहा है। मगर बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं व अंधाधुंध निर्माण कार्य पहाड़ों की स्थिरता को चुनौती पेश कर रहे हैं। 16 जून 2013 को केदारनाथ धाम के पीछे मौजूद चोराबाड़ी ग्लेशियर के ऊपर बादल फटा। ग्लेशियर में बनी एक पुरानी झील में इतना पानी भर गया कि उसकी दीवार टूट गई। पांच मिनट में पूरी झील खाली हो गई। पानी इतनी तेजी से निकला कि केदारनाथ धाम से लेकर हरिद्वार तक 239 किलोमीटर तक सुनामी जैसी लहरें देखने को मिलीं। चारों तरफ तबाही और बबार्दी। हजारों लोग मारे गए। हजारों का आज भी पता नहीं चला। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## आगरा में बोले सीएम बांग्लादेश से सबक सीखीए, वरना

# बंटेंगे तो कटेंगे : योगी

एजेंसी। आगरा



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बांग्लादेश से सबक सीखिए, एक रहना है, बंटना नहीं है। बंटेंगे तो कटेंगे और एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को आगरा में जन्माष्टमी के अवसर पर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं है। राष्ट्र तभी सशक्त होगा, जब हम एक होंगे। बांग्लादेश में देख रहे हैं न, वो गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए। बंटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे-नेक रहेंगे। सुरक्षित रहेंगे और समृद्धि की पराकाष्ठा तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि समाज, जाति, भाषा के नाम पर बांटने वाली ताकतों से सावधान रहना होगा। दुर्गादास राठौर का यही संकल्प था। आगरा के कण कण में कन्हैया का वास है। यहां कला है, आस्था है, समर्पण है, विश्वास है। ये ही राष्ट्र निष्ठा बढ़ाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्गादास राठौर का यही संकल्प था। सबसे बड़ी सत्ता के सामने जमींदारों के लिए घुटने टेक दिए थे। उनका कोई नाम लेने वाला नहीं है। दुगार्दास का नाम मारवाड़, एमपी में अमर है। हमें महापुरुषों का नाम याद रखना होगा। 10 साल से मूर्ति मेरा इंतजार कर रही थी। जिस दिन कृष्ण आए, उस दिन लोकार्पण हुआ। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि देश की आजादी के लिए 9 अगस्त 1925 में लखनऊ में मा. राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों ने काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना को अंजाम देकर अंग्रेजी हुकुमत को चुनौती दी थी। उस समय अंग्रेजी हुकूमत हिल गई थी। ट्रेन एक्शन में इन क्रांतिकारियों को महज 4 हजार 600 रुपए मिले थे। लेकिन, उन्हें गिरफ्तार कर सजा दिलाने के लिए अंग्रेजों ने 10 लाख रुपए खर्च कर दिए। तब भी आजादी की लड़ाई कमजोर नहीं पड़ी। रामप्रसाद बिस्मिल को जब फांसी दी जा रही थी तब उनसे पूछा गया कि अंतिम अभिलाषा हो तो बताइए। तब बिस्मिल जी ने कहा- इस भारतवर्ष में सौ बार मेरा जन्म हो और मौत का कारण सदा ही देश उपकार कर्म हो।

## जम्मू-कश्मीर विस चुनाव के लिए भाजपा ने 15 उम्मीदवार किये घोषित

एजेंसी। जम्मू



जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए भाजपा ने सोमवार 15 उम्मीदवारों की संशोधित सूची जारी की। दूसरे व तीसरे चरण की जारी की गई सूची को अमान्य घोषित किया गया है, इन्हें बाद में जारी किया जायेगा। इससे पहले भाजपा ने तीनों चरणों के लिए अपने 44 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसमें पहले चरण के लिए 15, दूसरे चरण के लिए 10 और तीसरे चरण के 19 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई थी। पहली लिस्ट में पूर्व डिप्टी सीएम निर्मल सिंह व कविन्द्र गुप्ता सहित भाजपा के कई दिग्गज नेताओं को टिकट नहीं दिया गया था। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 18, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में मतदान होने जा रहे हैं। मतगणना 4 अक्टूबर को होगी। संशोधित सूची के अनुसार प्रथम चरण में इंजीनियर सैयद शौकत गयूर पांपोर से, अर्शीद भट राजपोरा से, जावेद अहमद कादरी शोपियां से, मोहम्मद रफीक वानी अनंतनाग पश्चिम से चुनाव लड़ेंगे।

### पीएम मोदी, अमित शाह सहित भाजपा के 40 स्टार प्रचारक

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के तहत मतदान वाली 24 विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची सोमवार को जारी कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मनोहर लाल खट्टर, जी. किशन रेड्डी, शिवराज सिंह चौहान एवं जितेंद्र सिंह सहित 40 नेताओं को पहले चरण के लिए स्टार प्रचारक बनाया गया है।

## नशे के कारोबार को ध्वस्त करने का अमित शाह ने बताया तरीका, कहा-

# टॉप टू बॉटम और बॉटम टू टॉप अप्रोच अपनानी होगी

एजेंसी। रायपुर



**मादक पदार्थों के अवैध व्यापार का उद्देश्य ना केवल युवाओं को बर्बाद करना है बल्कि मादक पदार्थों के व्यापार से उत्पन्न अवैध धन का उपयोग राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी किया जाता है। यह हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है कि कतई बर्दाश्त नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति के साथ देश को नशा मुक्त बनाया जाए।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मादक पदार्थों का अवैध कारोबार ना केवल भारत के लिए चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प एवं रणनीति के साथ देश इस समस्या से पार पा सकता है। शाह ने आज नवा रायपुर के एक होटल में छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर एक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लड़ाई में सफलता प्राप्त करने के लिए मादक पदार्थों का पता लगाने, नेटवर्क को नष्ट करने, अपराधी को हिरासत में लेने और नशे के आदी लोगों का पुनर्वास करने के चार सूत्रों पर जोर दिया। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को नशा मुक्त बनाने का संकल्प किया है, जब देश की आजादी का 100 वां वर्ष मनाया जाएगा। धीरे-धीरे यह संकल्प 130 करोड़ आबादी का संकल्प बन गया है। केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के उपयोग पर भी चिंता व्यक्त की और कहा, छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के दुरुपयोग का प्रतिशत 1.45 है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। छत्तीसगढ़ की सीमा ओड़िशा और आंध्र प्रदेश सहित सात राज्यों से लगती है, जहां से मादक पदार्थों की तस्करी की जाती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 4.98 प्रतिशत गांजे का नशे के लिए उपयोग किया जाता है जो राष्ट्रीय औसत 2.83 प्रतिशत से अधिक है, जो हमारे लिए चिंता का विषय है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ड्रग तस्कर अपना तरीका बदल रहे हैं और प्राकृतिक दवाओं से सिंथेटिक दवाओं की ओर जा रहे हैं, जिससे सबसे अधिक नुकसान होता है। उन्होंने मादक पदार्थों के व्यापार नेटवर्क को खत्म करने के लिए ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर दृष्टिकोण के साथ वैज्ञानिक जांच पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। शाह ने कहा, यदि किसी छोटी सी दुकान में मादक पदार्थ का एक पैकेट मिलता है, तो हमें जांच करनी होगी कि यह कहां से आया और कहां बनाया गया। इस पूरी व्यवस्था की पृष्ठभूमि को खत्म करने के लिए हमें वैज्ञानिक तरीके से जांच करने की आदत डालनी होगी।

### दो पीजी के बेसमेंट में लगी आग, पांच दमकल ने पाया काबू

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में सेक्टर-62 के रसूलपुर नवादा गांव में बने दो पीजी में सोमवार को आग लग गई। दमकल की पांच गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आसपास के इलाके को फायर ब्रिगेड की टीम ने खाली कर लिया था। पीजी गलियों में होने की वजह से फायर ब्रिगेड को आग बुझाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। नोएडा के सेक्टर-58 थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-62 स्थित पीजी हाउस में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई।

### हाई राइज सोसायटी के फ्लैट में कुरान के पाठ के बाद हंगामा

**गाजियाबाद ।** गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक की एक हाई राइज सोसायटी में रविवार को जमकर हंगामा हुआ। बताया जा रहा है कि वहां एक फ्लैट में मदरसे के कई बच्चों ने कुरान का पाठ किया। इसके बाद सोसायटी के निवासियों ने इसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सोसायटी के लोगों ने कुरान पढ़ने का विरोध भी किया। बताया जा रहा है कि जाते समय मदरसे के लोगों का गेट पर मौजूद गार्ड से भी विवाद हुआ। गार्ड ने पुलिस में उसके साथ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक, थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र की चित्रावन सोसायटी के गार्ड के द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि उसके साथ कुछ लोगों ने मारपीट की है।

## जदयू नेता विभव राय हत्याकांड में चार आरोपी गिरफ्तार



एजेंसी। बगहा

बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के जनता दल यूनाइटेड (जदयू) भितहा प्रखंड अध्यक्ष विभव राय की हत्या मामले में पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। बगहा के पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज ने रविवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि भीताहा थाना के खेरवा पंचायत के वर्तमान मुखिया पति मंटू सिंह, विभव राय हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त है।
सुशांत कुमार ने बताया कि मंटू सिंह ने पांच लाख रुपए की सुपारी देकर सीमावर्ती उत्तर प्रदेश से चार अपराधियों को बुलाकर इस हत्याकांड को अंजाम दिलाया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मंटू सिंह और विभव राय के बीच वर्चस्व की लड़ाई थी। दोनों के बीच काफी राजनीतिक प्रतिद्वंता भी थी। इसी के चलते मंटू सिंह ने इस हत्या को अंजाम दिलाया। उन्होंने बताया कि मुख्य अभियुक्त मंटू सिंह अभी भी पुलिस की गिरफ्त से फरार है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना में शामिल चार अपराधियों में से रवि प्रकाश, विजय यादव और विकास सिंह को सीमावर्ती कुशीनगर जिला के विभिन्न क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया है जबकि चौथे अपराधी नन्हे सिंह को भीतहा थाना के खेरवा गांव से गिरफ्तार किया गया है। सरोज ने बताया कि घटना में शामिल एक देसी नलकट्टी, तीन कारतूस, हत्या में प्रयुक्त कार और हत्या की सुपारी में ली गई राशि में से एक लाख नगद भी बरामद की गई है।

### सागर द्वीप के पास कार्गो जहाज डूबा

**कोलकाता।** भारतीय तटरक्षक बल ने एक सफल बचाव अभियान चलाते हुए डूब रहे कार्गो जहाज एमवी आईटीटी प्यूमा पर सवार 11 सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया। यह जहाज कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर की ओर जा रहा था, लेकिन सागर द्वीप से 70 समुद्री मील दक्षिण में खराब मौसम के कारण डूब गया। तटरक्षक बल के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि चालक दल के तीन सदस्य अभी भी लापता हैं। उन्होंने बताया, रविवार रात को हुए इस अभूतपूर्व बचाव अभियान में तटरक्षक बल के कर्मियों ने समन्वित समुद्र-हवाई अभियान के माध्यम से 11 व्यक्तियों को बचाया। एमवी आईटीटी प्यूमा सागर द्वीप से 70 समुद्री मील दक्षिण में डूब गया। यह चुनौतीपूर्ण बचाव अभियान तटरक्षक बल के जहाज 'सारंग' और 'अमोध' की संयुक्त कार्रवाई और एक डोर्नियर विमान के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एक वरिष्ठ तटरक्षक अधिकारी ने बताया कि मुंबई में पंजीकृत इस जहाज की वहन क्षमता 75 मीट्रिक टन थी और यह कोलकाता से लगभग 80 किलोमीटर दूर डूब गया।

# भाजपा समर्थित सरपंच की गला रेतकर हत्या



एजेंसी। रायपुर/बालोद

बालोद जिले के डौडीलोहारा थाना क्षेत्र संजारी चौकी अंतर्गत खेरथा बाजार गांव में बीती देर रात भाजपा समर्थित युवा सरपंच की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई है। सरपंच की लाश मृतक के मित्र गांव के ही पोस्टमैन के बेडरूम से बरामद हुई है। घटना के सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। पुलिस पोस्टमैन को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है । संजारी चौकी प्रभारी अरविंद साहू ने पूरे मामले में जानकारी देते हुए बताया कि हत्या की वारदात हुई है, तफ्तीश चल रही है।जानकारी के अनुसार मृतक भाजपा समर्थित युवा सरपंच का नाम विक्रम सिन्हा है। सरपंच की लाश उसके दोस्त पोस्टमैन रामजी प्रजापति के घर के बेडरूम में मिली है। घटना के बाद पोस्टमैन अपने घर में ही मौजूद था। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर फौरन रामजी प्रजापति के घर को सील कर दिया। मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड को बुलाया गया है। सूत्रों से पता चला है कि रामजी प्रजापति, सरपंच विक्रम सिन्हा अक्सर साथ बैठकर शराब पीते थे। घटना के बाद रामजी प्रजापति गांव में यह कह रहा है कि उसने ही सरपंच की हत्या की है। गांव के वरिष्ठ नागरिक और भाजपा नेता हरीश कटझरे ने बताया "मुझे रात में 3 बजे घटना की जानकारी हुई।

# सीबीआई ने संदीप और अस्पताल के फोरेंसिक विशेषज्ञों से की पूछताछ

**आरजी कर मामला**

एजेंसी। कोलकाता



कोलकाता स्थित सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में केंद्रीय जांच ब्यूरो की दो टीमों ने पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और अस्पताल के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के डेमोंस्ट्रेटर देबाशीष सोम से अलग-अलग पूछताछ शुरू की है। घोष से कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में साल्ट लेक स्थित सीबीआई के केंद्र सरकार कार्यालय में पूछताछ की जा रही है, बल्कि एजेंसी के मध्य कोलकाता स्थित निजाम पैलेस कार्यालय में सोम से पूछताछ की जा रही है। घोष से पिछले महीने अस्पताल परिसर में जूनियर डॉक्टर के साथ हुए जघन्य बलात्कार और हत्या के संबंध में पूछताछ की जा रही है। सीजीओ कॉम्प्लेक्स में सीबीआई की विशेष अपराध इकाई का कार्यालय है, जिसके अधिकारी बलात्कार और हत्या मामले की जांच कर रहे हैं।वहीं दूसरी ओर सोम से आरजी कर में वित्तीय अनियमितताओं के मामले में पूछताछ की जा रही है। निजाम पैलेस में सीबीआई की आर्थिक अपराध शाखा का कार्यालय है, यहां जांचकर्ता वित्तीय विसंगतियों के मामले की जांच कर रहे हैं। आरजी कर के पूर्व चिकित्सा अधीक्षक और उप प्राचार्य संजय वशिष्ठ को भी सोमवार को सीबीआई के निजाम पैलेस कार्यालय में तलब किया गया है।

### टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी की नाबालिग बेटी को रेप की धमकी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी की नाबालिग बेटी को रेप की धमकी मिली है। इस मामले में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें एक व्यक्ति अभिषेक बनर्जी की नाबालिग बेटी का रेप करने वाले को 10 करोड़ के इनाम की घोषणा कर रहा है। पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने इस वीडियो का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सोशल मीडिया पर इस वीडियो का स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें आरजी कर मेडिकल हॉस्पिटल रेप केस मामले के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान एक व्यक्ति ने घोषणा की कि जो कोई अभिषेक बनर्जी की नाबालिग बेटी का बलात्कार करेगा, उसे 10 करोड़ रुपये का इनाम दिया जाएगा।

# आज का राशिफल

**मेष :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृष :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सम्पत्ति से लाभ।

**मिथुन :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा।

**सिंह :** मनोविनोद बढ़ेंगे। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कन्या :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिवर्तन की संभावना है।

**तुला :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक :** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-5-7

**धनु :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी।

**कुंभ :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मीन :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

## मायावती ने गेस्ट हाउस कांड पर कहा-

# मेरे ऊपर हुए हमले में कांग्रेस ने कुछ नहीं बोला

एजेंसी। लखनऊ



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने हुए गेस्ट हाउस कांड को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सपा ने 2 जून 1995 में बीएसपी द्वारा समर्थन वापसी के बाद मुझ पर जानलेवा हमला कराया था तो इस पर कांग्रेस कभी क्यों नहीं बोलती है? बसपा मुखिया मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- "सपा जिसने 2 जून 1995 में बीएसपी द्वारा समर्थन वापसी पर मुझ पर जानलेवा हमला कराया था तो इस पर कांग्रेस कभी क्यों नहीं बोलती है? जबकि उस दौरान केंद्र में रही कांग्रेस सरकार ने भी समय से अपना दायित्व नहीं निभाया था।"
उन्होंने आगे लिखा- "तभी फिर कांशीराम को अपनी बीमारी की गंभीर हालत में भी अस्पताल छोड़कर रात को इनके गृह मंत्री को भी हड़काना पड़ा था, तथा विपक्ष ने भी संसद को घेरा, तब जाकर यह कांग्रेसी सरकार हरकत में आई थी।"बसपा प्रमुख ने कहा कि क्योंकि उस समय केंद्र की कांग्रेस सरकार की भी नीयत खराब हो चुकी थी, जो कुछ भी अनहोनी के बाद यहां यूपी में राष्ट्रपति शासन लगाकर, पर्दे के पीछे से अपनी सरकार चलाना चाहती थी, जिनका यह षडयंत्र बीएसपी ने फेल कर दिया था।

# मां ने मासूम बेटी की हत्या की प्रेमी के घर से हुई गिरफ्तार

एजेंसी। मुजफ्फरपुर



जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर में 3 वर्षीय मिष्टी हत्याकांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने हत्यारण मासूम बच्ची की मां को उसके प्रेमी के घर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी मां काजल को न्यायिक हिरासत में भेजने की कवायद कर रही है। सिटी एसपी अवधेश दीक्षित ने मामले की पुष्टि की है। बता दे कि 24 अगस्त 2024 को मुजफ्फरपुर जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर में एक मासूम बच्ची का शव लाल रंग के सूट केस में मिला था। जांच के दौरान पुलस को बच्ची के घर से कई जगहों पर खून का धब्बा मिला। मिष्टी के पिता मनोज ने काजल (बच्ची की मां) के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाया। पुलिस ने आरोपी मां काजल को जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र के रामपुरी में उसके प्रेमी के घर कर गिरफ्तार कर लिया। सिटी एसपी ने बताया कि काजल का रामपुरी हरी के एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। काजल मनोज को छोड़ कर अपने प्रेमी के साथ रहना चाहती थी। लेकिन प्रेमी उसके बेटी को साथ में रखने के लिए तैयार नहीं था। इस कारण उसने बच्ची की हत्या कर दी।

# श्राद्धकर्म के दौरान नहाने गये चार युवक गंडक नदी में डूबे, दो की मौत, दो लापता

एजेंसी। गोपालगंज

श्राद्धकर्म के दौरान नहाने गये चार युवक गंडक नदी में डूब कर सोमवार को लापता हो गए।वही इस घटना के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ के टीम ने लापता युवकों के तलाश में जुट गई है। दो की लाश बरामद हुई हैं, दो की तालाश जारी है।
घटना बैकुंठपुर थाना के मुंजा बोल्डर के समीप की है। लापता युवको में 18 वर्षीय सुजीत कुमार और 14 वर्षीय सुमित कुमार,दोनो के पिता सतन राय ,19 वर्षीय निखिल कुमार,पिता-नवलेस राय और 18 वर्षीय संजीव कुमार ,पिता श्रीलाल यादव शामिल है। लापता सभी युवक एक ही परिवार के बैकुंठपुर थाना के जादोपुर मटियारी गांव के रहने वाले है। बताया जाता हैं कि बैकुंठपुर के जादोपुर मटियारी गांव निवासी नवलेस राय के माताजी का आज दशकर्म था।रीति रिवाज के अनुसार परिवार के सभी लोग



मुंडन कराने के बाद मुंजा बोल्डर के समीप गंडक नदी में स्नान करने गए थे। गंडक नदी में नहाने के दौरान सुजीत कुमार डूबने लगा। डूबते युवक को बचाने गये तीनों युवक सुमित कुमार,निखिल कुमार और संजीव कुमार भी नदी के तेज धार में बह गए।
इस घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ के टीम ने गंडक नदी में लापता युवकों की तलाश में जुट गई है। पीड़ित परिजन नवलेश राय ने बताया कि आज उनके मां का दशकर्म था।मुंडन करने के बाद गंडक नदी में नहाने के दौरान एक लड़का डूबने लगा । उसे बचाने गए और तीन लड़के नदी में डूब गए।
इस मामले में सदर एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि बैकुंठपुर के मुंजा गांव के नवलेश राय के मां का आज दशकर्म था। उसी दौरान गंडक नदी में नहाने गए चार लड़के डूब गए है।

### मां के डांट से बेटी ने की आत्महत्या

**भागलपुर।** जिले के बरारी थाना क्षेत्र के बंगला कोठी के समीप रहने वाली एक 14 वर्षीय बालिका ज्योति कुमारी ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर लिया है। उधर घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची बरारी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता का कहना है कि रविवार की रात में घर का बर्तन साफ करने को लेकर मां के द्वारा बेटी को डांटा गया था।

## एक नजर

### गया में डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर की नई रेल लाइन पर मालगाड़ी की 12 बोगियां बेपटरी

**पटना/गया।** बिहार में गया जिले के बंधुआ-मानपुर से होकर गुजरने वाली डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर रेल लाइन से क्रास कर रही मालगाड़ी मानपुर के रसलपुर गुमटी के निकट सोमवार को बेपटरी हो गईं, जिसमें 12 बोगियां एक साथ पटरी से नीचे उतर गईं। मालगाड़ी दो हिस्से में बंट गई। इस घटना से रेलवे गुमटी के दोनों तरफ यातायात बाधित है। घटना की सूचना पर रेलवे कर्मी मौके पर पहुंच रहे हैं। मालगाड़ी में कोयला लदा है, जो झारखंड से बाढ़ जा रहा था। खास बात यह कि डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर के तहत हाल में ही पटरी बिछाई गई थी। संचालन भी तीन माह पूर्व शुरू हुआ था। हादसा क्यों और कैसे हुआ इस बाबत अधिकारी कुछ नहीं बता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश की वजह से पटरी के धंसने से यह हादसा हुआ है। डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर रेल लाइन से केवल गुड्स ट्रेन का संचालन होता है। वह भी केवल कोयला ले जाया जाता है।

### डसने के बाद 18 घंटे तक शरीर से चिपका रहा सांप

**बेगूसराय।** बेगूसराय के चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के कुंभी गांव में सांप के डसने से एक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने जब दाह संस्कार के लिए उसकी लाश श्मशान घाट ले गए, तो उसके शरीर से सांप निकला। युवक को काटने के बाद करीब 18 घंटे तक सांप उसके शरीर में ही छिपा रहा। रामबालक यादव के पुत्र धर्मवीर कुमार यादव (41) शाम को गाय को खाना देने के लिए हरा चारा उठा रहा था। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसके पैर में काट लिया। आशंका जताई जा रही है कि धर्मवीर को डसने के बाद सांप उसके पेंट के अंदर जाकर फंस गया होगा। पोस्टमॉर्टम के दौरान उसका पैंट नहीं उतारा गया। वहीं, श्मशान में दाह संस्कार के दौरान कपड़ा खोलने पर सांप बाहर निकला।

### कांग्रेस के सांसद वसंतराव चव्हाण के निधन से कांग्रेसी खेमे में शोक की लहर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के नांदेड़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद वसंतराव चव्हाण के निधन पर कांग्रेस पार्टी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। वसंत चव्हाण का सोमवार सुबह हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वहां उनका किडनी संबंधी समस्या का इलाज चल रहा था। 69 वर्षीय चव्हाण ने सोमवार सुबह करीब 4 बजे अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर महाराष्ट्र कांग्रेस सहित कांग्रेस के केन्द्रीय नेतृत्व ने शोक व्यक्त किया है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में कहा है कि वसंतराव चव्हाण के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। चव्हाण ने अपना संपूर्ण जीवन कांग्रेस की विचारधारा के समर्थन और विस्तार में समर्पित कर दिया। यह कांग्रेस परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सोशल मीडिया एक्स पर अपने शोक संदेश में कहा कि यशवंतराव चव्हाण ने अपनी अंतिम सांस तक अपने क्षेत्र में कांग्रेस की विचारधारा की रक्षा की।




# राजनीति में नहीं जाना, ओलंपिक गोल्ड जीतने पर है फोकस : मनु

एजेंसी

**चरखी दादरी।** ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली शूटर मनु भाकर के लिए सोमवार को उनके ननिहाल चरखी दादरी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उनका भव्य स्वागत हुआ। मनु भाकर ने कहा कि इस सम्मान को वह ताउम्र याद रखेंगी। उन्होंने कहा कि वह राजनीति में नहीं आएंगी, बल्कि ओलंपिक में गोल्ड जीतने के लिए मेहनत करेंगी। खेल पर ध्यान देते हुए ओलंपिक में गोल्ड पर निशाना लगाना ही उनका लक्ष्य है। मनु भाकर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ खेलों पर भी ध्यान दें और देश के लिए मेडल जीतने का टारगेट रखें। उन्होंने विनेश फोगाट मामले पर कहा कि विनेश की भावना फाइटर की तरह रही है, विनेश को सबक लेना चाहिए और मेडल जीतने के लिए फिर से मैदान में उतरना चाहिए। सम्मान समारोह में पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान, अंतरराष्ट्रीय रेसलर व भाजपा नेता बबीता फोगाट, पूर्व विधायक रणवीर मंडोला, पूर्व विधायक कर्नल रघुबीर छिल्लर सहित कई राजनेताओं ने मनु को सम्मानित किया। मनु भाकर ने कहा कि उनका ध्यान सिर्फ देश के लिए गोल्ड जीतने का है और वह अभी राजनीति नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि ब्रॉन्ज मेडल तक का सपना सुहाना रहा है, अब मेहनत के बूते गोल्ड जीतकर ही सपना पूरा करूंगी। इससे पहले, रविवार को मनु भाकर ने अपने गांव गोरिया में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा था कि वह बॉलीवुड में जाने की योजना नहीं बना रही हैं। उन्होंने कहा कि अभी उनका पूरा ध्यान खेल पर है और वह एक्टिंग के बारे में नहीं सोच रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल उनका कोई इरादा बॉलीवुड में जाने का नहीं है और वह अपने खेल पर फोकस करेंगी।

बता दें कि मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर मिक्सड डबल्स में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा है। एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली वह पहली भारतीय एथलीट हैं। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 221.7 का स्कोर बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया था। मनु भाकर ने ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनने का गौरव हासिल किया है।

# पीकेएल 11 : सबसे महंगे रेडर सचिन खुद को साबित करने में सक्षम...

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में दो खिलाड़ी पर जमकर पैसा बरसा और उनकी कीमत 2 करोड़ के भी पार कर गई। सचिन को तमिल थलाइवाज ने 2.15 करोड़ रुपये में खरीदा, जबकि ईरानी खिलाड़ी मोहम्मदरेजा चियानेह को हरियाणा स्टीलर्स ने 2.07 करोड़ रुपये की मोटी रकम देकर अपने साथ जोड़ा। तमिल थलाइवाज द्वारा अपने खिलाड़ी को महंगी कीमत पर खरीदे जाने पर पूर्व भारतीय कबड्डी कप्तान अजय ठाकुर ने भरोसा जताया कि सचिन, जो पीकेएल 11 में सबसे महंगे रेडर हैं, अपनी कीमत और नाम के मुताबिक प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। ठाकुर ने आईएएनएस से कहा, सचिन अपनी कीमत के अनुरूप प्रदर्शन करेंगे। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। तमिल थलाइवाज ने उन्हें टीम में शामिल कर बहुत अच्छा फैसला किया है। पीकेएल के इतिहास में किसी भी खिलाड़ी ने सचिन के 233 डू-ऑर-डाई रेड प्वाइंट्स से ज्यादा स्कोर नहीं किया है। थलाइवाज को उम्मीद होगी कि वह सीजन 11 में अपने प्रदर्शन को और बेहतर करें। उन्होंने पिछले सीजन में 171 रेड प्वाइंट्स बनाए थे और लीग इतिहास में सर्वाधिक रेड प्वाइंट्स (952) के मामले में ऑल टाइम चार्ट में सातवें स्थान पर हैं। इसके अलावा, बेंगलुरु बुल्स ने भी एक मोटी रकम के साथ प्रदीप नरवाल को अपने साथ जोड़ा, जो पीकेएल में उनकी पहली फ्रेंचाइजी में वापसी है।

ठाकुर ने कहा, जहां तक प्रदीप नरवाल की बात है, उन्हें बेंगलुरु बुल्स ने 70 लाख रुपये में साइन किया था, लेकिन मेरा मानना है कि वह टीम के लिए 1.5 करोड़ रुपये का मूल्य लाएंगे। देश में कबड्डी के विकास में पीकेएल की भूमिका पर बोलते हुए अनुभवी खिलाड़ी ने कहा कि फ्रेंचाइजी आधारित लीग ने युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया है। पद्मश्री पुरस्कार विजेता ठाकुर ने कहा, खिलाड़ियों के लिए कबड्डी में काफी सुधार हुआ है। पीकेएल के आगमन से खिलाड़ियों को पहचान मिली है और युवा प्रतिभाओं को अब एक मंच मिला है, जो एक बड़ी उपलब्धि है।




## संन्यास के बाद लीजेंड्स लीग क्रिकेट में शामिल हुए शिखर धवन



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के कुछ ही दिन बाद लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) में शामिल हो गए हैं। आधुनिक समय के सफेद गेंद के महान खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित करने वाले धवन अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और जीवंत व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं। एलएलसी की एक प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से धवन ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट में शामिल होने को लेकर कहा, लीजेंड्स लीग क्रिकेट के साथ इस नए अध्याय को शुरू करना मेरी सेवानिवृत्ति के बाद आदर्श प्रगति जैसा लगता है। मेरा शरीर अभी भी खेल की मांगों के लिए तैयार है। और जबकि मैं अपने निर्णय के साथ सहज हूं, क्रिकेट मेरा अभिन्न अंग है, यह मुझसे कभी नहीं छूटेगा, मैं अपने क्रिकेट मित्रों के साथ फिर से जुड़ने और नई यादें बनाते हुए अपने प्रशंसकों का मनोरंजन करने के लिए उत्सुक हूं। शिखर के करियर में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां शामिल हैं। वह 2013 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में प्लेयर ऑफ द टूनामेंट बने। उन्होंने एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 44.1 के प्रभावशाली औसत, टी20ई में 27.92 और 91.35 के स्ट्राइक रेट के साथ 6,793 से अधिक रन बनाए हैं। भारतीय क्रिकेट टीम और इंडियन प्रीमियर लीग में उनके योगदान ने एक क्रिकेट आइकन के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत किया है।

# पाकिस्तान को मिली करारी हार पर भड़के रमीज राजा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली हार के बाद शान मसूद की कप्तानी की आलोचना की है। रावलपिंडी की पिच पर प्लेइंग- 11 से स्पिनरों को बाहर रखने का बांग्लादेश टीम का फैसला हैरान करने वाला था। इस बात को लेकर रमीज राजा ने भी टीम और कप्तान की कड़ी आलोचना की। पाकिस्तान चार तेज गेंदबाजों और बिना किसी मुख्य स्पिनर के साथ मैदान पर उतरा, जिसका खामियाजा उसे मैच के अंतिम दिन भुगतना पड़ा। बांग्लादेश के स्पिनर मेहदी हसन मिराज और शाकिब अल हसन ने मेजबान टीम को दूसरी पारी में 146 रन पर ढेर कर दिया, जिससे उसे पाकिस्तानी धरती पर इतिहास रचने के लिए मात्र 30 रन का लक्ष्य मिला। मेहमान टीम ने आसानी से इस छोटे लक्ष्य को हासिल किया और 10 विकेट से जीत दर्ज की। रमीज राजा ने कहा कि पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने अपनी चमक खो दी है और उनकी गति भी कम हो गई है, जिससे वो कम घातक हो गए हैं। रमीज राजा ने पाकिस्तान की हार का भारतीय टीम से कनेक्शन जोड़ा, अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में कहा, सबसे पहले, टीम के चयन में गलती हुई। आप स्पिनर के बिना थे। दूसरा, जिस प्रतिष्ठा के आधार पर हम अपने तेज गेंदबाजों पर निर्भर हैं, वह खत्म हो गई है। यह शर्मनाक है, जो एशिया कप के दौरान शुरू हुआ जब भारत ने सीमिंग परिस्थितियों में हमारे तेज गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी थी। इस तरह यह रहस्य दुनिया के सामने आ गया कि इस लाइन-अप का मुकाबला करने का एकमात्र तरीका 'आक्रमण' करना है। श्रृंखला में हार की आशंका को देखते हुए राजा ने कहा कि मसूद को अपनी बल्लेबाजी में सुधार करने और मध्यक्रम में अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाने की जरूरत है।

# चिकनगुनिया के प्रभाव से उबरने के लिए एचएस प्रणय ने लिया ब्रेक

एजेंसी



**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने सोमवार को कहा कि वह अपने शरीर को चिकनगुनिया के प्रभाव से पूरी तरह से उबारने के लिए खेल से ब्रेक ले रहे हैं, जिसने पेरिस ओलंपिक में उनके प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव डाला था। 32 वर्षीय, 2022 थॉमस कप खिताब विजेता और विश्व और एशियाई खेलों के कांस्य-पदक विजेता, मच्छर जनित वायरल बीमारी चिकनगुनिया से एक सप्ताह तक जूझने के कारण पेरिस ओलंपिक में सुस्त हो गए थे।

इस बीमारी में जोड़ों में गंभीर दर्द होता है। प्रणय ने एक्स पर लिखा, दुर्भाग्य से, चिकनगुनिया से लड़ाई ने मेरे शरीर पर बहुत बुरा प्रभाव डाला है, जिससे मुझे लगातार दर्द हो रहा है जिससे मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना असंभव हो गया है। उन्होंने कहा, अपनी टीम के साथ सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, मैंने रिकवरी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आगामी कुछ टूनामेंटों से हटने का फैसला किया है। इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान आपकी समझ और समर्थन के लिए धन्यवाद। मैं और मजबूती से वापसी करूंगा।

## काइरेन विल्सन ने जीता विश्व स्नूकर शीआन ग्रैंड प्रिक्स का खिताब

**शीआन।** विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी काइरेन विल्सन ने 7-8 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रविवार को जूड ट्रम्प को 10-8 से हराकर शीआन ग्रैंड प्रिक्स में अपना सातवां विश्व स्नूकर रैंकिंग खिताब जीत लिया है। रात के सत्र से पहले, विल्सन ने ट्रम्प के खिलाफ 5-4 की बढ़त ले ली थी। ट्रम्प और विल्सन ने दसवें और ग्यारहवें फ्रेम में जीत हासिल की, इससे पहले ट्रम्प ने लगातार दो फ्रेम जीतकर अंतिम अंतराल से पहले 7-6 की बढ़त हासिल की, लेकिन 14वें फ्रेम में विल्सन के 76 ने उन्हें बराबरी पर ला दिया। ट्रम्प ने टूनामेंट में अपना दूसरा शतक लगाने के बाद 8-7 की बढ़त ले ली। हालांकि, विल्सन ने अपने बेहतरीन आक्रामक कौशल का परिचय देते हुए अगले तीन फ्रेम जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

# टी20 विश्व कप टीम में जेस जोनासेन की वापसी के लिए 'दरवाजे खुले हैं' : हीली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम में अनुभवी स्पिनर को जगह नहीं मिली है जबकि टी 20 फॉर्मेट में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा और उनके नाम 105 टी 20 मैचों में 96 विकेट भी हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली को उम्मीद है कि जेस जोनासेन यूएई में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए टीम में वापसी कर सकती है। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने हीली के हवाले से कहा, 100 फीसदी उनके पास अब भी मौका है। यह पहली बार है जब जोनासेन शारीरिक रूप से फिट होने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया के लिए विश्व कप से बाहर होंगी। वह पिछली बार 2013 के वनडे विश्व कप से बाहर रही थीं, जहां मूल रूप से चुने जाने के बाद वह चोट के कारण बाहर हो गई थीं। हीली ने कहा, मैं खुद जोनो के लिए निराश हूं। मैंने पिछले कई वर्षों में उसके साथ काफी क्रिकेट खेला है।

### ऑस्ट्रेलिया महिला टी20 विश्व कप टीम


एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एशले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहम, टायला व्लामिन्क।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# आरबीआई लाने जा रहा यूएलआई सिस्टम

## नए टूल से एमएसएमई और कृषि क्षेत्र को लोन देने में आएगी तेजी

एजेंसी



**बेंगलुरु।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) राष्ट्रीय स्तर पर यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। यह यूपीआई की तरह ही होगा, जो कि अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण सेक्टर जैसे कृषि और एमएसएमई को लोन देने का कार्य करेगा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की ओर से सोमवार को यह जानकारी दी गई। ग्लोबल क्रॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि आरबीआई की ओर से पायलट प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। अनुभव के आधार पर सही समय पर यूएलआई सिस्टम को लॉन्च किया जाएगा। दास की ओर से कहा गया कि यूपीआई ने पूरे पेमेंट सिस्टम को बदल दिया है। ऐसी ही उम्मीद हम यूएलआई सिस्टम से कर रहे हैं। जेएएम-यूपीआई-यूएलआई भारत के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर यात्रा में अहम भूमिका निभाने वाले हैं। दास ने आगे कहा कि बैंकिंग सिस्टम में डिजिटलाइजेशन को आगे बढ़ाने के लिए आरबीआई की ओर से पिछले साल क्रेडिट देने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट को लॉन्च किया गया था। इसमें व्यक्ति की अनुमति के आधार पर डिजिटल इन्फॉरमेशन को उपलब्ध कराया जाता है, जिसमें कई राज्यों के जमीनों के रिकॉर्ड, मल्टीपल डेटा प्रोवाइडर्स से लोन देने वाली कंपनियों को डेटा उपलब्ध कराना शामिल है। इससे छोटे और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को लोन देने के समय में कमी आएगी। उन्होंने आगे कहा कि यूएलआई आर्किटेक्ट में सामान्य और स्टैंडर्ड एपीआई है और इसमें विभिन्न स्रोतों से आने वाली जानकारी तक पहुंचने के लिए 'प्लग और प्ले' अप्रोच का इस्तेमाल किया गया है। इससे तकनीकी तौर पर काफी सारी खामियां दूर होती हैं और इससे आसानी से लोन लेने वाले व्यक्ति को बिना किसी लंबे प्रोसेस के लोन मिल जाता है। जनधन अकाउंट, आधार और मोबाइल फोन, जिसे जेएएम त्रिमूर्ति के रूप में जाना जाता है, यह भारत के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर का आधार है। जेएएम के तहत की गई पहल के 67 प्रतिशत लाभार्थी ग्रामीण इलाकों से हैं और इनमें से 55 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं।

# विशेषज्ञों ने कहा- अत्यधिक मीठे पेय पदार्थ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सोडा, फ्रूट पंच और नींबू पानी जैसे अत्यधिक मीठे पेय पदार्थों का सेवन करने वालों को लेकर विशेषज्ञों ने कहा है कि इससे दांतों में इंफेक्शन, किडनी और हृदय रोग जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। 'शुगर-स्वीटेड बेवरेज' (एसएसबी) ऐसे पेय पदार्थ हैं जिनमें अतिरिक्त चीनी या अन्य स्वीटनर होते हैं, जिसमें हाई फ्रुक्टोज कॉर्न सिरप (एचएफसीएस), सुक्रोज या फ्रूट जूस कंसंट्रेट, नॉन-डाइट सोडा, फ्लेवर्ड जूस, एनर्जी ड्रिंक, मीठी चाय और कॉफी आदि शामिल हैं। वडोदरा के भाईलाल अमीन जनरल हॉस्पिटल में कंसल्टेंट फिजिशियन डॉ. मनीष मित्तल ने बताया, ये स्वीटनर एक बड़ी चिंता का विषय हैं जो मोटापा और मधुमेह जैसी कई स्वास्थ्य जटिलताओं का कारण बन सकते हैं। इसके साथ ही इसके हार्ट और किडनी पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं।'' दिल्ली के सीके बिड़ला अस्पताल में इंटरनल मेडिसिन के लीड कंसल्टेंट डॉ. नरेंद्र सिंघला ने कहा कि फ्रुक्टोज, हाई फ्रुक्टोज कॉर्न और ब्राउन शुगर जैसे पदार्थ मोटापे, टाइप 2 मधुमेह और हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा, '' चीनी की अतिरिक्त मात्रा वजन बढ़ाने के साथ सूजन और इंसुलिन प्रतिरोधकता पैदा कर सकती है। चीनी युक्त पेय पदार्थों का सेवन दैनिक कैलोरी की आवश्यकता के हिसाब से 10 प्रतिशत से कम रखें।'' अमेरिका में हार्वर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि चीनी युक्त पेय पदार्थों के अधिक सेवन से हृदय संबंधी रोग की घटनाओं और मृत्यु दर में भी वृद्धि हो सकती है।

# सरकारी कंपनी बीएचईएल को अदाणी पावर से मिला 11,000 करोड़ रुपये का ऑर्डर

एजेंसी

**मुंबई।** सरकारी कंपनी भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को अदाणी पावर और उसकी सहयोगी कंपनी महान एनर्जेन लिमिटेड (एमईएल) से तीन 'सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट' स्थापित करने के लिए 11,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर दिए गए हैं। तीनों प्रोजेक्ट में से प्रत्येक 2 गुणा 800 मेगावाट रेटिंग का होगा जो कि राजस्थान के कवाई और मध्य प्रदेश के महान में स्थापित किए जाएंगे। बीएचईएल की ओर से एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया कि कंपनी को कवाई फेस-प्रोजेक्ट 49 महीने, कवाई फेस-प्रोजेक्ट 52 महीने और महान फेस-ककक प्रोजेक्ट 55 महीने में पूरा करना होगा। कंपनी ने आगे कहा कि वह इन तीन पावर प्रोजेक्ट के लिए उपकरणों की आपूर्ति करने और उन्हें शुरू करने का काम करेगी।

# सेंसेक्स 611 अंक बढ़कर हुआ बंद, निफ्टी 25,000 के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में तेजी के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 611 अंक या 0.75 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,698 और निफ्टी 187 अंक या 0.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,010 पर था। दिन के दौरान सेंसेक्स ने 81,278 से लेकर 81,824 और निफ्टी 24,874 और 25,043 की रेंज में कारोबार किया। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 375 अंक या 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,931 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 53 अंक या 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,132 पर बंद हुआ। आईटी, ऑटो, एफएमसीजी, मेटल, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। मीडिया और पीएसयू बैंक इंडेक्स पर दबाव था। सेंसेक्स पैक में एचसीएल टेक, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाइटन, विप्रो, एमएंडएम और एलएंडटी टॉप गेनर्स थे। मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा, नेस्ले, सन फार्मा, एचयूएल, इंडसइंड बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप लूजर्स थे। बाजार में तेजी की वजह अमेरिकी शेयर बाजार में शुक्रवार को आई तेजी को माना जा रहा है। अमेरिकी फेड चेयरमैन की ब्याज दरों में कटौती के संकेत दिए जाने के बाद यूएस के बाजारों में बड़ी बढ़त हुई थी। बाजार के जानकारों का कहना है कि यूएस फेड की ओर से सितंबर में ब्याज दरों में कमी के संकेत दिए गए हैं।



## एक नजर

### कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो को बधाई दी



**महुआडांड़।** महुआडांड़ के युवा कांग्रेस सह मनिका आदिवासी सेल प्रभारी अजित पाल कुजूर व प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुहैल अहमद ने झारखंड कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो से मिलकर बधाई दी।

### वज्रपात की चपेट में आने से किसान की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के बारी पंचायत अंतर्गत सैलाबार गांव निवासी किसान बिहार गंझू (56) पिता स्व ओहदार गंझू की मौत सोमवार की शाम वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल सदर अस्पताल लातेहार ले गए जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बिहारी गंझू खेत में खाद डाल रहे थे, इसी क्रम में बारिश के बीच वज्रपात की घटना हुई और वह उसकी चपेट में आ गया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### बज्रपात से एक पशु धन की मौत

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत पुरना सिबला निवासी सुरेश उरांव की गाय को बज्रपात से मौत हो गई। जानकारी देते हुए पीड़ित सुरेश उरांव पिता नन्हू उरांव ने बताया की अभी खेती बारी का दिन है. अपने गाय को घर के बगल मे चरने के लिए बांधे हुए थे. अचनाक तेज बारिश के साथ बज्रापात हो गया जिसके चपेट मे आने से गाय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। गाय की मौत होने से लगभग बीस हजार का आर्थिक क्षति हुआ है. पीड़ित ने सम्बंधित विभाग से मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

### मां महाकाली संघ ने धूमधाम से गणेश पूजा मनाने का लिया निर्णय

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड के स्थानीय दुगार्बाड़ी परिसर में रविवार को विनीत कुमार पाठक की अध्यक्षता में मां महाकाली संघ (थाना मोड़) के सभी सदस्यों के बीच एक बैठक संपन्न की गई। जिसमें सर्व सहमति से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से गणेश पूजा मनाने का निर्णय लिया गया । मौके पर मुख्य रूप से आयुष जायसवाल, विकास कुमार, पप्पू कुमार, हिमांशु जायसवाल, भोला, अंकित कुमार, गौरव धनुष, शक्ति सिंह, मोहित सोनी, सूरज सोनी, हर्ष यादव रिंकू वं संघ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### रेलवे स्टेशन पर स्वास्थ्यकर्मियों टीम ने किया कैंप



**हैदरनगर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के दूसरे दिन सोमवार को चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार ने स्वास्थ्यकर्मियों के साथ पंचायत भवनों, आंनबाड़ी केन्द्रों सहित अन्य स्थानों पर भ्रमण कर जाएजा लिया। उन्होंने कहा कि हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र में यह अभियान सभी वर्गों के लोगों से समन्वय से संतोषजनक बताया है। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में हैदरनगर के भाई बिगहा में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन सहित कई युवाओं को इस कार्य की सफलता में अपने क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हाथ बंटाने का सुझाव भी दिया। इस दौरान उन्होंने कई स्वास्थ्यकर्मियों के साथ स्थानीय रेलवे स्टेशन पर कैंप किया। यहां पर विभिन्न ट्रेनों से आवागमन करने वाले जीरो से पांच वर्ष तक के आयु तक के बच्चों को उनके अभिवावकों की सहमति से 56 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भक्ति में डूबा श्री बंशीधर नगर

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर में इस वर्ष पूरे धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनायी जा रही है। ऐतिहासिक श्री बंशीधर मंदिर में सोमवार की मध्यरात्रि भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव नंदोत्सव को लेकर पूरे शहर में उत्सव सा माहौल है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर मंदिर में अहले सुबह से ही दर्शन पूजन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पूरा शहर भक्ति में डूबा हुआ है। श्री बंशीधर नगर शहर श्री कृष्ण जन्मोत्सव के रंग में रंग गया है। चारों तरफ राधे राधे की गुंज है। श्री बंशीधर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह और रासलीला के मंचन होने के कारण शहर से लेकर गांव तक भक्ति की धूम मची हुई है। श्री बंशीधर मंदिर को फूल एवं इलेक्ट्रॉनिक लाईट से भव्य तरीके से सजाया गया है, जो मंदिर की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। वहीं शहर में तोरण द्वार बनाकर शहर को सजाया गया है जो श्रद्धालुओं के लिये आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। श्री बंशीधर मंदिर में पिछले एक सप्ताह से दो बजे दिन से शाम छह बजे तक श्रीमद्भागवत कथा एवं रात्रि में रासलीला होने के कारण मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। वृंदावन से आये कथा वाचक ने श्रीमद्भागवत कथा का संगीतमय प्रवचन कर एवं रासलीला टीम ने शानदार प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मनमोह लिया है। पूरा शहर भक्ति के रस में डूब गया है।



### हुसैनाबाद में उत्साह और उमंग के साथ मना कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

**हुसैनाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन जपला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी (जन्मदिवस) पूरे उत्साह व उमंग के साथ मनाई गई। जपला सेवाकेंद्र की ब्रह्माकुमारीज ने अपने केन्द्र, सद्भावना भवन में बच्चों - नव्या, अंशिका, श्रुति, प्रिंसी, स्नेहा, पीहू, बीके वंदना, इक्षा, चेरी के साथ नन्हें कृष्ण और उनकी सहेलियों (गोपियों) का अभिनय करके, बड़े उत्साह और खुशी के साथ श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का उत्सव मनाया। बच्चों ने कई सुंदर नृत्य प्रस्तुत किये। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन सेवा केंद्र पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व अलौकिक रीति से मनाई गई।

सेवा केंद्र प्रभारी प्रियंका दीदी की देखरेख में शुरू किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, समाजसेवी कर्नल संजय सिंह, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



### खरौंधी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह त्यौहार भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है और इसे हिंदू धर्म में विशेष महत्त्व प्राप्त है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं और उनके दिव्य अवतार की पूजा-अर्चना की जाती है। खरौंधी प्रखंड के मझिगावां, खरौंधी, करिवाडीह, राजी, सुंडी, चन्दनी, सिसरी, अरंगी, कूपा सहित विभिन्न गांवों और कस्बों में इस पर्व की तैयारी कई दिनों पहले से शुरू हो जाती है। खरौंधी प्रखंड में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया था। स्थानीय मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की और भजन-कीर्तन का आयोजन किया। विशेष रूप से मध्यरात्रि के समय, जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था, भक्तों ने भगवान की आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया।इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। बच्चों और युवाओं ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा की वेशभूषा में नृत्य और नाटकों का प्रदर्शन किया।

### सुरकुमी गांव में आज भी बिजली सेवा आपूर्ति नहीं

**गारू।** लातेहार जिले के गारू प्रखंड अंतर्गत सुरकुमी गांव के लोग अब तक बिजली की सुविधा से वंचित हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग और जिला प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है। गांव के निवासी दीपन सिंह, बीफन सिंह और लक्ष्मण सिंह ने बताया कि कई वर्षों से बिजली आपूर्ति की मांग की जा रही है, लेकिन आज तक बिजली विभाग के तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ साल पहले गांव में बिजली के खंभे और तार तो लगाए गए थे, लेकिन बिजली सेवा आपूर्ति कभी शुरू नहीं हुई। बिजली आपूर्ति नहीं होने से गांव के विकास को बुरी तरह प्रभावित है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेताओं द्वारा बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद वे गांव की समस्याओं को नजरअंदाज कर देते हैं। बीफन सिंह ने बताया कि बिजली के अभाव में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, और शाम होते ही गांव में अंधेरा छा जाता है। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि बिजली के बिना ग्रामीणों की आजीविका पर भी असर पड़ रहा है, क्योंकि आधुनिक कृषि उपकरण और अन्य सुविधाएं बिजली के बिना उपयोग नहीं हो पा रही हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति शुरू नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने स्थानीय जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे गांव की बिजली जैसे महत्वपूर्ण समस्या का शीघ्र समाधान करें।

## न्यूज बॉक्स

### तीन प्रमुख पथ बदहाल, विकास के झूठे दावों की पोल खोलती जर्जर सड़कें



**पलामू।** जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के अंतर्गत आने वाले चौवाचटान से तुलसीखांड़, माधेकचहरी, जमुआ, इटबांध, डंडिला, विशवसिया, अमही, और दूसरा-कचरा गांव से झुमरी, विशवसिया, अमही, डंडिला और तीसरा-उपरी मोड़ से महुअरी, बसडीहा, झुमरी, विशवसिया, अमही, ड़डिला आदि गांवों को जोड़ने वाली तीन प्रमुख सड़कें अत्यधिक खराब स्थिति में हैं। कीचड़ और गड्ढों से भरी इन सड़कों से गुजरना स्थानीय लोगों के लिए मुश्किल हो गया है। पिछले पाँच वर्षों से इन सड़कों की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे आवागमन में गंभीर कठिनाइयां हो रही हैं। स्थानीय विधायक द्वारा लगातार विकास के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है। यह जर्जर सड़कें विकास के झूठे दावों की पोल खोल रही हैं। पलामू से सांसद वीडी राम, जिन्होंने लगातार तीन बार चुनाव जीतकर अपनी हैट्रिक पूरी की है, विकास कार्यों के क्रियान्वयन में पूरी तरह असफल साबित हो रहे हैं। क्षेत्र की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर उन्हें वोट दिया, लेकिन अब वे अपने फैसले पर पछता रहे हैं। हुसैनाबाद की जनता अब इन जर्जर सड़कों की बदहाली पर आंसू बहा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब तक इन सड़कों की मरम्मत नहीं होती, तब तक उन्हें राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। सवाल यह है कि क्या इन सड़कों की स्थिति सुधरेगी, या फिर जनता यूं ही कीचड़ और गड्ढों से जूझती रहेगी?

### हाइवा चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार



**चतरा।** चतरा पुलिस ने हाइवा चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। उन्हें पूछताछ के बाद सोमवार को न्यायिक हिरासत में चतरा जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार चोर सचिन कुमार यादव सदर थाना क्षेत्र में दारीयातू तथा शिव सेवक यादव इटखोरी थाना क्षेत्र के मुरुमदाग गांव का रहने वाला है। दोनों अपराधियों ने बीते 24 अगस्त को सदर थाना क्षेत्र के रामटुंडा गांव से एक हाइवा की चोरी कर ली थी। सदर थाना पुलिस ने मयूरहंड थाना पुलिस के सहयोग से मयूरहंड थाना क्षेत्र के तेतरिया जंगल से हाइवा के साथ दोनों चोरों को गिरफ्तार किया। पुछताछ के बाद गिरफ्तार दोनों चोरों को जेल भेज दिया गया। चतरा एसडीपीओ संदीप सुमन ने सोमवार को प्रेस वार्ता में जानकारी दी।

### अबुआ आवास के कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से छुट्टी के दिन भी खुले रहे प्रखंड



**हुसैनाबाद।** जिले में अबुआ आवास के कार्यों में तेजी लाने व ससमय निष्पादित करने को लेकर पलामू उपायुक्त शशि रंजन के निदेर्शानुसार सभी प्रखंड कार्यालय रविवारीय अवकाश के बावजूद खुले रहे। इस दौरान उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने सदर मेदिनीनगर, नवाबाजार, छत्तरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज एवं विश्रामपुर सहित अन्य प्रखंडों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी प्रखंडों में कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध योग्य लाभुकों का चयन व संबंधित लाभुकों का आधार/ बैंक खाता सहित सभी आवश्यक विवरणी तैयार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान हैदरनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। उप विकास आयुक्त ने विभिन्न ब्लॉक पहुंचकर सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि अबुआ आवास सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। ऐसे में इस योजना में किसी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने सभी से अपने आवास समन्वयकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने की बात कही।

# बीडीओ को दो युवकों ने सरेआम किया लपड़-थपड़

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदी जी राम को सोमवार की दोपहर करीब 3 बजे सड़क पर साइड लेने को लेकर उत्पन्न विवाद में भवनाथपुर के खरौंधी मोड़ पर दो टेंपो चालक युवकों न लापड़ -थप्पड़ कर पिटाई कर दी। बीडीओ के साथ मारपीट कर दोनों फरार हो गए पुलिस पूरे मामले की छानबीन में छूट गई है तथा अब आरोपियों की तलाशी के लिए सघन छापामारी अभियान चला रही है। सूत्रों के अनुसार पांच दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद जी राम रांची जाने के क्रम में खरौंधी मोड़ के समीप जैसे हीं पहंचे, दो अज्ञात युवकों द्वारा सोमवार के अपराह्न तीन बजे बीडीओ नंदजी राम को थप्पड़ से पिटाई कर दिया गया। इस घटना में नंद जी राम को चेहरे और हांथ के अंगुली में गंभीर चोट लगी है घटना के बाद सी एच सी प्रभारी डा दिनेश सिंह के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर मामले की गंभीरता को देख त्वरित थाना प्रभारी कृष्ण कुमार सशस्त्र बल के साथ खरौंधी मोड़ पहुंचे तथा घटना की जानकारी बीडीओ से लेते हुए आरोपी युवक की धर पकड़ के लिए पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार बीडीओ नंदजी राम सोमवार के दोपहर लगभग तीन बजे पांच दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने रांची के लिए अपने निजी वाहन से आवास से अकेले निकले थे। तभी खरौंधी मोड़ के समीप जाम में वें फंस गए जैसे ही वें जाम हटवाने के लिए अपनी वाहन से नीचे उतरे शराब के नशे में धुत दो टेंपो चालक युवक किसी बात को लेकर बीडीओ नंदजी राम से उलझ गए, देखते देखते उक्त दोनों युवक हमलावर हो गए और बीडीओ नंदजी राम को थप्पड़ से पिटाई चालू कर दी।



# केतार मुस्लिम धर्मावलंबियों ने निकाली चेहल्लुम की जुलूस

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के केतार बेलाबार, नावाडीह गांव में सोमवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सादगी और अकीदत के साथ चालीसवां का जुलूस निकाल कर पहलाम मनाया। इस अवसर पर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैह वसल्लम के नवाहे इमामे हसन व इमामे हुसैन की शहादत कि 40 वें दिन बाद चेहल्लुम मनाया गया। यहां पुरे दिन गांव के मुहल्ले में मातम, मसीहा गाजे-बाजे के साथ गुंजता रहा। सुबह में जुलूस कुशवा टोला,बरवाही टोला से उठकर मस्जिद के रास्ते होते हुए पंडा नदी के किनारे मैदान में पहुंचा। जहां लोगों ने बेलाबार - नावाडीह के ताजिया, शिपड़, दुलदुल और इस्लामिया झंड़े का आपस में मिलान कर अपने घर लौटें , पुनः दोपहर बाद गाजे-बाजे के साथ पुरबारा टोला से जुलूस उठकर शाम पांच बजे कर्बला मैदान तक पहुंचा। जहां गांव के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कर्तव्य दिखाया। इस मौके पर मुकुन्दपुर मुखिया मुंगा साह, केतार मुखिया प्रमोद कुमार, अंजुमन सदर समीम अंसारी, सहित बड़ी संख्या में हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद थे।



### मेराल में भी मुस्लिम धर्म के लोगो ने निकाली चेहल्लुम के जुलूस

**मेराल।** मेराल के पूर्वबारा टोला मकूना टोला चरका पत्थर टोला तथा गोंदा से ताजिया अखाड़े और डीजे के साथ जुलूस निकाली गई थाना गेट सामने मिलनी करने के बाद चरका पत्थर मस्जिद के पास सभी टोला के ताजिया अखाड़े जुलूस शामिल होकर मातम कर अलग अलग अंदाज में खेल तमाशा कर मोहर्रम का चेहल्लुम संपन्न किया गया। मौके पर मेराल पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जुलूस में मौजूद रहे।

# प्रखंड के आम अवाम की शिकायत बना बीडीओ और एमओ के फाइलों की शोभा

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के आम अवाम की शिकायतें अब तक बीडीओ जागो महतो और एम ओ जसवंत नायक के फाइलों की शोभा बनकर रह गया है। तीन से चार महीने का समय बीत गया लेकिन अभी तक उक्त अधिकारियों के द्वारा उनके शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया। जबकि मामले पर उनके द्वारा कराए गए जांच में कई शिकायतों की पुष्टि भी हो गई है। आम अवाम की शिकायतों में प्रमुख रूप से बीडीओ से जुड़े मामलों में जनप्रतिनिधियों के नाम दस्तखत में फजीर्वाड़ा, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हुई सरकारी फंडिंग राशि में फजीर्वाड़ा, तसरार पंचायत में पीएम आवास योजना के लाभुको के मजदूरी मद की राशि में फजीर्वाड़ा, पीएम आवास की राशि से विद्यालय भवन का निर्माण होने की बातें और एम ओ से जुड़े मामलों में संपन्न लोगों के द्वारा अवैध रूप से राशन कार्ड बनवाकर प्रत्येक माह गरीबों का हक छिनना शामिल है। उक्त सभी मामलों को अलग-अलग कर्मियों के द्वारा जांच भी कराया गया। जांच में मामले की पुष्टि हुए चार माह का समय बीत गया लेकिन अभी तक संबंधित लोगों के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हो पाया। वहीं कार्रवाई का इंतजार करते-करते शिकायतकर्ताओं का सब्र पूरी तरह टूट गया।



# जिप सदस्य कि ततपरता से युवती का जीवन बर्बाद होने से बचा

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के सेरक पंचायत अंतर्गत एक गांव से शुक्रवार को एक नाबालिग किशोरी की शादी कर मानव तस्करी का प्रयास किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। हेरहंज प्रखंड की एक नाबालिग किशोरी की शादी गुपचुप तरीके से हरियाणा के एक अधेड़ व्यक्ति के साथ कराई जा रही थी। शक होने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना चंदवा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी को दी जिसके बाद सरोज देवी मौके पर पहुंची व मामले की जानकारी लेकर तत्पश्चात उन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी। ईसके बाद चंदवा पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर किशोरी व बाहर से आए संदिग्ध लोगो को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई। जिप सदस्य सरोज देवी की ततपरता से एक नबालिक युवती का जीवन बर्बाद होने से बच गया। बताया जाता है कि किशोरी का ननिहाल सेरक में है व परिजन काफी गरीब हैं।इसी का फायदा उठाकर गांव की एक महिला प्रलोभन देकर नाबालिग किशोरी की शादी हरियाणा के एक व्यक्ति से करा रही थी। जिस व्यक्ति से किशोरी की शादी कराने की कोशिश की जा रही थी वह काफी उम्रदराज बताया जा रहा है।

### सफाईकर्मियों की हड़ताल से छतरपुर की चरमराई सफाई व्यवस्था, बोले अरविंद

# मांगें पूरी कर उनकी सुध ले सरकार

***झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लॉइज फेडरेशन के बैनर तले हड़ताल पर हैं नगर पंचायत के कर्मचारी***

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लॉइज फेडरेशन के बैनर तले हड़ताल पर हैं नगर पंचायत के कर्मचारी उनके हड़ताल पर जाने से नगर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। उनके अनशन के समर्थन में धरनास्थल पर पंहुचे सामाजिक कार्यकर्ता सह नंगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमून और लोगों का मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नगर निकाय के कर्मी कई चुनौतियों के साथ नगर में कार्य कर रहे हैं। ऐसे में सरकार को उनकी सुध लेते हुए उनकी मांगों को पूरा करना चाहिए ताकि उन्हें उनका वाजिब हक मिल सके। उन्होंने कहा कि वे झारखंड के मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री और सचिव से मिल कर उनकी मांगों के समर्थन में बात करेंगे यह भी कहा कि कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गयी है सरकार को त्वरित पहल करनी चाहिए। वहीं छतरपुर नगर पंचायत कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि उनकी मांगें कई वर्षों से लंबित है जिसे पूरा होना चाहिए। वे सरकार से मांग करते हैं कि उनकी मांगें पूरी की जाए ताकि नगर के कर्मी गरिमा और सही सुविधा के साथ काम कर सकें।

अनशन में शामिल कर्मियों में नगर कमेटी के अध्यक्ष दिनेश कुमार, सचिव राजन कुमार, सुपरवाइजर पिंकू, शीतल, लेखपाल सूरज पासवान, कम्प्यूटर ऑपरेटर राम प्रताप, संजय सिंह,गणेश मिस्त्री, चालक अजित, राजेन्द्र, सफाईकर्मियों में राजमोहन राम, पिंकी, लक्ष्मण, महेंद्र, अजय कुमार, अनूप, बिनय, सीमा सहित दर्जनो लोग उपस्थित थे।



### सफाईकर्मियों की मांगे

जिन मांगों के समर्थन में कर्मचारी हडताल पर हैं उनमें दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किये जाने, स्थापना मद में दिए जाने वाले 70 फीसद अनुदान को बरकरार रखने, सभी दैनिक अनुबन्धकर्मियों का 20 लाख का बीमा कराने, पुराने पेंशन को लागू करते हुए, सेवा नियमित से पहले नई बहाली न करने, एनजीओ कर्मियों और मजदूरों को निकाय में समायोजित करने की मांगें शामिल है।

### ट्रैक्टर दुर्घटना में किसान की मौत

**लातेहार।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजकुम गांव निवासी किसान शिव शंकर यादव( 23) की मौत सोमवार को ट्रैक्टर दुर्घटना में हो गई । मृतक किसान अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। जानकारी के अनुसार शिव शंकर यादव अपने खेत की जुताई करने गया था। खेत की जुताई करने के बाद वह वापस अपने घर लौट रहा था ।इसी बीच अचानक रास्ते में ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गई। इस घटना में शिव शंकर यादव ट्रैक्टर के नीचे दब गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बाद में स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन करते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## पेज एक का शेष

महादेव सट्टेबाजी ऐप...

उन्होंने कहा कि महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाला केवल एक राज्य के बजाय कई राज्यों का मामला बन गया है। ऐसा कहा जाता है कि कथित घोटाले के कुछ सरगना विदेश में रहते है। अब सीबीआई इस मामले की गंभीरता से जांच करेगी। डी 16 महीने से महादेव ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही है। कांग्रेस सरकार के दौरान ईडी ने आरोप लगाया था कि सिंडिकेट को संरक्षण देने वालों में उच्च पदस्थ राजनेता और नौकरशाह शामिल हैं। इस मामले में करीब 6,000 करोड़ रुपये की आय का अनुमान था। महादेव ऐप केस में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड(सेबी) भी जांच कर रही है। ईडी की चार्जशीट में खुलासा हुआ है कि महादेव सट्टा ऐप प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल और शुभम सोनी ने सट्टेबाजी की काली कमाई को सफेद करने शेयर मार्केट में 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया है।

जेजेएमपी के तीन...

विजय के पास से देसी मेड राइफल बरामद हुई है। तीनों अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया है कि रजडेरवा में बन रही पुलिया के मजदूरों के साथ लेवी के लिए मारपीट की थी एवं निर्माण कार्य रोकने की धमकी दी थी। विजय पासवान लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के डबरा के मुड़ाथान टोले का रहने वाला है, जबकि अशोक कुमार यादव इसी थाना क्षेत्र के धावाडीह गांव का निवासी है। उसके खिलाफ लेस्लीगंज थाना में मामला दर्ज है। तीसरा नक्सली अखिलेश कुमार ठेमी सतबरवा का निवासी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी...

बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने भारत-अमेरिका साझेदारी के प्रति राष्ट्रपति बाइडन की प्रतिबद्धता की सराहना की। दोनों नेताओं ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत-अमेरिका साझेदारी का उद्देश्य दोनों देशों के लोगों के साथ-साथ पूरी मानवता को लाभ पहुंचाना है। यूक्रेन की स्थिति सहित विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति बाइडन को उनकी हालिया यूक्रेन यात्रा के बारे में जानकारी भी दी। बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति बाइडन की भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की गहरी प्रतिबद्धता के लिए सराहना व्यक्त की, जो लोकतंत्र, कानून के शासन और लोगों के बीच मजबूत संबंधों के साझा मूल्यों पर आधारित है। नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की और इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत-अमेरिका साझेदारी का उद्देश्य दोनों देशों के लोगों के साथ-साथ पूरी मानवता को लाभ पहुंचाना है। दोनों नेताओं ने कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का विस्तृत आदान-प्रदान किया।




## बलूचिस्तान में 3 अलग-अलग आतंकी हमलों में 34 की मौत

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को एक बड़ा आतंकी हमला हुआ। क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में हुए आतंकी हमलों में कम से कम 34 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। बलूचिस्तान की प्रांतीय राजधानी क्वेटा से पंजाब के फैसलाबाद जा रही एक स्थानीय परिवहन सेवा की बस पर सोमवार तड़के 25 से 30 आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। हमला मुसाखाइल जिले के रारहशाम इलाके के पास हुई। उग्रवादियों ने सड़क पर अवरोध पैदा कर दिया, जिससे बस को अन्य वाहनों के साथ रुकना पड़ा। मुसाखाइल के पुलिस प्रमुख अयूब अचकजई ने पुष्टि की कि बस में सवार 23 लोगों को उनकी पहचान की जांच करने और यह पुष्टि करने के बाद कि वे पंजाब प्रांत के हैं, उन्हें अलग ले जाया गया। फिर उन्हें गोली मार दी गई। आतंकवादियों ने घटनास्थल से भागने से पहले कम से कम 10 अन्य वाहनों को आग लगा दी। बलूचिस्तान पुलिस और लेवी कर्मियों को निशाना बनाकर किए गए एक अन्य आतंकवादी हमले में, कलात में कम से कम 10 लोग मारे गए। मरने वालों में एक सब-इंस्पेक्टर समेत पांच सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं। इस घटना में भी हमलावर घटना स्थल से भागने में सफल रहे।

## सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन से मिला भारतीय मंत्रियों का दल

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के चार प्रमुख मंत्रियों के एक दल ने सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम और प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के तौर-तरीकों पर चर्चा की गई। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि चार भारतीय कैबिनेट मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर में राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम और प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। इन कैबिनेट मंत्रियों में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव शामिल थे।

## पीएम ने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बानीस से की बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बानीस के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने क्वाड सहित द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से यह जानकारी दी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, मुझे अपने मित्र ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज से बात करके बहुत खुशी हुई।



# देश में जन्माष्टमी की धूम मथुरा में हर ओर राधे..राधे...

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सारे देश में सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। दुनियाभर में फैले भगवान कृष्ण के अनुयायी सुबह से उनके जन्मोत्सव की तैयारी में जुटे थे। जन्माष्टमी पर मथुरा में सुबह से चहल-पहल थी। हर ओर लोगों में उत्साह देखा जा रहा था। जन्माष्टमी महोत्सव में भाग लेने देश ही विदेश से भी कई लोग मथुरा पहुंचे हुए थे। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थान मथुरा में अभूतपूर्व तैयारियां की गई हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर महिला भक्तों ने नृत्यकर खुशी मनाई। सोमवार सुबह श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर के पर्दे खोले गए और सबसे पहले भगवान की आरती की गई। रात बारह बजते ही भगवान के जन्म के पहले मंदिर का पट कुछ समय के लिए बंद किया गया। भगवान के जन्म की घोषणा होते ही हर ओर थालियों और शंख की मंगल ध्वनि गूंज उठी। उसके बाद भगवान के बाल रूप का दर्शन कर भक्त निहाल हो गए। लगभग ऐसा ही नजारा देश के विभिन्न भागों में देखा गया।

## बात-बात में कट कटाने वाली कंगना को चेतावनी

-ब्यूरो

- किसानों को लेकर बयान पर कहा- उन्हें नीतिगत विषयों पर बोलने की अनुमति नहीं
- **हिदायत-भविष्य में ऐसा कोई बयान नहीं दें**
- अन्नदाताओं के लिए यह शब्द अपमान नहीं देशद्रोह है-सुप्रिया श्रीनेत

**नई दिल्ली।** किसान आंदोलन पर भाजपा सांसद व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत की टिप्पणी को लेकर भाजपा ने किनारा कर लिया है। मालूम हो कि बात-बात में कट कटाने तथा चुभने वाली विवादास्पद बात कहने के लिए चर्चित कंगना रनौत ने एक इंटरव्यू में कहा था कि पंजाब में किसान आंदोलन के नाम पर उपद्रवी हिंसा फैला रहे थे और वहां बलात्कार और हत्याएं हो रही थीं। कंगना रनौत ने आगे कहा था कि विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस ले लिया गया था नहीं तो इन उपद्रवियों की बहुत लंबी योजना थी और वे देश में कुछ भी कर सकते थे। कंगना रनौत ने कहा था कि यदि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व मजबूत नहीं रहता, तो किसान आंदोलन के दौरान पंजाब को भी बांग्लादेश बना दिया जाता। किसान नेताओं ने उनके बयान को लेकर गुस्सा जताया था और भाजपा से उनके ऊपर कार्रवाई की मांग की थी। कंगना के इस बयान से हरियाणा , पंजाब में किसानों में नाराजगी बढ़ने लगी है। इसका असर हरियाणा विधानसभा चुनाव में पड़ने के आसार से सहमी भाजपा ने कंगना के इस बयान से पल्ला झाड़ लिया। आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि किसान आंदोलन के संदर्भ में कंगना रनौत का बयान पार्टी की राय नहीं है। भाजपा कंगना रनौत द्वारा दिए गए बयान से असहमत है। पार्टी की ओर से कंगना रनौत को पार्टी नीतिगत मुद्दे पर बयान देने की न तो अनुमति है और न ही वह इसके लिए अधिकृत हैं। भाजपा के केंद्रीय मीडिया विभाग की ओर से लिखा गया है कि पार्टी ने सांसद कंगना रनौत को निर्देश दिए हैं कि वह इस प्रकार का कोई बयान भविष्य में ना दें। बीजेपी सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के तहत काम करने वाली पार्टी है।



इधर, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, कंगना का बयान पार्टी का मत नहीं है तो उसे पार्टी से निकालिए, कंगना से कहिए किसानों से हाथ जोड़कर माफी मांगें, बीजेपी खुद किसानों से माफी मांगे, अन्नदाताओं के लिए यह शब्द अपमान नहीं देशद्रोह है।

## केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पांच नए जिले बनाए जाएंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में केंद्र सरकार पांच नए जिले बनाएगी।



इस बात की जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स से एक पोस्ट शेयर किया। अमित शाह ने लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित और समृद्ध लद्दाख के निर्माण के दृष्टिकोण के तहत गृह मंत्रालय ने केंद्र शासित प्रदेश में पांच नए जिले बनाने का निर्णय लिया है। अमित शाह ने पोस्ट के माध्यम से पांच नए जिलों के नाम भी बताए। जिसमें जांस्कर, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग शामिल हैं। अमित शाह ने कहा, हर गली-मोहल्ले में शासन को मजबूत कर लोगों के लिए लाभ को उनके दरवाजे तक पहुंचाएंगे। मोदी सरकार लद्दाख के लोगों के लिए प्रचुर अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें कि साल 2019 से पहले लद्दाख जम्मू-कश्मीर का हिस्सा था। लेकिन, 2019 में परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर से अलग होकर लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना। यहां दो जिले हैं, लेह और कारगिल।

# एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** कॉमर्स का अर्थ होता है-'व्यापार या व्यवसाय'। कॉमर्स स्ट्रीम को दसवीं पास करने के बाद चुना जाता है। आप में से कई सारे बच्चों की रुचि व्यवसाय में होती है यह उन सभी बच्चों के लिए एकदम सही करियर विकल्प साबित हो सकता है। इसमें आपको व्यवसाय के बारे में पढ़ाया जाता है जो विद्यार्थी अपना भविष्य बैंकिंग सेक्टर में देखते हैं या वे विद्यार्थी जिनकी गणित में पकड़ बहुत अच्छी है उन सभी के लिए यह एक बेहतरीन स जेक्ट है। कॉमर्स लेने के बाद आपको 11वीं और 12वीं में बिजनेस से जुड़े स जेक्ट पढ़ने होते हैं जिसमें मुख्यत: व्यवसाय अध्ययन, अर्थशास्त्र, लेखा, अर्थशास्त्र और इंग्लिश शामिल हैं। इन विषयों के अलावा, कुछ वैकल्पिक विषय, सूचना विज्ञान अभ्यास, गणित और शारीरिक शिक्षा शामिल हैं। इसके बाद आप 12th पास कर अपने कॉलेज की पढ़ाई के लिए आवेदन कर सकते हैं जिसमें आपको कई तरह के कोर्सेज करने को मिलते हैं। कुछ मुख्य कोर्सेज निम्नलिखित है।

- **वाणिज्य स्नातक (बी.कॉम) :** बैचलर ऑफ कॉमर्स ( बी.कॉम ) प्रोग्राम उन छात्रों के लिए एक क्लासिक विकल्प है जो वाणिज्य और अर्थशास्त्र के मूल सिद्धांतों में गहराई से उतरना चाहते हैं। यह अकाउंटिंग, फाइनेंस, टैक्सेशन और अन्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान करता है। बी.कॉम आगे की पढ़ाई के लिए एक कदम हो सकता है या अकाउंटिंग, बैंकिंग और फाइनेंस जैसे क्षेत्रों में नौकरी के अवसर प्रदान कर सकता है।
- **चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) :** चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना एक प्रतिष्ठित और फायदेमंद करियर विकल्प है। सीए एक पेशेवर कोर्स है जो इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा प्रदान किया जाता है। इसमें आर्टिकलशिप प्रशिक्षण और विभिन्न परीक्षाएँ शामिल हैं, और ऑडिटिंग, कराधान और वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्रों में सीए पेशेवरों की बहुत माँग है।
- **कंपनी सचिव (सीएस) :** कंपनी सचिव यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होता है कि कंपनी सभी कानूनी और वित्तीय नियमों का पालन करती है। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान सीएस कार्यक्रम प्रदान करता है। यह कॉर्पोरेट प्रशासन, कानूनी अनुपालन और कंपनी प्रशासन भूमिकाओं के लिए दरवाजे खोलता है।
- **लागत और प्रबंधन लेखा (सीएमए) :** लागत और प्रबंधन लेखाकार लागत लेखांकन, वित्तीय प्रबंधन और कॉर्पोरेट रणनीति में विशेषज्ञ होते हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया प्रोग्राम प्रदान करता है। संगठनों के भीतर वित्तीय नियोजन और विश्लेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- **बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) :** बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है जो छात्रों को व्यवसाय प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराता है। इसमें मार्केटिंग, मानव संसाधन, वित्त और उद्यमिता जैसे विषय शामिल हैं, जो इसे कॉर्पोरेट जगत में रुचि रखने वालों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनाता है।
- **अर्थशास्त्र स्नातक (बी.इकॉन) :** अर्थशास्त्र में गहरी रुचि रखने वाले छात्रों के लिए, अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्री हासिल करना एक बुद्धिमानी भरा विकल्प हो सकता है। यह कार्यक्रम आर्थिक सिद्धांत, नीति विश्लेषण और सांख्यिकीय विधियों पर गहन अध्ययन करता है, तथा छात्रों को आर्थिक अनुसंधान, वित्तीय विश्लेषण और सरकारी संगठनों में करियर के लिए तैयार करता है।
- **बैचलर ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (बीबीएम) :** बीबीएम एक और स्नातक कार्यक्रम है जो व्यवसाय प्रबंधन पर केंद्रित है। यह छात्रों को नेतृत्व, निर्णय लेने और संगठनात्मक प्रबंधन में कौशल प्रदान करता है। स्नातक व्यवसाय विकास, विपणन और प्रशासन में कैरियर के अवसरों का पता लगा सकते हैं।
- **वित्त और निवेश विश्लेषण स्नातक (बीएफआईए) :** बीएफआईए उन लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है जो वित्त और निवेश क्षेत्र में काम करना चाहते हैं। यह कार्यक्रम वित्तीय बाजारों, निवेश रणनीतियों और जोखिम प्रबंधन को कवर करता है। यह निवेश बैंकिंग, वित्तीय विश्लेषण और शेयर बाजार ट्रेडिंग में करियर की ओर ले जा सकता है।
- **बैचलर ऑफ फाइनेंशियल मार्केट्स (बीएफएम) :** बीएफएम एक विशेष कार्यक्रम है जो वित्तीय बाजारों, प्रतिभूति व्यापार और निवेश प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करता है। स्नातक बैंकिंग, निवेश कंपनियों और वित्तीय सलाहकार सेवाओं में करियर के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।
- **बैंकिंग और बीमा स्नातक (बीबीआई) :** बीबीआई बैंकिंग और बीमा क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए तैयार किया गया है। यह बैंकिंग संचालन, जोखिम प्रबंधन और बीमा पॉलिसियों की गहन समझ प्रदान करता है। स्नातक बैंकों, बीमा कंपनियों और वित्तीय परामर्शदाताओं में रोजगार पा सकते हैं।
- **लेखा और वित्त में वाणिज्य स्नातक (बीएएफ) :** बीएफए एक विशेष कार्यक्रम है जो लेखांकन और वित्त को जोड़ता है। इसमें वित्तीय नियोजन, कराधान और निवेश प्रबंधन जैसे विषय शामिल हैं। स्नातक लेखांकन फर्मों, वित्तीय परामर्श और कॉर्पोरेट वित्त में करियर बना सकते हैं।

# कॉमर्स में इन विषयों की होती है पढ़ाई



### कॉमर्स के बाद जॉब्स

- चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए)
- मार्केटिंग मैनेजर
- इन्वेस्टमेंट बैंकर
- ह्यूमन रिसोर्स मैनेजर
- चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट
- सर्टिफाइड पब्लिक एकाउंटेंट (सीपीए)
- कॉस्ट एकाउंटेंट
- बिजनेस एकाउंटेंट और कराधान
- रिटेल मैनेजर
- कंपनी सेक्रेटरी
- परस्नल फाइनेंशियल एडवाईज़र
- रिसर्च एनालिस्ट
- एंटरप्रेन्योर
- चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिस(सीईओ)

### बैंकिंग और बीमा में वाणिज्य स्नातक (बीबीआई)

बीबीआई एक अनूठा कार्यक्रम है जो बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों पर केंद्रित है। इसमें बैंकिंग संचालन, बीमा पॉलिसियों और वित्तीय प्रबंधन से संबंधित विषय शामिल हैं। स्नातक बैंकों, बीमा कंपनियों और वित्तीय सलाहकार फर्मों में भूमिकाओं के लिए उपयुक्त हैं।

**कराधान में वाणिज्य स्नातक (बी.कॉम – कराधान) :** कराधान में विशेषज्ञता के साथ बी.कॉम, कराधान कानून, अनुपालन और सलाहकार सेवाओं में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए एक आदर्श विकल्प है। यह कर विनियमों की गहरी समझ प्रदान करता है और कर सलाहकार, कर विश्लेषक या कर सलाहकार फर्मों के रूप में करियर के द्वार खोलता है।

**कंप्यूटर एप्लीकेशन में वाणिज्य स्नातक (बी.कॉम – सीए) :** डिजिटल युग में, कंप्यूटर अनुप्रयोगों में दक्षता आवश्यक है। बी.कॉम – सीए वाणिज्य को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग और अनुप्रयोगों के साथ जोड़ता है। स्नातक वित्त से संबंधित सॉफ्टवेयर विकास और आईटी परामर्श में अवसर पा सकते हैं।

**ई-कॉमर्स में वाणिज्य स्नातक (बी.कॉम – ई-कॉमर्स) :** ऑनलाइन व्यवसायों के विकास के साथ, ई-कॉमर्स में बी.कॉम एक प्रासंगिक विकल्प है। इसमें डिजिटल मार्केटिंग, ई-कॉमर्स रणनीति और ऑनलाइन व्यवसाय प्रबंधन जैसे विषय शामिल हैं। स्नातक ई-कॉमर्स कंपनियों, ऑनलाइन मार्केटिंग और वेब डेवलपमेंट में करियर तलाश सकते हैं।

**उद्यमिता में वाणिज्य स्नातक (बी.कॉम – उद्यमिता) :** उद्यमिता उन लोगों के लिए एक लोकप्रिय कैरियर विकल्प है जो अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने की इच्छा रखते हैं। बी.कॉम - उद्यमिता छात्रों को व्यवसाय नियोजन, स्टार्टअप और उद्यमशीलता कौशल के बारे में ज्ञान प्रदान करता है। स्नातक सफल उद्यमी बन सकते हैं या स्टार्टअप इकोसिस्टम में काम कर सकते हैं।

**रिटेल मैनेजमेंट में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन स्नातक (बीबीए - रिटेल मैनेजमेंट) :** खुदरा उद्योग बहुत बड़ा है, और खुदरा प्रबंधन में बीबीए छात्रों को खुदरा संचालन, इन्वेंट्री प्रबंधन और ग्राहक सेवा की पेचीदगियों में प्रशिक्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। स्नातक खुदरा श्रृंखलाओं, शॉपिंग मॉल और ऑनलाइन खुदरा प्लेटफ़ॉर्म में करियर पा सकते हैं।

**बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (बीएचएम) :** आतिथ्य उद्योग में रुचि रखने वालों के लिए, BHM एक उपयुक्त विकल्प है। यह होटल संचालन, ग्राहक सेवा और आतिथ्य प्रबंधन में प्रशिक्षण प्रदान करता है। स्नातक होटल, रिसॉर्ट, क्रूज जहाजों और इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों में करियर बना सकते हैं।

**इवेंट मैनेजमेंट :** इवेंट मैनेजमेंट एक उभरता हुआ क्षेत्र है जिसमें शादी, सम्मेलन और कॉर्पोरेट मीटिंग जैसे विभिन्न आयोजनों की योजना बनाना और उनका आयोजन करना शामिल है। इवेंट मैनेजमेंट में सर्टिफिकेशन कोर्स करने से इवेंट प्लानर या मैनेजर के तौर पर करियर बनाया जा सकता है।

**डिजिटल मार्केटिंग :** व्यवसायों की बढ़ती ऑनलाइन उपस्थिति के कारण डिजिटल मार्केटिंग ने बहुत लोकप्रियता हासिल की है। डिजिटल मार्केटिंग में सर्टिफिकेशन कोर्स करने से ऑनलाइन मार्केटिंग, सोशल मीडिया मैनेजमेंट और सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन में करियर के अवसर खुल सकते हैं।

## आईपी यूनिवर्सिटी के बी. आर्क प्रोग्राम की ओपन हाउस काउंसलिंग 28 अगस्त को

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के बी. आर्क प्रोग्राम ( कोड 100 ) की ओपन हाउस काउंसलिंग ऑफलाइन मोड में 28 अगस्त को द्वारका कैम्पस में आयोजित की जाएगी। यूनिवर्सिटी ने सोमवार को आधिकारिक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस प्रोग्राम के लिए आवेदन करने वालों के नाटा और क्वालीफाइंग एग्जाम के स्कोर के आधार पर एक मेधा सूची यूनिवर्सिटी के वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस मेधा सूची के आधार पर ही काउंसलिंग की जाएगी। आवेदक को अपने साथ यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के नाम से निर्गत 98,000 रुपये का बैंक ड्राफ्ट, चार पासपोर्ट आकार के फोटो, मेधा सूची, नाटा का एडमिट एवं स्कोर कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, इत्यादि काउंसलिंग के दिन साथ लाना है। उसी दिन दस्तावेज सत्यापन के बाद सीट आवंटन कर दिया जाएगा। यह प्रोग्राम यूनिवर्सिटी स्कूल औफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग के अलावा पांच अन्य संबद्ध इन्स्टीटूट में उपलब्ध है। कुल सीटें 320 हैं।